www.navpradesh.com

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, रविवार, 12 अप्रैल 2026 | कृष्ण पक्ष-दसमी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 63 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बोर्ड की उत्तरपुस्तिका में हनुमान चालीसा, पास करने की गुहार, छात्रा ने लिखा- गरीब बेटी की शादी है, 33 नंबर देकर आशीर्वाद दें

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियां चेक हो चुकी है। बस अब परिणाम का इंतजार है। आंसरशीट की जांच के दौरान पता चला है कि कुछ स्टूडेंट्स ने आंसर की जगह अजीबो-गरीब अपीलें और इमोशनल मैसेज भी लिखा है। एक छात्र ने पूरा हनुमान चालीसा लिखकर कहा कि अगर आप हनुमानजी के भक्त हैं, तो पास कर दीजिए। वहीं एक छात्रा ने लिखा कि गरीब बेटी की शादी तय है, 33 अंक देकर कन्या को आशीर्वाद देने की कृपा करें। कुछ छात्रों ने भावनात्मक अपील को और आगे बढ़ाते हुए धार्मिक सहारा भी लिया। कॉपियों में सवालों के जवाब की जगह इस तरह के मैसेज लिखे मिलने से शिक्षक भी हैरान रह गए।

- **10वीं में 3 लाख 23 हजार 687 छात्र-छात्राएं**
- **12वीं में 2 लाख 46 हजार 862 छात्र-छात्राएं**

2,66,173 कॉपियों की जांच

जानकारी के अनुसार, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की कुल 2,66,173 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो चुका है। हालांकि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार ऐसी अपीलों की संख्या कम रही, लेकिन जो भी सामने आई, उन्होंने सभी का ध्यान खींचा। नाम न बताने की शर्त पर माशिमं के अफसर ने ये जानकारी शेयर की है।

अजीबो-गरीब अपीलों से जांचकर्ता भी हैरान

एक छात्रा ने लिखा है कि गरीब बेटी की शादी तय हो गई है, 33 अंक देकर कन्या को आशीर्वाद देने की कृपा करें। एक और छात्रा ने अपनी कॉपी में लिखा है कि सर मेरी शादी होने वाली है, अगर मैं फेल हो गई तो शादी नहीं होगी, कृपया पास कर दीजिए। एक छात्र ने पूरा हनुमान चालीसा लिख दिया और कहा कि अगर आप हनुमानजी के भक्त हैं, तो पास कर दीजिए। जबकि, दूसरे छात्र ने परिवार की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए पास करने की अपील की। किसी ने लिखा कि वह नीट की तैयारी में व्यस्त था, इसलिए बोर्ड परीक्षा की तैयारी नहीं कर सका, इसलिए पास कर दिया जाए।

5.69 लाख परीक्षार्थी

इस सत्र में 10वीं में 3 लाख 23 हजार 687 और 12वीं में 2 लाख 46 हजार 862 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हुए थे। खास बात यह रही कि, दोनों ही कक्षाओं में छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक रही। हाईस्कूल में 33,892 और हायर सेकेंडरी में 36 हजार से ज्यादा छात्राएं अधिक रहीं।

आज बेबाक

बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना की तर्ज पर पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान में सीजफायर कराने का झूठा श्रेय तो लूट लिया लेकिन दोनों के बीच शांति वार्ता कराने की जिम्मेदारी लेकर फंस गया। उसने दस्तरखान बिछाकर दोनों को दावत दे दी लेकिन ईरान ने बेरूखी दिखाकर उसके गले में हड्डी फंसा दी है। यदि वार्ता हुई और खुदा न खास्ता बेनतीजा निकली तो अमेरिका और ईरान दोनों उसका कीमा कूट देंगे। इजराइल तो पहले ही पाकिस्तान की तिक्का बोटी एक करने उधार खाए बैठा है।इसे ही कहते हैं खाए पिये कुछ नहीं गिलास फोड़े डेढ़ रुपये।

ईरान-अमेरिका आमने-सामनेः इस्लामाबाद वार्ता का पहला दौर खत्म, क्या रुकेगा मिडिल ईस्ट तनाव?

ईरान-अमेरिका के बीच सीजफायर वार्ता

इस्लामाबाद/ए.। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू हो गया है। पहला राउंड 2 घंटे तक चला था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की। इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की।

अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। यह मीटिंग कल भी जारी रह सकती है। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दुनिया के लिए क्यों अहम है होर्मुज स्ट्रेट

होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक तेल आपूर्ति का एक अहम समुद्री मार्ग है। दुनिया का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से तेल परिवहन पर निर्भर है। ऐसे में यहां किसी भी तरह का शुल्क या तनाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर डाल सकता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि स्थिति बिगड़ती है तो इसका असर अंतरराष्ट्रीय व्यापार और तेल बाजार पर भी पड़ सकता है। हाल में युद्ध की वजह से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा को लेकर हाहाकार मच गया था।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर भी साधा निशाना

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म Truth Social पर पोस्ट करते हुए ईरान की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों का इस्तेमाल दबाव बनाने के लिए करना चाहता है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने अब तक संयम बरता है ताकि बातचीत जारी रह सके, लेकिन जरूरत पड़ने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। जल मार्ग पर ईरान की कब्जा बर्दाश्त नहीं है।

ट्रम्प बोले- खाली तेल टैंकर अमेरिका आ रहे, यहां से तेल-गैस भरेंगे

राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि इस समय कई बड़े-बड़े खाली तेल टैंकर अमेरिका की तरफआ रहे हैं। ये टैंकर यहां पहुंचकर तेल और गैस भरेंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि दुनिया के कुछ सबसे बड़े टैंकर पूरी तरह खाली हैं और अमेरिका आ रहे हैं ताकि यहां से तेल लिया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के पास बहुत ज्यादा और अच्छी क्वालिटी का तेल मौजूद है।

ईरान जिंदा है तो सिर्फ बातचीत के लिए, होर्मुज तो खुलकर रहेगा: ट्रंप

वॉशिंगटन/तेहरान (ए.)। मध्य पूर्व में एक बार फिर तनाव बढ़ता दिख रहा है। डोनल्ड ट्रंप ने

शनिवार को साफ कर दिया कि अमेरिका, ईरान को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर किसी भी तरह का टोल लगाने की अनुमति नहीं देगा। ट्रंप ने कहा कि यह एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है और यहां ट्रांजिट शुल्क लगाना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं, हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। यह अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र है। दरअसल, ईरान की ओर से कथित तौर पर होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव सामने आया है।

'हिंसा की जांच के लिए बनेगा आयोग, बाहर होंगे घुसपैठिए'

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार, 11 अप्रैल को ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। पूर्व बर्धमान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल में भाजपा को मिल रहे जनसमर्थन को देखकर टीएमसी 'पैनिक मोड' (घबराहट) में आ गई है। उन्होंने वादा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर राज्य की कानून-व्यवस्था में बड़ा सुधार किया जाएगा और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ लहजे में कहा कि भाजपा सत्ता में आते ही पश्चिम बंगाल से सभी अवैध घुसपैठियों को बाहर निकालेगी। उन्होंने उन लोगों पर भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी जिन्होंने इन घुसपैठियों को शरण दी और यहाँ बसने में उनकी मदद की। पीएम ने जोर देकर कहा कि आज दुनिया के विकसित देश भी अवैध घुसपैठ के खिलाफ हैं, तो बंगाल में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की योजनाओं को लेकर पीएम मोदी ने जनता को आश्वस्त किया। उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भ्रष्टाचार और हिंसा पर आएगा 'व्हाइट पेपर'

पीएम मोदी ने घोषणा की कि बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार और खराब कानून-व्यवस्था पर एक 'व्हाइट पेपर' जारी किया जाएगा। इसके जरिए टीएमसी के हर उस गुंडे, सिंडिकेट और भ्रष्ट विधायक या मंत्री की जवाबदेही तय की जाएगी जिन्होंने जनता का पैसा लूटा है। साथ ही, राज्य में हुई राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक जांच आयोग का गठन किया जाएगा।

मणिपुर में बंगाल के बीएसएफ जवान की गोली मारकर हत्या

इंफाल/ए.। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के एक कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक कांस्टेबल मिथुन मंडल को शाम करीब 4:30 बजे गोली लगी। गोली लगने के बाद उन्हें तुरंत इंफाल के अस्पताल ले जाया गया, जहां शाम करीब 6 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि मिथुन मंडल पश्चिम बंगाल के भगजन टोला गांव के रहने वाले थे और 170 बटालियन बीएसएफ में तैनात थे।

दिल्ली में 50 हजार की इनामी महिला ड्रग तस्कर अरेस्ट

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली पुलिस ने शाहदरा से 'ड्रग्स क्वीन' के नाम से मशहूर कुसुम को अरेस्ट किया। उस पर 50 हजार रुपए का इनाम था। शाहदरा पुलिस के मुताबिक, वह दो महीने से कुसुम की तलाश कर रही थी और गुरुवार को जब वह शाहदरा आई, तो पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मीडिया को जानकारी शनिवार को दी। इसे अरेस्ट करने के लिए पुलिस ने 200 से अधिक सीसीटीवी और 100 से ज्यादा मोबाइल फोन के कॉल रिकॉर्ड तलाशे। कुसुम पर 2003 से 2024 के बीच एनडीपीएस एक्ट (ड्रग्स से जुड़े मामलों) के तहत 11 केस दर्ज हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि कुसुम लगातार ठिकाने बदलती रहती थी।

छत्तीसगढ़-ओडिशा के बीच 44 साल पुराना जल विवाद, 2027 में सुलझने की उम्मीद

महानदी जल बंटवारा विवादः ट्रिब्यूनल का कार्यकाल 9 महीने बढ़ा

■ 1983 में शुरू हुआ विवाद, 2016 में और बढ़ा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच पिछले 44 साल से महानदी जल के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। अब केंद्र सरकार ने महानदी जल विवाद ट्रिब्यून का कार्यकाल 9 महीने बढ़ाते हुए 13 जनवरी 2027 तक कर दिया है। अब सभी की नजरें 2027 की शुरुआत पर टिकी हैं, जब इस पर बहुप्रतीक्षित फैसला सामने आ सकता है।

दरअसल, इस विवाद की शुरुआत 1983 में हुई थी, जब छत्तीसगढ़ अलग राज्य नहीं था। यह मामला मध्य प्रदेश और ओडिशा के बीच था। समय के साथ कई नीतियां और समझौते बने, लेकिन उनका प्रभावी पालन नहीं हो सका। विवाद 2016 में और बढ़ गया, जब ओडिशा सरकार ने केंद्र से हस्तक्षेप की मांग करते हुए अंतरराज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम 1956 के तहत शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद 12 मार्च ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बातचीत विफल, तब बना न्यायाधिकरण

केंद्र सरकार ने पहले बातचीत के जरिए समाधान निकालने के लिए एक नेगोशिएशन कमेटी बनाई थी, जिसने मई 2017 में रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में बताया गया कि ओडिशा की भागीदारी नहीं होने के कारण सहमति नहीं बन सकी और विवाद बातचीत से सुलझना संभव नहीं है। इसके बाद ट्रिब्यूनल गठन का रास्ता साफ हुआ।

कामकाज में आई रुकावटें

ट्रिब्यूनल की प्रक्रिया कई बार बाधित हुई। कोरम की कमी, प्रशासनिक कारणों और पूर्व अध्यक्ष ए. एम. खानविलकर के इस्तीफे से काम प्रभावित हुआ। इसके अलावा कोविड-19 महामारी के चलते भी सुनवाई और जांच प्रक्रिया में देरी हुई, जिसके कारण समय-सीमा बार-बार बढ़ानी पड़ी।

ट्रिब्यूनल ने किया ग्राउंड सर्वे

इस विवाद की जांच के लिए ट्रिब्यूनल की टीम ने दो चरणों में रायपुर, बिलासपुर और कोरबा जिलों का दौरा किया था। इस दौरान महानदी और हसदेव नदी पर बनी जल परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ और ओडिशा के अधिकारियों से विस्तृत डेटा और तकनीकी जानकारी भी ली गई, ताकि वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके।

अर्थव्यवस्था और जीवन से जुड़ा मामला

महानदी दोनों राज्यों के लिए जीवनरेखा है। छत्तीसगढ़ में इसे 'लाइफलाइन' कहा जाता है। वहीं ओडिशा में सिंचाई, बिजली उत्पादन और उद्योग इसके पानी पर निर्भर हैं। ऐसे में ट्रिब्यूनल का फैसला सिर्फ कानूनी नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण होगा।

लखनऊ में दुबई से आ रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ/ए.। लखनऊ एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह दुबई से काठमांडू जा रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। काठमांडू में मौसम खराब होने पर वहां लैंडिंग की परमिशन नहीं मिली। उसके बाद पायलट ने लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को कॉल किया और लैंडिंग की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने के बाद विमान को सुबह 8:22 बजे अमौसी एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।

हैदराबाद में खूंखार बटालियन कमांडर का सरेंडर

नक्सल मुक्त हुआ बस्तर!

जगदलपुर/नवप्रदेश। 10 अप्रैल को हैदराबाद में हुए नक्सलियों के बड़े सरेंडर के बाद अब पीएलजीए और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का कोई भी बड़ा सदस्य नहीं बचा है। नक्सल बटालियन के आखिरी सदस्य कमांडर सोढ़ी केशा ने भी अपने साथियों के साथ सरेंडर कर दिया और मुख्यधारा में लौट आएं हैं। इस सरेंडर के बाद नक्सलवाद की घातक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नक्सलियों को बस्तर आईजी ने दिया अंतिम मौका

बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने स्पष्ट किया है कि कल हैदराबाद में हुए सरेंडर के बाद से ही दंडकारण्य क्षेत्र अब पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो गया है। इलाके में सक्रिय रहे लगभग सभी नक्सल सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आईजी ने कहा कि अब केवल बीजापुर कांकेर, सुकमा और नारायणपुर के कुछ इलाकों में थोड़े बहुत नक्सली कैडर बचे हुए हैं। आईजी ने सभी बचे हुए कैडर को समर्पण के लिए अंतिम मौका दिया है।

मोंटफोर्ट और बिरला स्कूल को डीईओ का नोटिस

खबर का असर

■ मनमाना फीस वसूली, महंगी किताबें खरीदने के लिए बाध्य करने पर लगेगा जुर्माना

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिला शिक्षा अधिकारी ने 2 बड़े निजी स्कूल मोंट फोर्ट स्कूल और बिरला ओपन माइंड अंतर्राष्ट्रीय स्कूल को नोटिस जारी कर भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है। ये स्कूलों पर निजी प्रकाशकों की मंहगी किताबें-कॉपियों का बंडल खरीदने के लिए बाध्य करने, मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने और सीबीएसई नियमों का उल्लंघन करने का गंभीर आरोप है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

सरगुजा में निजी स्कूलों की तरफ से मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने, निजी प्रकाशकों की मंहगी किताबें और ड्रेस कुछ निश्चित दुकानों से खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य करने समेत कई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

डीईओ ने थमाया नोटिस, मांगा जवाब

डीईओ ने मोंट फोर्ट स्कूल प्रबंधन को नोटिस भेजा है। जिसमें बताया गया है कि अभिभावकों की शिकायत की जांच के लिए एसडीएम ने स्कूल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पैरेंट्स मिटिंग में अभिभावकों ने मनमानी के कई आरोप लगाए थे। स्कूल में कक्षा पहली से 8वीं तक निजी प्रकाशकों की मंहगी किताबें चलाई जा रही हैं। सभी किताबें और कॉपियां आशा बुक डिपो और राणा ब्रदर्स से बंडल बनाकर ही खरीदने अभिभावकों को कहा गया। पालकों पर पुस्तक लेने का दबाव बनाया।

गरमा-गरम

जनभागीदारी से संरक्षणः ज्ञान की विरासत को डिजिटल युग में सुरक्षित करने का संकल्प

पांडुलिपियां हमारी पहचान-हमारा गर्व, संरक्षण के लिए आगे आएंः साय

■ डिजिटल युग में सुरक्षित होगी हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा, जनसहभागिता से बढ़ेगा अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों से छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन ज्ञान परंपरा के संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि हमारी पांडुलिपियां हमारी सभ्यता, संस्कृति और ज्ञान-वैभव का जीवंत प्रमाण हैं, जिन्हें सुरक्षित रखकर भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया 'ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान' इस दिशा में एक दूरदर्शी और महत्वपूर्ण पहल है। यह अभियान देशभर में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कर उन्हें सुरक्षित, संरक्षित और डिजिटल माध्यम से सुलभ बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रदेश के नागरिकों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जिला स्तरीय समिति का गठन

छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से 26 जिलों में जिला स्तरीय समिति का गठन और नोडल अधिकारी की नियुक्ति हो गई है, शेष 07 जिलों में गठन / नियुक्ति की कार्यवाही की जा रही है। जिलों में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित कर पाण्डुलिपि संग्रह कर्ता व्यक्तियों / संस्थाओं को चिन्हित किया जा रहा है, तथा ग्राम/क्षेत्रवार सर्वेक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। प्रशिक्षकों को नोडल विभाग (संस्कृति

विभाग) द्वारा ज्ञानभारतम के क्षेत्रीय संयोजकों के साथ मिलकर जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में 148 पांडुलिपियां की जानकारी

ज्ञानभारतम भारत सरकार से छत्तीसगढ़ में 148 पांडुलिपियों की जानकारी प्राप्त हुई थी। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से 06 जिलों में पाण्डुलिपि सर्वेक्षण का कार्य आरम्भ हो गया है और अब तक 4191 पांडुलिपियों का सर्वे ज्ञानभारतम एप के माध्यम से किया जा चुका है।

रीलबाज पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल आई एम वेटिंग ब्रो, कमेंट से बढ़ा विवाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में वर्दी में सोशल मीडिया रील बनाने का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। एसएसपी की सख्ती के बावजूद एक आरक्षक का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह पत्नी के साथ वर्दी में रील बनाते नजर आ रहा है। इस पर सोशल मीडिया यूजर्स की तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं और पुलिस विभाग के अनुशासन पर सवाल उठने लगे हैं।

बताया जा रहा है कि संबंधित आरक्षक की इंस्टाग्राम आईडी से वर्दी में पत्नी के साथ बनाए गए आधा दर्जन से अधिक वीडियो सामने आए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कमेंट पर जवाब बना चर्चा का केंद्र

वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'अब आपकी बारी है।' इस पर आरक्षक ने जवाब दिया, आईएम वेटिंग ब्रो इस जवाब के बाद मामला और गरमा गया है। इसे कार्रवाई की चुनौती या इंतजार के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि वीडियो कब का है, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

वनांचल ग्राम तुमड़ीबाहर में कोसा धागाकरण प्रशिक्षण का शुभारंभ

■ महिलाओं को मिलेगा रोजगार के नए अवसर

नगरी/ नवप्रदेश। जिला खनिज न्यास धमतरी के आर्थिक सहयोग एवं तकनीकी सहयोग के रूप में कार्यरत खोज संस्था के संयुक्त प्रयास से विकासखंड नगरी के वनांचल ग्राम तुमड़ीबाहर में ग्रामोद्योग विभाग (रेशम विभाग) द्वारा कोसा धागाकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दो ग्रामों से चयनित कुल 40 हितग्राहियों (प्रत्येक ग्राम से 20-20) को 09 अप्रैल 2026 से 08 मई 2026 तक कोसा धागाकरण का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को कोसा उत्पादन एवं धागा निर्माण की तकनीकी जानकारी दी जाएगी, जिससे वे भविष्य में आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि वन प्रबंधन समिति के गठन के पश्चात जब ग्राम की महिलाओं को सामुदायिक वन अधिकार प्राप्त हुआ, तब जंगल भ्रमण के दौरान उन्हें कोसा फसल की उपलब्धता का पता चला। इस महत्वपूर्ण जानकारी को महिलाओं द्वारा जिला कलेक्टर श्री अविनाश मिश्रा को अवगत कराया गया। महिलाओं की इस पहल और जागरूकता को देखते हुए प्रशासन द्वारा उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जनपद सदस्य श्रीधन सोम, ग्राम पंचायत ठेनही के सभापति दिनेश यादव, ग्राम सभा सदस्य गजानंद अहीर, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रकाश ओटी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। खोज संस्था से बेनीपुरी गोस्वामी, मीनाक्षी यादव एवं अजय कुंजाम ने भी कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।इसके साथ ही वन प्रबंधन समिति की सचिव प्रियंका साहू, पार्वती नेताम, होमेश्वरी ध्रुव, कृषि सखी मिश्री देवी सहित बड़ी संख्या में महिला प्रशिक्षणार्थी—बालिका मरकाम, संगीता, तेजमती, राधिका, महेश्वरी, दमयंती, पद्मिनी, पूर्णिमा, तारामती, रूपा, संतोषी यादव, भुवनेश्वरी, सविता ध्रुव, यमुना ध्रुव, लेखनी ध्रुव, रुक्मणी ध्रुव, मनेष ध्रुव, परमेश्वरी भंडारी, रेवती ध्रुव— उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, बल्कि वन संपदा के संरक्षण एवं उसके सतत उपयोग को भी बढ़ावा देगा। साथ ही इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई।अंत में ग्राम के गणमान्य नागरिकों एवं प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया।

हितेश्वरी बाघे ने पदभार संभालते ही दिया आवश्यक दिशा निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के मैनपुर अनुविभाग में नव पदस्थ सुश्री हितेश्वरी बाघे ने आज कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया गरियाबंद कलेक्टर द्वारा 06ण्04ण्2026 को प्रशासकीय कार्य सुविधा के दृष्टिगत सुश्री हितेश्वरी बाघे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद को वर्तमान दायित्वो के साथ .साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है और मैनपुर मे औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण करते ही नवनियुक्त ैक्ड हितेश्वरी बाघे ने तहसीलदारए आरआईए पटवारी एवं राजस्व अमला का बैठक लेकर उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए राजस्व प्रकरणो का तत्काल निराकरण करने जातिए आयए निवास प्रमाण पत्र के साथ यहां पहुंचने वाले लोगो को कोई परेशानी न हो इसके लिए दिशा निर्देश दिया है।

न्यूज गैलरी

नरतोरा में श्रीमद् भागवत कथा भक्ति और आस्था का भव्य संगम

महासमुंद / नवप्रदेश। ग्राम नरतोरा में पटेल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पावन अवसर पर कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जहां भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया और उपस्थित ग्रामीणों से आत्मीय संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एकता व सद्भाव के सूत्र में बांधते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन, श्रद्धालुओं की आस्था और भक्तिमय वातावरण ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मयाराम टंडन, राजू दीवान, हेमलाल यादव, ममता चंद्राकर, प्रिंसिपल महेंद्र पटेल, मोहन दुबे सहित समस्त शिक्षकगण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मजबूत बूथ संगठन ही आगामी चुनावों में सफलता की कुंजी: यादव

महासमुंद /नवप्रदेश।। संगठन सृजन अभियान के तहत बूथ कमेटी, पंचायत कमेटी एवं वार्ड कमेटी के गठन की समीक्षा बैठक कांग्रेस भवन महासमुंद में आयोजित की गई। यह बैठक महासमुंद विधानसभा स्तर की थी, जिसमें तीनों ब्लॉकों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ और पंचायत स्तर पर कमेटियों के गठन की प्रगति की समीक्षा करना और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना रहा। जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के निर्देशानुसार सभी जिलों को निर्धारित समय सीमा में बूथ एवं पंचायत स्तर की कमेटियों का गठन पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही आगामी चुनावों में सफलता की कुंजी है। उन्होंने बताया कि महासमुंद जिला वर्तमान में बूथ गठन के मामले में प्रदेश में दूसरे स्थान पर है, जो कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी तरह मेहनत जारी रखने पर जिला जल्द ही प्रथम स्थान हासिल कर सकता है। साथ ही उन्होंने जन समस्याओं के समाधान में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया।बैठक के दौरान कोमाखान ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज सिन्हा और बागबाहरा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष देवनाथ साहू को उनके ब्लॉक में बूथ एवं पंचायत कमेटियों का गठन पूर्ण करने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा तीकेश्वर दारा साहू, मायाराम टंडन और गजाधर धीवर को भी उनके सेक्टर में बेहतर कार्य के लिए सम्मान मिला। अन्य पदाधिकारियों को जल्द से जल्द गठन प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर और पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।इस दौरान अमरजीत चावला ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे 'दलित विरोधी' और 'लोकतंत्र के खिलाफ' बताते हुए निंदा प्रस्ताव पेश किया, जिसे बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया।बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजस्व पखवाड़ा में 371 गांवों में लगे शिविर 2771 में से 2295 आवेदनों का निराकरण

महासमुंद/ नवप्रदेश। जिले में आमजनों की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित राजस्व पखवाड़ा अभियान के तहत 1 अप्रैल से 9 अप्रैल 2026 तक व्यापक स्तर पर शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के कुल 371 ग्रामों में शिविर लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। शिविरों में कुल 2771 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2295 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि 476 आवेदन अभी लंबित हैं। इन शिविरों में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र जैसे विभिन्न राजस्व मामलों का समाधान किया गया। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही दस्तावेजों की जांच कर त्वरित कार्रवाई की गई। राजस्व पखवाड़ा के तहत ग्राम भलेसर और अरंड में आयोजित शिविरों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वामित्व योजना के तहत पट्टों का वितरण किया गया। वहीं ग्राम झलप, खल्लारी, अनसुला, बगारपाली, घोंच और केंदुवा में भी शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों को नामांतरण आदेश, सीमांकन पत्र, ऋण पुस्तिका और नक्शा प्रतिलिपि सहित आवश्यक दस्तावेज वितरित किए गए।शिविरों में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

जीवनदीप समिति की बैठक में नए प्रस्तावों को मिली मंजूरी

स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर जोर

■ नगरी- जीवनदीप समिति की बैठक में स्वास्थ्य

नगरी / नवप्रदेश। अम्बिका मरकाम की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की साधारण सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरी क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने, मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा संस्थागत विकास कार्यों को गति देने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों एवं प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक के दौरान समिति द्वारा पूर्व में स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई। विधायक श्रीमती मरकाम ने निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।

इसके अलावा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार नेताम एवं अस्पताल के अन्य स्टाफ की भी विशेष उपस्थिति रही।

अधिकारियों ने दी विभागीय जानकारी

बैठक में बीएमओ नगरी द्वारा अस्पताल की क्लिनिकल गतिविधियों, मरीजों की संख्या, उपचार व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। वहीं बीपीएम नगरी ने बैठक के एजेंडा का विस्तृत प्रस्तुतीकरण करते हुए आगामी कार्ययोजनाओं की रूपरेखा साझा की।जिसमें जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की रही सक्रिय भागीदारी इस अवसर पर जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा, नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, एसडीएम नगरी प्रीति दुर्गम, नगर पंचायत नगरी के स्वास्थ्य सभापति शंकर देव, विद्युत विभाग के जेई ऋषभ बिसेन, जनपद पंचायत नगरी के पीओ श्री नेताम सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर विशेष फोकस

बैठक में स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, चिकित्सा उपकरणों के उन्नयन, मरीजों की सुविधाओं के विस्तार एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए नए प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। समिति ने जनहित को ध्यान में रखते हुए इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

वित्तीय स्थिति की समीक्षा- जीवनदीप समिति के आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिस पर सदस्यों ने पारदर्शिता बनाए रखने एवं संसाधनों के समुचित उपयोग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गीता पाठ-हवन यज्ञ, भंडारा के साथ भागवत कथा का समापन

कुरूद / नवप्रदेश। श्री नर्मदेश्वर महादेव परिवार कुरूद द्वारा वृंदावन सरोवर में जारी श्री मदभागवत कथा के अंतिम दिवस गीता पाठ , हवन यज्ञ, पूर्णाहुति और भंडारा प्रसादी के साथ भागवत का समापन हुआ।व्यासपीठ से कथावाचक श्री नागेश्वर दुबे जी ने गीता पाठ कर इसका सार सुनाया। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण के अंतिम दिन गीता पाठ, हवन और यज्ञ का विशेष धार्मिक महत्व है। यह आयोजन कथा के मंगलमय समापन और पूर्णाहुति का प्रतीक होता है।

श्री दुबे ने बताया कि समापन दिवस पर गीता के महत्वपूर्ण अध्यायों का पाठ किया जाता है जो कि जीवन का सार और ईश्वर की शरणागति सिखाते हैं। उन्होंने बताया पवित्र धार्मिक गीता का पाठ श्री हरि से हमें जोड़ता है और उनके विचारों का जीवन मे आत्मसात करना सिखाता है। उसका प्रत्येक अध्याय ज्ञान का भंडार और मोक्ष का द्वार है।

इसके उपरांत विधिविधान के साथ हवन यज्ञ की शुरुआत हुई। और स्वाहा स्वाहा की मधुर गूंज के साथ यज्ञ भगवान की आराधना कर पूर्ण आहुति दी गई। श्री दुबे जी ने बताया कि श्री भागवत कथा के ज्ञानार्जन के बाद, हवन के माध्यम से 'पूर्णाहुति' की जाती है, जो अग्नि के माध्यम से परमात्मा को आहुति अर्पित करने और वातावरण को शुद्ध करने का अनुष्ठान है।यह अनुष्ठान आत्मज्ञान, मोक्ष और पारिवारिक सुख-समृद्धि के लिए किया जाता है।इसके उपरांत विधिविधान पूर्वक गौ माता को भोग लगाया गया और श्री हरि की आरती वंदना की गई।

पीएमश्री स्कूलों के शिक्षकों का आईआईटी भिलाई में प्रशिक्षण

नगरी/नवप्रदेश। पीएमश्री स्कूल अंतर्गत अध्यापन कार्य का रहे विज्ञान एवं गणित शिक्षकों का क्षमता निर्माण एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी में पारंगत बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार पीएमश्री छत्तीसगढ़ के 151 विज्ञान शिक्षकों ने आईआईटी भिलाई में प्रशिक्षण प्राप्त किया ज्ञात हो कि भारत सरकार द्वारा संचालित पीएमश्री स्कूल जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। पीएम श्री स्कूल, अन्य स्कूलों के लिए रोल मॉडल होंगे ताकि शिक्षा में समानता और गुणवत्ता लाई जा सके जहाँ डिजिटल लर्निंग, स्मार्ट क्लास, लैब्स, ग्रीन स्कूल, खेल और कौशल शिक्षा जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराया जा रहा है समग्र शिक्षा अर्थात् बच्चों का ज्ञान, कौशल, चरित्र और

मूल्य आधारित विकास करना केवल

परीक्षाआधारित शिक्षा से हटकर प्रयोगात्मक और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देना विद्यार्थियों को समान अवसर ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना। गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को भी बेहतर स्कूलिंग वातावरण देना।

जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य : सिन्हा

■ अशोक सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

धरसीवा / कूंरा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत धरसीवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरौदा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अशोक सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि गांव बस्ती चलो अभियान भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा का जीवंत उदाहरण है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य करते हुए गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुन रही है और उनके समाधान के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस पहल के माध्यम से स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देना, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करना तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना प्रमुख लक्ष्य है। श्री सिन्हा ने सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज गरीबों को पक्का मकान, किसानों को आर्थिक सहायता, युवाओं को रोजगार के अवसर एवं महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का बूथ कमिटी गठन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक

धरसीवां / कूंरा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बूथ कमिटी गठन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। धरसीवां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष वर्मा ने प्रेस को पत्र जारी कर बताया गया है कि इस बैठक में रायपुर ग्रामीण प्रभारी श्री विनोद चंद्राकर जी एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री पप्पू बंजारे जी की विशेष उपस्थिति रहेगी। स्थान: नगर पंचायत कुराँ, साहू भवन, समय: दोपहर 12 बजे,दिनांक: 11 अप्रैल 2026सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से सुनिश्चित किया है कि समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम मे पूर्व विधायकगण, पूर्व सांसदगण, पूर्व जिलाध्यक्षगण, पूर्व ब्लॉक अध्यक्षगण, जिला पंचायत सदस्यगण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षगण, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण,साथ ही मंडल अध्यक्षगण, सेक्टर प्रभारीगण एवं बूथ प्रभारीगण सभी लोगों को उक्त बैठक में उपस्थित होने अनिवार्य बताया गया है ।

आजीविका केंद्रों का निरीक्षण: सीईओ ने दिए गुणवत्ता व रोजगार बढ़ाने के निर्देश

■ लखपति दीदी पहल को गति देने, नरेगा व पीएम आवास कार्यों में समयबद्धता और जल संवर्धन पर विशेष जोर

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने गुरुवार को जिले के विभिन्न आजीविका संवर्धन केंद्रों का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महासमुंद विकासखंड के बिरकोनी एवं कांपा स्थित केंद्रों के साथ ही पिथौरा विकासखंड के बगारपाली आजीविका संवर्धन केंद्र का अवलोकन किया। इस दौरान सीईओ श्री नंदनवार ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने तथा उनके लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने लखपति दीदी पहल के अंतर्गत अधिक से अधिक महिलाओं को आय आधारित गतिविधियों से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के निर्देश दिए।बगारपाली केंद्र में फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण की नई यूनिट, सब्जी बड़ी निर्माण एवं अन्य संचालित गतिविधियों का

निरीक्षण करते हुए उन्होंने इनके सुचारू संचालन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।इसके अलावा सीईओ ने विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत तालाब गहरीकरण, शेड निर्माण सहित अन्य कार्यों की प्रगति पर संतोष जताते हुए उन्हें समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने नरेगा के तहत अधिकाधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने पर बल देते हुए जल संवर्धन के कार्यों—जैसे नए तालाब, डब्ल्यूएटी, एससीटी, सोखता गड्ढा, नाडेप एवं वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन कर शीघ्र स्वीकृति सुनिश्चित करने को कहा।

गुप्त सूचनाओं के आधार पर आबकारी, जुआ-सट्टा, आर्म्स एक्ट सहित कई मामलों में कार्रवाई

संवाद पोर्टल बना असरदार हथियार, 31 मामलों में कार्रवाई

महासमुंद / नवप्रदेश। जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और पब्लिक फ्रेंडली पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महासमुंद पुलिस द्वारा संचालित शिकायत हेल्प डेस्क संवाद व्हाट्सएप पोर्टल प्रभावी मंच के रूप में उभरकर सामने आया है। इस पोर्टल पर प्राप्त सूचनाओं और शिकायतों के आधार पर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, संवाद पोर्टल के माध्यम से अब तक कुल 31 मामलों में कार्रवाई की गई है। इनमें 20 प्रकरण आबकारी एक्ट के तहत दर्ज किए गए, जिनमें 657 लीटर अवैध शराब जब्त की गई तथा 3 ढाबों पर कार्रवाई की गई।

वहीं, 5 मामलों में जुआ एवं सट्टा, 1 प्रकरण गैस सिलेंडर की कालाबाजारी तथा 2 मामलों में अवैध रूप से डीजल संग्रहण पर कार्रवाई की गई है। इन प्रकरणों में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत भी धाराएं जोड़ी गई हैं।

आम जनता के लिए आसान शिकायत का माध्यम

महासमुंद पुलिस ने संवाद हेल्प डेस्क के लिए व्हाट्सएप नंबर 9479229939 जारी किया है, जिस पर आम नागरिक अपने क्षेत्र में हो रही किसी भी अवैध या संदिग्ध गतिविधि की सूचना दे सकते हैं। गुप्त सूचना देने के लिए 1 और शिकायत दर्ज करने के लिए 2 विकल्प उपलब्ध है। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

पुलिस अधीक्षक की अपील-

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संवाद पोर्टल के माध्यम से सूचना देने वाले नागरिकों का आभार जताते हुए जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस व्हाट्सएप नंबर को अपने मोबाइल में सेव करें और आसपास हो रही किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल साझा करें, ताकि अपराध नियंत्रण में जनसहभागिता को और मजबूत किया जा सके।

सोरीद में तीन दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य समापन

■ आयोजन समिति ने किया पारंपरिक स्वागत, रामायण के आदर्शों पर दिया जोर

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम सोरीद में आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा का समापन कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा अतिथि का श्रीराम टोकरी भेंट कर, चंदन एवं गुलाल लगाकर पारंपरिक एवं भव्य स्वागत किया गया। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर अशवंत तुषार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा देने वाला आदर्श ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि रामायण सात कांडों— बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, युद्धकांड और उत्तरकांड—में विभाजित है, जो मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हैं। उन्होंने बताया कि रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि को 'आदिकवि' कहा जाता है।

रायपुर में शाखा संगमः अक्का बोलीं- मातृत्व केवल जन्म नहीं, संपूर्ण जीवनदृष्टि

संगठन शक्ति का भव्य प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्र सेविका समिति द्वारा आयोजित 'शाखा संगम' कार्यक्रम राजधानी रायपुर में भव्य और प्रेरणादायक वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अक्का जी ने 'मातृत्व' विषय पर विस्तृत बौद्धिक प्रस्तुत करते हुए हिन्दू चिंतन की व्यापकता और गहराई को सामने रखा।

मातृत्व केवल जन्म नहीं, जीवनदृष्टिः अक्का जी ने कहा कि हिन्दू संस्कृति में मातृत्व का अर्थ केवल संतान को जन्म देना नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण जीवनदृष्टि है। मातृत्व में संस्कार देना, सुरक्षा प्रदान करना और समाज को सही दिशा देना शामिल है। उन्होंने कहा कि एक माँ केवल परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करती है। इसी कारण भारतीय परंपरा में मातृशक्ति को देवी स्वरूप माना गया है।

'वसुधैव कुटुम्बकम' तक मातृत्व का विस्तारः अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में मातृत्व को सीमित दृष्टि से देखा जा रहा है, जबकि भारतीय परंपरा में इसका विस्तार 'वसुधैव कुटुम्बकम्' तक है। हर महिला समाज में समरसता, एकता और राष्ट्रभाव को मजबूत करने की क्षमता रखती है। इसके लिए आवश्यक है कि वह स्वयं जागरूक, संगठित और संस्कारित बने।

21 शाखाओं का संगम, अनुशासन का प्रदर्शनः कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता यह रही कि रायपुर महानगर की 21 शाखाओं की सेविकाएं एक ही स्थान पर एकत्रित हुईं। हजारों की संख्या में उपस्थित सेविकाओं ने पंक्तिबद्ध बैठकर अनुशासन और संगठन शक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बाल, तरुणी और गृहिणी हर आयु वर्ग की सहभागिता ने यह स्पष्ट किया कि समिति का कार्य समाज के हर स्तर तक पहुंच रहा है।

गतिविधियों में दिखा सर्वांगीण विकास

कार्यक्रम में व्यायाम, योग, गीत, दंड संचालन और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से सेविकाओं ने शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया।

मातृशक्ति ही समाधान

अक्का जी ने कहा कि वर्तमान समय में संस्कारों का क्षय, परिवार व्यवस्था में बदलाव और सामाजिक विखंडन जैसी चुनौतियाँ सामने हैं। इनका समाधान मातृशक्ति के सशक्तिकरण में ही निहित है। उन्होंने कहा कि यदि माँ जागरूक होगी तो परिवार मजबूत होगा और परिवार मजबूत होगा तो राष्ट्र स्वतः सशक्त बनेगा।

शाखा से जीवन निर्माण का संदेश

उन्होंने सेविकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शाखा केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की प्रक्रिया है, जहाँ से अनुशासन, संगठन और संस्कार मिलते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में हुआ, जहाँ सभी सेविकाओं ने 'संस्कार, संगठन और शक्ति' के संकल्प के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

न्यूज गैलरी

सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ निगम का अभियान तेज

रायपुर/नवप्रदेश। स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत रायपुर नगर पालिक निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम जोन क्रमांक 3 के स्वास्थ्य विभाग ने शंकर नगर क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान नगर निगम अपील समिति के सदस्य एवं वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद राजेश गुप्ता के नेतृत्व में बाजारों और व्यवसायिक क्षेत्रों में संचालित किया गया। शंकर नगर चौपाटी और मुख्य मार्ग स्थित दुकानों व व्यावसायिक परिसरों में निगम की टीम ने पहुंचकर व्यापारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। इस दौरान जोन 3 के स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी, स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता दीदियां और रामकी कंपनी के सुपरवाइजर भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान बताया गया कि प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। व्यापारियों से अपील की गई कि वे प्लास्टिक के बजाय कपड़े और जूट के थैलों का उपयोग बढ़ाएं। निगम की टीम ने सभी व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों में तत्काल सूचना टैग लगाएं, जिसमें ग्राहकों से अपना थैला साथ लाने की अपील की जाए। साथ ही पॉलीथिन के उपयोग को पूरी तरह बंद करने की हिदायत दी गई। नगर निगम का यह अभियान शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने और प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नशीली दवाइयों की तस्करी में तीन को 15-15 साल की कठोर सजा

रायपुर/नवप्रदेश। अवैध नशीली दवाइयों की तस्करी मामले में जिला न्यायाधीश ने तीन आरोपियों को 15-15 साल कठोर कारावास और डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर अतिरिक्त 3-3 साल की सजा भुगतानी होगी। यह मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। इस मामले में अंतिम सुनवाई 10 अप्रैल, शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में पूरी हुई। मामले की पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक केके चंद्राकर ने बताया कि अभियुक्त करीम अली और मोहम्मद चांद मूल रूप से ओडिशा तथा तीसरा रोहित सोनी अयोध्या नगर रायपुर का निवासी है। तीन अभियुक्तों को तेलीबांधा पुलिस ने 19 मार्च 2022 को शाम करीब 5 बजे मरीन ड्राइव के पास से गिरफ्तार किया था, जो बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। जांच-पड़ताल के दौरान नाइड्रोजेक की कुल 418 ग्राम और अल्प्राजोलम की 43.2 ग्राम टैबलेट और बिक्री के तीन हजार रुपए कैश बरामद हुए। तीनों लंबे समय से इस अवैध धंधे में लिप्त थे। पुलिस ने घटनास्थल पर मिले साक्ष्य और आरोपियों के बयान कोर्ट में पेश किए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साक्ष्य और सबूतों के आधार पर अभियुक्तों को 15-15 साल कठोर कारावास और डेढ़-डेढ़ लाखरुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

रायपुर में एसडीएम ने किया यूएचसी-पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में आम नागरिकों और किसानों की सुविधा के लिए राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच प्रशासन की तरफ से विभिन्न इलाके में शिविर लगाकर तत्काल समाधान किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर एसडीएम नंदकुमार चौबे ने बोरियाकला का दौरा कर पटवारी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व पखवाड़ा के तहत किसानों की तरफ से नाम सुधार के लिए दिए गए आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उन्हें संशोधित खसरा बी-1 की प्रति तत्काल उपलब्ध कराई गई। शिविर में नक्शा बटांकन, बी-1 और खसरा से जुड़े मामलों का भी निराकरण किया गया। साथ ही आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि लोक सेवा केंद्र के माध्यम से की गई, ताकि निर्धारित समय-सीमा में सभी मामलों का शत-प्रतिशत समाधान हो सके। इस दौरान एसडीएम ने बोरियाकला स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र (यूएचसी) और पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया। यूएचसी में मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और खराब वाटर कूलर को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। वहीं पीडीएस दुकान में राशन वितरण की व्यवस्था जांचते हुए संबंधित संचालक को समय पर नियमित वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हथियार व सामान बरामद, मुख्य आरोपी पहले भी जा चुका जेल

सेजबहार लूट कांड का खुलासा 2 आरोपी व 3 नाबालिग गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मुजगहन थाना क्षेत्र के सेजबहार इलाके में हुई लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए 2 आरोपियों और विधि के साथ संघर्षरत 3 बालकों सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दोपहिया वाहन, मोबाइल फोन, चाकू, डंडा और लूट का सामान बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार यह घटना 8 अप्रैल 2026 की रात करीब 1:30 बजे की है, जब प्रार्थी भूषण साहू अपने परिजनों के साथ भाठागांव से मुजगहन की ओर जा रहे थे। सेजबहार स्थित शुभम ऑटो पार्ट्स के पास दो मोटरसाइकिलों में सवार 5 युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने मारपीट करते हुए चाकू दिखाकर धमकाया और प्रार्थी व उसके साथियों से मोबाइल, गले की चैन, ताबीज और मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गए।

पुलिस ने ऐसे सुलझाया मामलाः मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त (पश्चिम जोन) संदीप पटेल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राहुल देव शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त नवनीत पाटिल और थाना प्रभारी अमित कोसमा के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई। थाना मुजगहन, एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और न्यू राजेंद्र नगर पुलिस की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण, सीसीटीवी फुटेज खंगालने और मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपियों की पहचान की।

मुख्य आरोपी पहले भी जा चुका है जेलः जांच के दौरान पुलिस को मुख्य आरोपी चेतन नामदेव के बारे में अहम सुराग मिला, जिसे गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। उसने अपने साथी नितिन ध्रुव और तीन नाबालिगों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना कबूल किया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो बाइक (CG 04 NC 5218, CG 04 PM 0892), 2 मोबाइल फोन, चाकू, डंडा और लूट का सामान जब्त किया।

पहले भी दर्ज हैं आपराधिक मामलेः पुलिस के मुताबिक आरोपी चेतन नामदेव और एक नाबालिग पहले भी चोरी के मामलों में थाना विधानसभा और गुढियारी से वर्ष 2024 में निरुद्ध रह चुके हैं।

गंभीर धाराओं में मामला दर्जः आरोपियों के खिलाफ थाना मुजगहन में अपराध क्रमांक 76/26 के तहत धारा 310(2), 74 बीएनएस और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कहा है कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा।

नगर निगम की सख्ती

बकाया नहीं चुकाने पर परिसर सील मौके पर ही जमा कराई गई राशि

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 7 में बकाया राजस्व वसूली को लेकर सख्त कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर चलाए गए अभियान में बड़े बकायेदारों के परिसरों को सीलबंद किया गया, जिसके बाद कई मामलों में मौके पर ही बकाया राशि जमा कराई गई। अभियान अपर आयुक्त राजस्व कृष्णा खटीक, उपायुक्त राजस्व जागृति साहू एवं जोन 7 कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देशन में चलाया गया।

स्कूल परिसर सीलबंद, तुरंत हुआ भुगतानः जोन 7 की टीम ने वार्ड क्रमांक 24 (संत रामदास वार्ड) में वर्ष 2022-23 से 2,25,902 रुपये के बकायेदार नया सबेरा स्कूल के परिसर को सीलबंद कर दिया। कार्रवाई के दौरान ही संबंधित प्रबंधन ने तत्काल धनादेश के माध्यम से पूरी बकाया राशि जमा कर दी, जिसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की गई।

13 लाख से अधिक बकाया पर दूसरी बड़ी कार्रवाईः इसी अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 22 में वर्ष 2018-19 से 13,24,747 रुपये के बड़े बकायेदार छत्तीसगढ़ तकनीकी विद्यापीठ द्वारा श्रीमती प्रज्ञा निर्वाणी के परिसर को बकाया नहीं चुकाने पर सील कर दिया गया।

अन्य बकायेदारों पर भी कार्रवाई

जोन 7 अंतर्गत तात्यापारा वार्ड क्षेत्र में भी बकाया नहीं चुकाने वाले एक अन्य बकायेदार के परिसर को ताला लगाकर सीलबंद किया गया।

वसूली अभियान रहेगा जारी

नगर निगम के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बकाया राजस्व की वसूली के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। जिन बकायेदारों ने अब तक भुगतान नहीं किया है, उनके खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी की जाएगी।

भाजपा का संकल्प पत्र बंगाल के विकास का रोडमैपः अरुण साव

कांग्रेस पर साधा निशाना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पश्चिम बंगाल को लेकर भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को राज्य के समग्र विकास का रोडमैप बताया है। नवा रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र आम जनता की खुशहाली, महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

उन्होंने दावा किया कि इस बार पश्चिम बंगाल में बदलाव तय है और जनता ममता बनर्जी सरकार से छुटकारा चाहती है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर शहर कांग्रेस में वार्ड अध्यक्षों की सूची निरस्त होने के मामले को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आंतरिक कलह चरम पर है और जनता का पार्टी से विश्वास खत्म हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के भीतर अनुशासन और तय प्रक्रिया का अभाव है, जहां निर्णय बार-बार बदले जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो नेता पावर में आता है, वह अपने हिसाब से निर्णय लेता है। जिला अध्यक्ष सूची जारी करता है, तो प्रदेश अध्यक्ष उसे निरस्त कर देते हैं। फिर प्रदेश अध्यक्ष सूची बनाएंगे, तो जिला अध्यक्ष उसे बदल देंगे यह सिलसिला चलता रहेगा। साव ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेताओं की प्राथमिकता में कार्यकर्ताओं और जनता का सम्मान नहीं है, जिससे संगठन कमजोर हो रहा है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस के रुख पर भी साव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को उनका हक मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस मुद्दे पर भी राजनीति कर रही है, जबकि भाजपा महिलाओं और देश की जनता को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

'स्वच्छता के चार धुरंधर' अभियान का शुभारंभ चार डिब्बा प्रणाली से होगा कचरा पृथककरण

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर को स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में नगर पालिक निगम ने एक और अहम कदम उठाया है। महापौर मीनल चौबे ने 'स्वच्छता के चार धुरंधर' अभियान का शुभारंभ किया। यह पहल नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अनुरूप शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य शहर में कचरा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाना है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

चार श्रेणियों में कचरा पृथक्करण

गीला कचराः सब्जियों के छिलके, बचा हुआ भोजन

सूखा कचराः प्लास्टिक, कागज, धातु

सैनिटरी कचराः डायपर, सेनेटरी पैड

विशेष देखभाल कचराः पेंट, केमिकल, कीटनाशक, एक्सपायर्ड दवाइयां

निगम ने स्पष्ट किया है कि गीला और सूखा कचरा नियमित रूप से निकलता है, जबकि अन्य श्रेणियां आवश्यकता अनुसार उत्पन्न होती हैं। ऐसे कचरे को अलग रखना अनिवार्य होगा।

महापौर का संदेश

महापौर मीनल चौबे ने कहा कि स्वच्छ शहर का सपना तभी साकार होगा, जब हर नागरिक कचरे के पृथक्करण को अपनी आदत बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल रायपुर को स्वच्छ बनाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

अभियानः रायपुर में सघन चेकिंग अभियान, अड्डेबाजी और नशाखोरी पर कार्रवाई

10 आरोपी जेल भेजे, हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए रायपुर पुलिस ने गुरुवार शाम से देर रात तक कोतवाली डिवीजन में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान अड्डेबाजों, वारंटियों और अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए कुल 10 लोगों को न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल भेजा गया। यह अभियान पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल जोन) रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के निर्देशन में थाना कोतवाली, गोलबाजार, मौदहापारा और गंज क्षेत्रों में चलाया गया।

अड्डेबाजी और नशाखोरी पर कार्रवाईः पुलिस टीमों ने शराब भट्ठियों के आसपास, सुनसान स्थानों और अड्डेबाजी वाले क्षेत्रों में सघन जांच की। इस दौरान थाना कोतवाली और आसपास से 6 तथा मौदहापारा क्षेत्र से 2 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। सभी को विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से 7 आरोपियों को जेल वारंट जारी कर केंद्रीय जेल भेज दिया गया।

वारंटियों की गिरफ्तारी, कई वारंट तामीलः अभियान के दौरान मौदहापारा और गंज थाना पुलिस ने 2 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा संयुक्त रूप से 8 जमानती वारंट और 7 गिरफ्तारी वारंट भी तामील किए गए।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तारः थाना गंज पुलिस ने तेलघानी नाका चौक के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध स्टील का धारदार चाकू बरामद हुआ। आरोपी राज नायक उर्फ माया, निवासी उरला, रायपुर के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

सड़कों पर तेज गाड़ी चलाई तो घर पहुंचेगा चालान

लेडार स्पीड कैमरों से अधिकारी रख रहे नजर, 5 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग ने पहली बार लेडार आधारित स्पीड कैमरों का इस्तेमाल शुरू किया है। सड़कों पर तेज गाड़ी चलाने पर सीधे चालान घर पहुंचेगा।

पायलट प्रोजेक्ट के तहत करीब 1 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से 7 आधुनिक स्पीड कैमरे लगाए गए हैं। राज्य सरकार के निर्देश पर इन्हें रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर और धमतरी जिले के प्रमुख मार्गों पर स्थापित किया गया है। रायपुर में मरीन ड्राइव, वीआईपी रोड और मंदिर हसौद इलाके में कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा बिलासपुर बायपास, अंबिकापुर और जगदलपुर के मुख्य मार्ग और धमतरी जिले के कुरूद तहसील क्षेत्र को भी इस परियोजना में शामिल किया गया है। इन स्थानों का चयन ट्रैफिक दबाव और हादसों की घटनाओं को देखते हुए किया गया है।

ईरान में शीशे के महल समेत ऐतिहासिक इमारतें चढ़ी युद्ध की भेंट

ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच 40 दिनों तक चले भीषण युद्ध के बाद इस संघर्ष को थामने और किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने के लिए आज पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक महत्वपूर्ण शांति वार्ता आयोजित की जा रही है। इस निर्णायक बैठक ने एक नई उम्मीद जगाई है कि ईरान के आसमान से युद्ध के काले बादल जल्द ही छंट जाएंगे. हालांकि एक महीने से भी ज्यादा समय तक चली इस जंग में ईरान ने न केवल अपने कई नागरिकों को खोया बल्कि इस संघर्ष में कई ऐसी ऐतिहासिक इमारतें और यूनेस्को (UNESCO) वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स को नुकसान पहुंचा जो न केवल ईरान का गौरव थीं बल्कि पूरी दुनिया की अनमोल धरोहर मानी जाती थीं।

अली कापू पैलेस

ईरान के सांस्कृतिक विरासत मंत्री ने कुछ दिन पहले 'अल जजीरा' को बताया कि हमले में कई सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों को भारी नुकसान हुआ जो ईरान की पहचान पर एक जानबूझकर किया गया हमला है। ईरान की राजधानी के सबसे पुराने ऐतिहासिक स्मारकों में से एक और तेहरान का एकमात्र हृश्वस्थ्ह वर्ल्ड हेरिटेज साइट गोलेस्तान पैलेस आठ आलीशान इमारतों का एक समूह है जिसे सबसे पहले 1500 के दशक में बनाया गया था।

तेहरान में स्थित गोलेस्तान पैलेस: यह पैलेस काजार राजवंश की वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना है. इसे पेरिस के वर्साय महल जैसा माना जाता है. 2 मार्च 2026 को हुए हवाई हमले के बाद इसके शीशमहल की 40 प्रतिशत कांच की नक्काशी नष्ट हो गई है. खिड़कियां और दरवाजे भी बुरी तरह टूट चुके हैं।

हमले के बाद की तस्वीरें...

ईरान के काजार-युग के गोलेस्तान महल के टूटे-फूटे हॉल के अंदर कांच और पत्थरों की बारीक कारीगरी, जो इस परिसर को एक फूलों का बगीचा बनाती थी, अब नुकीले कांच के टुकड़ों की एक चादर में बदल चुकी है। युद्ध में ईरान की 29 यूनेस्को साइट्स में से कई प्रमुख स्थलों को भारी नुकसान पहुंचा है जिनमें कुछ को देखने के लिए पूरी दुनिया के पर्यटक इरान आते हैं जिनमें गोलेस्तान पैलेस से लेकर जामे मस्जिद और चेहेल सोतून पैलेस शामिल हैं। ईरान की कुछ प्रमुख और मशहूर इमारतों की जानकारी दी है जिन्हें इस हमले में नुकसान पहुंचा है।

इस्फहान की जामे मस्जिद



इरान, अमेरिका और इजरायल के युद्ध में इस्फहान की जामे मस्जिद (Jameh Mosque of Isfahan) जो ईरान की सबसे पुरानी जुमे की मस्जिद है और इस्फहान में UNESCO की एक और विश्व धरोहर स्थल है, उसे भी गहरा नुकसान पहुंचा। इसकी बनावट, टाइल्स और सजावट भी क्षतिग्रस्त हुई है।

इस्फहान का अली कापू पैलेस

अपने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के कारण अली कापू के शाही महल को भी 1979 में हृश्वस्थ्ह की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था. इस्फहान पर हुए हमलों से अली कापू पैलेस भी प्रभावित हुआ है. यहां की खिड़कियों और दरवाजों को नुकसान पहुंचा है. मस्जिदों, महलों और बाजारों का यह विशाल परिसर सफवीद वास्तुकला की एक उत्कृष्ट कृति के रूप में जाना जाता है।

इस्फहान का चेहेल सोतून पैलेस

बारीकी से बनाए गए भित्तिचित्रों के लिए मशहूर चेहेल सोतून महल इस्फहान शहर के सबसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों में से एक है। यह शहर तेहरान से लगभग 450 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। 17वीं शताब्दी में बनाया गया यह महल अपने 20 स्तंभों और सुंदर बगीचे के लिए जाना जाता है. हमलों के कारण इस ऐतिहासिक महल की संरचनात्मक ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है।

फलक-अल-अफलाक किला

इरान के खोरमाबाद में मौजूद यह विशाल किला तीसरी सदी की शुरुआत में ससानियन काल के दौरान बनाया गया था। ससानियन काल का यह किला एक और सांस्कृतिक स्थल था जिस पर हमला हुआ। खबरों के मुताबिक किले की सीमा के अंदर अलग-अलग दफ्तरों और इमारतों पर हमला हुआ जिनमें किले के पुरातत्व और मानवशास्त्र संग्रहालय भी शामिल हैं.।

व्यंग्य रचना : भूतपूर्व होने का दर्द

डॉ. किशोर अग्रवाल

रूप, धन, सम्पत्ति के नाश से भी जितना दुःख नहीं उपजता, उससे अधिक दुःख पद प्रतिष्ठा के भूतपूर्व हो जाने से उत्पन्न होता है। मेहनत , तिकड़म, चापलूसी, संघर्ष और अनेक घातों से जिन पदों पर आसीन हुए हों, वे पद चले जाएं, वह प्रतिष्ठा चली जाए और आप भूतपूर्व हो जायें जिसे अंग्रेजी में एक्स कहते हैं, वह पीड़ा असह्य है। कोई बिरला ही इसे सहन कर पाता है। किसी युवती द्वारा नया आसामी ढूंढ लेने पर उसके एक्स बॉय फ्रेंड के दुःख से भी पीड़ादायक है किसी मंत्री की कुर्सी चली जाना। उसकी सांसदी या विधायकी चली जाना। चुनावी मतगणना के समय खरीदी गई मालाओं के बिना गले में पड़े ही मुरझा जाना और परात के परात लड्डूओं के बिखर जाने से इस भूतपूर्वी की शुरुआत होती है। चमचमाती 'पजेरो' पर लगी नंबर प्लेट के ठीक ऊपर लाल रंग की पट्टी पर 'विधायक' लिखे होने और बाद में पिछले कांच पर 'भूतपूर्व विधायक' लिखे होने का अंतर उसके अंदर बैठे उस मोटी चमड़ी के इंसान को कितना रुलाता है, वही जानता है। चमकती वर्दी में सजे जवानों की परेड पर मंच पर चढ़े पुलिस अफसर के हाथ सलामी को तो उठते हैं, पर अपने मित्रों और रिश्तेदारों के लिए नहीं। नौकरी के दिन पूरे होने पर खुद की ही वर्दी कबर्ड में टंग जाती है। समय काटने को पुराने मित्र और रिश्तेदारों के फोन खंगालने पर, कोई भाव नहीं देता, वे भी नहीं जिनके कभी कभार काम कराये थे। आह! अब किस काम के, भूतपूर्व जो हो गए! मेहनत से तैयार उद्योगों, कारखानों को यत्न से संवारते सेठों बढ़कर नयी पीढ़ी को सौंपकर बढ़ी सत्ता की कृपा से आयोगों और निगमों में पद पा जाते हैं। फिर वहाँ से भी हटा दिये जाते हैं। ये धनघोर भूतपूर्व होते हैं। उनका धन भी बेटे के कब्जे में और सरकारी प्रतिष्ठा, भी समाप्त होने से वे किसी काम के नहीं रहते। समाज सेवी बन कर दोनो कानों तक होंठ फैलाकर हँसते हुए फोटो खिंचवाते हैं, पर भूतपूर्व चेयर मेन होना किसे पसंद आता है? जिसका पल पल लाली पावडर लगा कर

आइना देखते बीता हो, उस यौवना का यौवन अगर भूतपूर्व हो जाए, लटकता पेट और थुलथुल बाँहें जब फुल स्लीव में भी संभाले न संभलें तो इससे बड़ा दुःख कौन सा हो सकता है? फिर वे कुछ साल तो किसी तरह चेहरे पर मोटा पलस्तर लगाकर और पूरे कपड़े पहनकर गुजारती हैं , पर शरीर कपड़ों की सीवन से बाहर लटक कर उन्हें गतयौवना घोषित कर ही देता है। लड़के पहले मूंछों के पके बाल चुनवाते हैं, फिर मूँछें मुंडवाते हैं। काम न चले तो डाई का सहारा लेते हैं। तंग मोहरी की जीन्स काम नहीं देती और जमाना लद ही जाता है। सत्ता व रसूखदारों का दर्द न पूछें। प्रधानमंत्री बनने के लगभग करीब पहुँचे एक नेता जी ने बाजू वाले देश के एक देशतोड़ू , दो-फाड़ू की बड़ाई क्या कर दी, वे बिना पीएम बने ही भूतपूर्व हो गये और अभूतपूर्व सचेतक संरक्षक का दम घोंटू दायीत्व देकर उनको और दुखी कर दिया गया। कोई कोई भूतपूर्व अपने काल्पनिक बहादुरी के किस्से अपने परिवार वालों को, मित्रों को और साथी पेंशनरों को इतनी बार सुनाते रहते हैं कि उसका दुःख सब में बट जाता है और सभी लपेट में आ जाते हैं। कुछ भूतपूर्व ऐसे हैं कि उन्हें अपने सरकारी काम के अलावा और कुछ भी नहीं आता। वे अपनी डींगें हांकते हुए अपने द्वारा लिखी गई नोटशीटों को सुना सुना कर सामने वाले को अधमरा कर देते हैं। बाज़ लोग जिन्होने जवानी में प्रेमिका को फिल्मी शे'र डालकर पत्र लिखे और प्रेमिका ने चुंबन लेने दे दिया था , वे खुद को श्रृंगार रस का कवि मानकर कलम और कागजों से लैस होकर "साहित्य के अंतहीन सागर में कूद पड़ते हैं"। अपने खर्चे पर किताब छपवाकर मित्रों व मातहतों में बाटते हैं। खोज-खोज कर साहित्यिक गोष्ठियों में जाते हैं। पुरस्कृत न होने पर खुद पुरस्कार देने लगते हैं। पड़ोसी देश में एक क्रिकेटर प्रधानमंत्री के कार्यकाल में एक जनरल बाजवा थे, उन्हें हमारे मसखरे क्रिकेटर ने गले भी लगाया था। उसने ऐसे डंके बजाए कि सरकार कई बार थरथरा गई। जब वह भूतपूर्व होकर बाथरूम में गिर पड़े और ब्रेन हेमरेज के शिकार होकर अस्पताल गये तो कोई हाल-चाल तक लेने न गया। हाय रे भूतपूर्व जनरल! दुःख इतना बढ़ा कि कोमा में चले गये। यही हाल युगांडा के इदी अमीन का हुआ था। लोग कहते थे "इदी अमीन, कौड़ी के तीन" यह दुनिया का दस्तूर है, जितना बड़ा ओहदा, उतनी बड़ी कुर्सी। जितनी बड़ी कुर्सी, उतने अधिक हिमायती। जब तक कुर्सी पर बैठे हैं हिमायतियों की भीड़ है। तशरीफ के नीचे से अगर कुर्सी निकल गई तो ओहदेदार बिना चटाई के सीधे जमीन पर। वह सोचता है लोग मेरी इज्जत क्यों नहीं कर रहे, मुझे देखकर कुर्सियों से खड़े क्यों नहीं हो रहे। मेरे लिये पलकें क्यों नहीं बिछा रहे। ये ऐसे गमगीन होते हैं कि ओहदा जाने के दो-चार साल में ही इनका जनाजा निकल जाता है। इनका ठसका और रुआब धूप में रखी बरफसा पिघल जाता है। जो ओहदे पर रहते हुए भी इंसान रहा वह भूतपूर्व होकर भी पुजता है और जिसने ओहदे पर सामने वाले को इंसान नहीं समझा तो लोग इनके मरने के भी जश्न मनाते हैं। अच्छा हुआ निकल लिया, नाक में दम कर रखा था। वर्तमान की ओहदेदारी को ही जीवन और खुद को स्थायी मान तमाशा करने वालों की जिंदगी भूतपूर्व होने पर खुद एक तमाशा बन जाती है।

डाइजेशन प्रॉब्लम से बचने के लिए 7 सब्जियां कच्ची न खाएं

सब्जियों के पौष्टिक तत्वों का पूरा लाभ उठाने के लिए यह जानना जरूरी है कि किन सब्जियों को कच्चा नहीं खाना चाहिए। साथ ही इस बात की जानकारी भी होनी चाहिए कि सब्जियों को पकाने का तरीका गट हेल्थ और इम्यूनिटी को कैसे प्रभावित करता है। इससे आप हेल्दी डाइट का चुनाव कर सकते हैं।

कौन सी सब्जियां कच्ची न खाएं

सभी सब्जियों को कच्चा खाना सही नहीं होता। कुछ सब्जियों में प्राकृतिक विषाक्त पदार्थ, पोषक तत्वों के विरोधी तत्व या ऐसे कंपाउंड होते हैं जो सब्जी को पकाने से निष्क्रिय हो जाते हैं। निम्नलिखित सब्जियों को कच्चा खाना हानिकारक हो सकता है- ब्रोकोली-फूलगोभी-पत्तागोभी- ब्रोकोली, फूलगोभी और पत्तागोभी जैसी क्रूसिफेरस सब्जियों में गोइट्रोजेन होते हैं, जो कच्चे रूप में अधिक मात्रा में सेवन करने पर थायरॉइड ग्रंथि के कार्य में बाधा डाल सकते हैं, खासकर आयोडीन की कमी वाले व्यक्तियों में। पकाने से इन कंपाउंड्स की मात्रा काफी हद तक कम हो जाती है।

बैंगन- बैंगन में सोलानिन नामक एक प्राकृतिक विषैला पदार्थ होता है, जो कच्चा खाने पर आंतों में जलन पैदा कर सकता है।

मशरूम- मशरूम को भी पकाकर खाना ही बेहतर है। इनमें ऐसे कंपाउंड होते हैं जिन्हें पचाना मुश्किल होता है और कच्चे रूप में ये हल्के विषैले भी हो सकते हैं।

पालक और चुकंदर- पालक और चुकंदर के पत्ते पौष्टिक होते हैं, लेकिन इनमें ऑक्सालेट की मात्रा अधिक होती है, जो कैल्शियम को बांधकर किडनी में स्टोन का कारण बन सकते हैं, खासकर जब इन्हें अधिक मात्रा में कच्चा खाया जाए।

कच्ची सब्जियों में मौजूद कुछ पोषक तत्व, जैसे लेक्टिन और ऑक्सलेट, कैल्शियम, आयरन और जिंक जैसे जरूरी मिनरल्स के अवशोषण में बाधा डाल सकते हैं। समय के साथ यह पोषण की स्थिति और इम्यून सिस्टम को प्रभावित कर सकता है।

कच्ची सब्जियों का गट हेल्थ और इम्यूनिटी पर असर

कच्ची सब्जियां फाइबर, एंजाइम और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती हैं। ये फायदेमंद तो होती हैं, लेकिन कुछ मामलों में ये गट हेल्थ और इम्यूनिटी पर विपरीत असर डाल सकती हैं। जिन लोगों की आंतें संवेदनशील होती हैं, जिन्हें इरिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी समस्या है या जिनका पाचन तंत्र कमजोर है, उन्हें अधिक मात्रा में कच्ची सब्जियां खाने से पेट फूलना, गैस और बेचैनी जैसी तकलीफहो सकती है।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन सुख-समृद्धि दायक रहेगा। व्यवसाय में भी उन्नति होगी साथ ही मित्र परिचितों के बीच सम्मान बढेगा।

वृषः आज के दिन आप जितना भी परिश्रम करेंगे निकट भविष्य में शीघ्र ही इसका लाभ धन अथवा अन्य उपहार सम्मान के रूप में मिलेगा। व्यवहारिकता में थोड़ी कमी रहेगी जिससे आपकी छवि अभिमानियों जैसी बनेगी।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। कार्य भार अधिक रहेगा परन्तु सेहत आज नरम रहेगी।

कर्कः आज भी दिन आपकी आशाओ पर खरा उतरेगा लेकिन आज आप संबंधों को ज्यादा महत्त्व दें अन्यथा धन की लालसा में लोगो से दूरी बना लेंगे ।

सिंहः आज के दिन आपकी दिनचार्य आनंद प्रदान करेगी। नौकरी पेशाओ को आज कार्य क्षेत्र पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा पद प्रतिष्ठा में शीघ्र ही वृद्धि होने की सम्भवना बनेगी।

कन्याः आज का दिन आपकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि तो कराएगा परन्तु आज धैर्य की कमी रहने के कारण इसका लाभ नही उठा पाएंगे। कार्य क्षेत्र अथवा घर पर किसी गलतफहमी के कारण मन अशांत रहेगो।

तुलाः आपका आज का दिन कलह क्लेश की भेंट चढेगा आज घर एवं बाहर के लोगो का अमर्यादित आचरण आपको आवेश में रखेगा आपके अंदर भी धैर्य की कमी रहने के कारण बात बात पर किसी से भी उलझ पड़ेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिये नई खुशिया लाएगा। आज आर्थिक रूप से स्थिति सुदृढ़ बनेगी फिर भी धन संबंधित मामलों में ज्यादा सावधानी बरतें अन्यथा आपके भाग्य का लाभ किसी और के हिस्से में भी जा सकता है।

धनुः आज का दिन आपके लिये थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। आज आर्थिक लाभ की संभवनाएं भी रहेंगी परन्तु आप अपने मन के विचार अथवा व्यवसाय का प्रचार संकोची वृति रहने के कारण खुल कर नही कर सकेंगे।

मकरः आज का दिन हर तरह से पिछले दिन की अपेक्षा बेहतर रहेगा लेकिन आज आप किसी की बातों तो तुरंत उत्तर ना दे ना ही किसी से प्रतिशोध की भावना रखे अन्यथा अनुकूलता का लाभ मिलना मुश्किल रहेगा।

कुंभः आज का दिन आपके लिये हानिकर है प्रत्येक कार्य सोच समझ कर ही करें धन सम्बन्धित कार्य आज टालना ही बेहतर रहेगा। आज किसी से पुरानी उधारी मांगने पर विवाद भी हो सकता है।

मीनः आज आपका स्वभाव अन्य दिनों की अपेक्षा शांत रहेगा। हास-परिहास करने से आस-पास का वातावरण हल्का बनाएंगे।

QUIZ TIME

1) भारतीय भाषा उत्सव 2025 का आयोजन कहाँ किया गया था?

2) किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने विधानसभा चुनावों के दौरान पहली बार 'नीला' नामक मानवरूपी रोबोट तैनात किया?

3) एशिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेला बाली जात्रा हाल ही में कहां शुरू हुआ है?

4) स्नेकहेड मछली की नई प्रजाति 'चन्ना भोई' की खोज भारत के किस राज्य में हुई थी?

5) आंध्र प्रदेश के पहले व्यक्ति कौन बने हैं जिन्हें समुराई का सम्मान मिला है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) नई दिल्ली (2) पुडुचेरी (3) कटक (4) मेघालय (5) के. पवन कल्याण

पहेली

इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने किया भिलाई स्टील प्लांट का भ्रमण

■ प्रोजेक्ट साइट का अवलोकन किया, महत्वपूर्ण सुझाव के साथ दिए दिशा-निर्देश।

भिलाई/नवप्रदेश। एक दिवसीय प्रवास पर भिलाई आए इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया। उनके साथ सेल के निदेशक (कार्मिक) व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सेल) (अतिरिक्त प्रभार) कृष्ण कुमार सिंह व संयुक्त सचिव (इस्पात मंत्रालय), भारत सरकार अभिजीत नरेंद्र भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम इस्पात सचिव को भिलाई निवास में सीआईएसएफजवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। निदेशक प्रभारी (सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र) चित्त रंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार और संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने अतिथियों का भिलाई निवास में स्वागत किया गया। इसके बाद इस्पात सचिव (भारत सरकार) संदीप पौंड्रिक आईएएस, कृष्ण कुमार सिंह और अभिजीत नरेंद्र सहित गणमान्य अतिथि 'इस्पात भवन' में आयोजित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक, कृष्ण कुमार सिंह, अभिजीत नरेंद्र ने निदेशक प्रभारी (सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र) चित्त रंजन महापात्र और बीएसपी के कार्यपालक निदेशकों सहित बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद किया। बैठक में कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अजय चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) प्रबीर कुमार सरकार, कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (खदान) व सीएमएलओ कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक (रावघाट) अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ विनीता द्विवेदी और संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधकगण व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कार्यपालक निदेशक (रावघाट) अरुण कुमार ने रावघाट में चल रही गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं पर एक सारगर्भित प्रस्तुति दी। संयंत्र के प्रमुख बिंदुओं, उत्पादन प्रदर्शन, तकनीकी-आर्थिक मानकों, उत्पाद मिश्रण, वित्तीय प्रदर्शन और उत्पादन लागत पर उप प्रबंधक (जनसंपर्क) शालिनी चौरसिया ने विस्तृत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सचिव (इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार), संदीप पौंड्रिक ने संयंत्र प्रबंधन को भविष्य में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने और स्थायी लागत में कमी लाने का आह्वान किया। संयंत्र भ्रमण के प्रारंभ में वे सर्वप्रथम मेन गेट स्थित सुरक्षा उत्कृष्टता केन्द्र पहुंचे, जहां उन्हें संयंत्र भ्रमण के दौरान आवश्यक सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया गया। सुरक्षा उत्कृष्टता केन्द्र से वे भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन बैटरी नं. 8 गए, जहां उन्होंने प्रोजेक्ट साइट का अवलोकन किया और महत्वपूर्ण सुझाव व दिशा-निर्देश साझा किए। संयंत्र भ्रमण के अंत में सभी गणमान्य अतिथियों को इस्पात भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वे रायपुर के लिए रवाना हो गए।

न्यूज गैलरी

यूथ सिख सेवा समिति ने जमा की जरूरतमंद बेटी की फीस

भिलाई। समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी संस्था यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने एक बार मानवसेवा का उदाहरण पेश किया है। समिति को पता चला कि सेक्टर-7 में बीएसपी के किराए के मकान में मां और बेटी निवास करते हैं। पिता का देहांत हो चुका है। बेटी ने हाल ही में 12 वीं की परीक्षा दी है। मां घरों में खाना बनाकर परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं। बेटी की विद्यालय की फीस जमा नहीं हो पाई थी। एमजीएम विद्यालय द्वारा 50 प्रतिशत शुल्क में छूट प्रदान किए जाने के बाद शेष राशि 16,120 रुपए का चेक यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह और उनकी टीम द्वारा प्रदान किया गया।

संजय ने दिया आप से इस्तीफा

दुर्ग। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के संयुक्त सचिव और पाटन विस प्रभारी संजय सिंह ने शनिवार को पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस्तीफे की वजह पार्टी में वैचारिक कारणों को बताया है। उन्होंने पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व महासचिव को पत्र प्रेषित कर इस्तीफे की सूचना दे दी है। युवा नेता संजय सिंह पूर्व में आम आदमी पार्टी के दुर्ग जिला अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। बाद में उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी में संयुक्त सचिव की महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई। इससे पहले संजय सिंह ने कांग्रेस पार्टी से नाता तोड़कर आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली थी। अब उन्होंने आम आदमी पार्टी की सदस्यता भी छोड़ दी है।

पानी सप्लाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : नपा अध्यक्ष ठाकुर

जामुल। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने आज शिवनाथ नदी झेंझरी में स्थित इंटकवेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी करने के निर्देश दिये। ठाकुर ने कहा कि पानी सप्लाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जामुल से 20 किमी दूर झेंझरी स्थित शिवनाथ नदी के इंटेकवेल से नगर पालिका क्षेत्र में पानी सप्लाई होती है। इंटेकवेल में ड्यूटी करने वाले ऑपरेटरों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी प्रकार का अवरोध होने पर तत्काल संबंधित प्रभारी को सूचना दें। फिल्टर प्लांट के आपरेटरों को भी विभिन्न वार्डों में पानी सप्लाई की निगरानी करने कहा गया है। ठाकुर ने पानी का प्रेशर कम होने पर टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये। सभी अधिकारी कर्मचारियों को समन्वय से कार्य करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान जल प्रभारी दयालु जंघेल, विद्युत प्रभारी रवि चौहान को अतिरिक्त मोटरपंप और विद्युत सामग्री की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये गए।

राजस्व वसूली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कर्मचारियों का सम्मान

दुर्ग। नगर निगम दुर्ग में वित्तीय वर्ष समाप्ति के बाद राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में राजस्व वसूली की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने राजस्व वसूली को और अधिक गति देने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने टैक्स के बकायेदारों पर कार्रवाई करते हुए नल कनेक्शन काटने, वारंट जारी करने और आवश्यकतानुसार दुकानों को सील करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निगम के सभी वार्डों में सबसे ज्यादा वसूली न्यू आदर्श नगर वार्ड में की गई। यहां के राजस्व विभाग के कर्मचारी राजेश ताम्रकार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उरला वार्ड से शिवा परिहार दूसरे स्थान पर रहे। उन्हें भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। निगम आयुक्त ने सभी कर्मचारियों को समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा जताई।

पीलिया के 9 मरीज और मिले

भिलाई। सेक्टर 7 वार्ड-67 में सड़क 37 ए में पीलिया के मरीजों की जानकारी होने पर 11 अप्रैल को डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन और डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी, दुर्ग के मार्गदर्शन में डॉ. पियाम सिंग, प्रभारी अधिकारी, सिविल हॉस्पिटल सुपेला भिलाई व रितिका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, दुर्ग विजय सेजुले, सुपरवाइजर, हितेन्द्र कोसरे, बीईटीओ और स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दानी ने बताया कि आज प्रभावित क्षेत्र में 104 घरों का भ्रमण कर 9 पीलिया के प्रसित नए मरीजों की पहचान की गई। आज तक कुल 24 पीलिया के मरीज़ मिले। भर्ती मरीजों में श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल साइंस भिलाई में 5, पल्स हास्पिटल, भिलाई में 4 उपचाररत है। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है।

दक्षता, निष्पक्षता और न्याय के प्रति सतत समर्पण न्याय पालिका की शक्ति को परिभाषित करते हैं : रमेश सिन्हा

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग संभाग के न्यायिक अधिकारियों हेतु एक दिवसीय संभागीय न्यायिक सेमिनार का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा जिला न्यायालय, दुर्ग में किया गया। सेमिनार में दुर्ग संभाग के पाँच सिविल जिलों से कुल 120 न्यायिक अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय और मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा न्याय एवं विधिक ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक दीप का प्रज्वलन कर सेमिनार का शुभारंभ किया गया। सेमीनार में न्यायमूर्ति रजनी दुबे, न्यायमूर्ति रवीन्द्र कुमार अग्रवाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय उपस्थित रहे।

मुख्य न्यायाधिपति ने कहा कि चयनित विषय अत्यंत व्यावहारिक महत्व के हैं और निचली अदालतों के समक्ष आने वाली दैनिक चुनौतियों को प्रतिबिंबित करते हैं। मुख्य न्यायाधिपति ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के बढ़ते महत्व पर भी प्रकाश डाला और ई-साक्ष्य की अवधारणा, विशेष रूप से भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों की ग्राह्यता पर चर्चा की। न्यायाधिपति ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सेमिनार प्रतिभागियों के ज्ञान और कौशल को समृद्ध करेगा। न्यायिक कार्यों में आने वाली चुनौतियों के समाधान हेतु व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा। न्यायपालिका की शक्ति उसकी दक्षता, निष्पक्षता और न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता में निहित है। न्यायिक अधिकारियों की भूमिका विधि के शासन को सुदृढ़ करने और जनता के विश्वास को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग ने स्वागत भाषण दिया। निधि शर्मा तिवारी, निदेशक, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर ने परिचयात्मक भाषण दिया। उद्घाटन सत्र का समापन दुर्ग के द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। सेमिनार का महत्वपूर्ण और निर्णायक क्षण मध्यस्थता 2.0 आईएआईएसएजीआर - दुर्ग के लिए मध्यस्थता रणनीति मॉडल नामक प्रकाशन का विमोचन था, जिसका अनावरण मुख्य न्यायाधिपति के हाथों हुआ। सेमिनार में कुल 120 न्यायिक अधिकारियों ने सहभागिता की। सेमिनार में नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं न्यायिक अधिकारियों की दक्षता वृद्धि के उद्देश्य से एक रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया गया, जिसमें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, चतुर्थ एफ्टीएससी (पॉक्सो), दुर्ग द्वारा भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया।

व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, धमधा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित न्यायिक अधिकारियों को नवीन आपराधिक कानूनों की महत्वपूर्ण धाराओं, उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग और न्यायिक प्रक्रियाओं में आए बदलावों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अधिकारीगण और दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा व राजनांदगांव जिलों के न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जेंडर विशेषज्ञ भर्ती के लिए मेरिट सूची जारी

दुर्ग/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-दुर्ग द्वारा 'मिशन शक्ति' के तहत संचालित महिला सशक्तिकरण केंद्र हब में जेंडर विशेषज्ञ के रिक्त पद की पूर्ति हेतु चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। विभाग द्वारा आवेदकों से प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद अब मेरिट सूची आधिकारिक तौर पर जारी कर दी गई है। इस सूची का अवलोकन जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर किया जा सकता है। अभ्यर्थी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग (दुर्ग) के सूचना पटल पर भी सूची देख सकते हैं। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मेरिट सूची में स्थान पाने वाले पात्र अभ्यर्थियों के लिए अगली कड़ी में कौशल परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। कौशल परीक्षा की तिथि, समय और स्थान की जानकारी साझा की जाएगी।

4.75 किलो गांजा, शराब के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। गांजा तस्करी और अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खुर्सीपार, सुपेला और नंदिनी नगर पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से करीब 4 किलो 750 ग्राम गांजा, देशी शराब और नगद रकम जब्त की गई है। डीएसपी यदुमनी सिदार ने बताया कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र के देवार पारा में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति खुलेआम गांजा बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर अमजद देवार 52 निवासी देवार पारा को पकड़ा। तलाशी में आरोपी के पास से 2 किलो 50 ग्राम गांजा (कीमत 1 लाख रु) और 400 रुपये नगद बरामद किया गया। सुपेला थाना क्षेत्र में लक्ष्मी मार्केट स्थित कचरा मैदान के पास अंबेडकर नगर निवासी सौरभ साखरे उर्फ सोनू 20 को घेराबंदी कर गांजा बेचते हुए पकड़ा गया। उसके कब्जे से 2 किलो 250 ग्राम गांजा (कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपये) और 1 मोबाइल बरामद किया।

एमएमएस कांड: विधायक देवेंद्र ने दिये फोटो-वीडियो के सैंपल

■ कहा- हमने कराई एफआईआर, नोटिस-नोटिस खेलने की जरूरत नहीं

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चर्चित एमएमएस कांड को लेकर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव शनिवार को भिलाई नगर थाना पहुंचे और पुलिस को अपना फोटो और वीडियो सैंपल दिया। पुलिस ने इसे रिकॉर्ड में लेकर जांच के लिए सुरक्षित किया है। अब इस सैंपल को आगे जांच के लिए भेजा जाएगा, ताकि वायरल वीडियो की सच्चाई सामने लाई जा सके।

इस मामले में पुलिस ने विधायक को पहले भी कई बार नोटिस भेजा था। हाल ही में 6 अप्रैल को नोटिस दिया गया था, जिसके बाद वे शनिवार को थाने पहुंचे और थाना प्रभारी के सामने फोटो-वीडियो की सैंपलिंग कराई। पुलिस अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया रिकॉर्ड में दर्ज की है।

थाने में थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा की मौजूदगी में फोटो और वीडियो सैंपल लिया गया। पुलिस इस सैंपल को तकनीकी जांच के लिए भेजेगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि वायरल वीडियो असली है या मॉर्फ्ड। थाने जाने से पहले कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमने एफआईआर दर्ज कराई है। 3 साल पहले एक कथित वीडियो वायरल हुआ था, जिससे लोगों के बीच में भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया था। इस मामले की जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है। इसी मामले में मुझे एक नोटिस आया था।

देवेंद्र ने कहा कि थाने से जारी नोटिस में उन्हें 6 तारीख को सुबह 11 बजे थाने पहुंचने कहा गया था। दिलचस्प बात ये है कि उनके यहां 6 तारीख को दोपहर 1 बजे नोटिस पहुंचा।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार, 14.77 लाख के सोने व चांदी के जेवर के साथ कैश जब्त

भिलाई/नवप्रदेश। थाना अमलेश्वर पुलिस ने चोरी के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर और नगद रकम बरामद किया गया है। कार्रवाई में पुलिस ने कुल 14 लाख 77 हजार 757 रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने 25 से 29 जनवरी के बीच घर में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अज्ञात आरोपी ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर और नगद रकम पार कर किया। मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान तीन आरोपी खिलेश दास मानिकपुरी, भुनेश्वर उर्फ नानू यादव और तुलेश्वर उर्फ टिड्डू सोनकर को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनके कब्जे से करीब 8 लाख 22 हजार 480 रुपए की संपत्ति बरामद कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। पूछताछ में आरोपी तुलेश्वर सोनकर ने चोरी की संपत्ति अपने जीजा गौरीशंकर खुटे को देने की बात कबूल की। पुलिस ने गौरीशंकर खुटे (28 वर्ष), निवासी मेढापाली (शक्ति), हाल इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी फेस-02, डीडी नगर रायपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी के कब्जे और निशानदेही पर सोने-चांदी के जेवर और 2 लाख 18 हजार रुपए नकद बरामद किए गए। इस तरह पूरे मामले में कुल जब्त संपत्ति की कीमत 14 लाख 77 हजार 757 रुपए पहुंच गई है। जब्त सामग्री में सोने के जेवर (हार, अंगूठी आदि), चांदी के जेवर (पायल, चैन, बिछिया आदि), नगद रकम 2,18,000 रुपये शामिल है।

अंडर 20 कुश्ती का महासंग्राम, देशभर के पहलवान कर रहे जोर-आजमाइश

भिलाई/नवप्रदेश। सांसद विजय बघेल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में प्रथम बार आयोजित अंडर 20 कुश्ती का महासंग्राम रोमांचक होता जा रहा है। यहां देश भर के पहलवान कुश्ती के दांव पेंच आजमा रहे हैं। कुश्ती के संग्राम में दूसरे दिन बालक वर्ग के कुल 240 मुकाबले हुए। 10 पहलवानों को गोल्ड ,10 को सिल्वर और 20 पहलवानों को ब्रॉन्ज मैडल और प्रशस्ति पत्र दिये गए। अंडर-20 बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ को भी मैडल हासिल हुआ। सांसद विजय बघेल ने बताया कबड्डी टीम का खेल है, लेकिन पहलवानी एकल गेम हैं, जिसके लिए हर खिलाड़ी, हर पहलवान को तपना पड़ता है। अनुशासनपूर्वक कठिन संघर्ष करना पड़ता है। आयोजन के संदर्भ में निशु पाण्डेय ने बताया कि छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ पहलवान, उपाध्यक्ष व प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ कार्यसमिति सदस्य भाजपा भूपेंद्र यादव और उनकी पूरी टीम ने इस आयोजन हेतु सांसद बघेल को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कुश्ती के महासंग्राम का समापन रविवार 12 अप्रैल को होगा। आयोजक समिति के सदस्य वीरेन्द्र यादव पहलवान, भाजपा के पूर्व पार्षद और प्रदेश ओबीसी प्रकोष्ठ के विशेष आमंत्रित सदस्य देवेंद्र यादव, जी सुरेश बाबे, शशिकांत बघेल, राघवेंद्र सिंह, अजय पानिकर, राजेश सिंह, विश्वरतन सिन्हा, प्रमोद सिंह, सुधीर बंसल, डाकेश्वर परगनिहा और कल्पना स्वामी ने अंतिम दिन का महा मुकाबला देखने भिलाई-दुर्गवासियों से उपस्थिति का आव्हान किया है।

जूनियर छात्रों ने ढोल-नगाड़ों के साथ किया स्वागतः सीनियर स्टूडेंट्स ने जूनियर छात्रों से किया पढ़ाई में हर संभव मदद का वादा

रूंगटा आर-1 कॉलेज में फाइनल ईयर छात्रों को मिला यादगार फेयरवेल

भिलाई/नवप्रदेश। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी (रूंगटा आर-1 कॉलेज) में शनिवार को फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक और यादगार विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैंपस में उत्साह, उमंग और भावुकता का अनोखा संगम देखने को मिला। सीनियर छात्रों के लिए आयोजित फेयरवेल कार्यक्रम को खास बनाने के लिए जूनियर्स ने कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर छात्रों के स्वागत से हुई। फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के कॉलेज परिसर पहुंचने पर जूनियर छात्रों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। फूलों की वर्षा कर और माथे पर तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। पारंपरिक और आत्मीय स्वागत ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। सीनियर्स के लिए उनकी क्लासरूम को भी विशेष रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी सजावट, गुब्बारों और पोस्टर्स से सजी कक्षाओं में छात्रों ने अपने कॉलेज जीवन के याद किया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी सीट पर बैठकर उन खट्टे-मीठे पलों को याद किया, जो उन्होंने पिछले वर्षों में साथ बिताए थे। कई छात्र इस दौरान भावुक भी हो गए और अपने दोस्तों के साथ बिताए समय को याद करते नजर आए।

हमेशा मदद का भरोसा दिया

फेयरवेल समारोह में सीनियर छात्र-छात्राएं पूरी तरह सजे-धजे अंदाज में पहुंचे। डीजे की धुन पर उन्होंने जमकर डांस किया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। छात्रों ने एक-दूसरे के साथ सेल्फी ली और यादों को कैमरे में कैद किया। माहौल में खुशी और भावनाओं का अद्भुत मिश्रण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान सीनियर छात्रों ने अपने जूनियर्स को पढ़ाई में हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने कहा कि भले ही कॉलेज का यह आखिरी दिन है, लेकिन रिश्ते हमेशा कायम रहेंगे और सभी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहेंगे। यह पल सभी के लिए बेहद खास और यादगार बन गया।

उज्ज्वल भविष्य की कामना की

रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने करियर में आगे बढ़ने, कड़ी मेहनत करने और अच्छे स्वास्थ्य का ध्यान रखने की प्रेरणा दी। प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, संस्थान के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, सीईओ सोनल रूंगटा और रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में एकेडमिक्स में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

छात्रों को मिले पुरस्कार

कार्यक्रम में सिद्धार्थ कुमार, श्रीराम शर्मा, अपूर्व कुमार, लोहित सिंह चौहान, आशीष सिंह को मिस्टर एकेडमिक से नवाजा गया। सुप्रिया धारा, सुरुचि सिंह, स्वाति कुमारी, मेहरून निशा, मुस्कान मिस एकेडमिक बनीं। विदाई समारोह न केवल छात्रों के लिए यादगार रहा, बल्कि कॉलेज परिवार के लिए भी एक भावुक पल बन गया। हंसी, खुशी और आंसुओं के बीच सीनियर छात्रों ने अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को अलविदा कहा और नए सफर की ओर कदम बढ़ाया।

केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा बदलाव आया : प्रीतम सिन्हा

■ **वरिष्ठजनों एवं मितानित दीदीयों का किया गया सम्मान**

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत जिले में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने भाजपा के कार्यकर्ता लगातार गांव पहुंच जनसंपर्क कर रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को गरियाबंद मंडल अंतर्गत पांडुका क्षेत्र के ग्राम रजनकट्टा में इस अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, महतारी वंदन, स्वच्छ भारत अभियान, शौचालय निर्माण, दीन दयाल उपाध्याय कृषि उन्नत योजना, जी राम जी सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से

जानकारी दी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा ने कहा कि इन जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।

आज प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन और स्वच्छता अभियान से लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि भाजपा का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान गांव-गांव तक पहुंचकर लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास है। हमारा लक्ष्य है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। मन के बात के सह प्रदेश प्रभारी चंदन साहू ने किसानों को किसान निधि दिया जा रहा हैं। छत्तीसगढ़ में लगातर किसानों के लिए सरकार काम कर रहीं हैं। महिलाओं को महातरी वंदन दिया जा रहा हैं। गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा कि भाजपा हमेशा जनता के बीच रहकर काम करने वाली पार्टी है। अभियान के तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हीरालाल साहू, रमेश कांडरा, डोमन लाल साहू, पूना राम साहू, घुराऊ राम साहू, पंडवानी गायिका पूना बाई कंडरा, सरपंच तेज कुंवर कंडरा, मितानिन मोगरा बाई निषाद का सम्मान भी किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन खिलेश्वर गोस्वामी ने किया। प्रमुख रूप से मन के बात के सह प्रभारी चंदन साहू, भाजपा आईटी सेल संभाग प्रभारी सागर मयाणी, महामंत्री किशन कंडरा, उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, मंत्री गायत्री पटेल, जवाहर शर्मा, पार्षद खेम सिंह बघेल, गुलाब यादव, रमेश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

धार्मिक स्वातंत्र्य अधिनियम पारित होने पर हिन्दू जागरण मंच ने आभार पत्र सौंपा

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम को पारित कर समाज में धर्म की स्वतंत्रता एवं सामाजिक समरसता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।यह अधिनियम न केवल प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है, बल्कि जबरन, प्रलोभन अथवा छलपूर्वक किए जाने वाले धर्मांतरण पर प्रभावी रोक लगाने का कार्य भी करेगा। इससे समाज में शांति, सद्भाव एवं विश्वास का वातावरण मजबूत होगा।हिन्दू जागरण मंच का मानना है कि यह निर्णय छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान एवं मूल्यों की रक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।हिन्दू जागरण मंच, जिला धमतरी,ने अपर कलेक्टर श्री मति इंदिरा सिंह के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन एवं माननीय मुख्यमंत्री जी का धार्मिक स्वातंर्त्य अधिनियम पारित करने पर आभार प्रकट करता है तथा आशा करता है कि इस अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।हिन्दू जागरण मंच प्रदेश के समस्त नागरिकों से अपील करता है कि वे इस अधिनियम का सम्मान करें एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें,आभार प्रकट करने में वालों प्रांत कार्यकारणी सदस्य युवा आयाम दीपक सिंह ठाकुर,जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद सहसंयोजक चित्रेश साहू,युवा आयाम सत्यम सिन्हा,संपर्क प्रमुख अनिमेष चंदेल,महिला आयाम भावना सिन्हा,दिव्या नेताम, पूजा साहू ,हंसिका आर्थिक आयाम भीखम साहू, नगर संयोजक अभिषेक साहू, सहसंयोजक शिवांश पटवा, नगर युवा आयाम आयुष पात्रे,संजय साहू,सनत साहू उपस्थित थे।

बाइक हटाने को लेकर विवाद, मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। गणेश मार्केट के सामने से बाइक हटाने को लेकर हुए मारपीट के मामले में आरोपी के विरुद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को प्रार्थी वार्ड नं 26 क्लबपारा निवासी विकास जैन ने बताया कि वह कोरियर का काम करता है। 8 अप्रैल की शाम करीबन 6.30 बजे अपनी बाइक को गणेश मार्केट के सामने खड़ी कर अपने दुकान चला गया। वापस आकर देखा तो जैयश साहू द्वारा उसके बाइक को खींचकर दूसरी जगह रख दिया था। जिस पर उसने जैयश साहू से पूछा कि मेरे मोटर सायकल को खीचकर क्यों ले गये हो, मुझसे चाबी मांग लेते। इतने में आरोपी जैयश साहू ने गुस्से में आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

शराब बेचने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम तेंदुकोना धान मंडी के पास पेड़ के नीचे देशी प्लेन शराब बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ तेंदुकोना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम तेंदूकोना धान मंडी के पास कोसम पेड के नीचे में एक व्यक्ति देशी प्लेन शराब बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस आरोपी कौहाकुड़ा थाना तेंदुकोना निवासी सोमनाथ ध्रुव (35) के कब्जे से 23 पौवा देशी प्लन रोमियो शराब कीमत 1840 रुपए को बरामद कर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

पांच करोड़ के गांजे का नष्टीकरण

महासमुंद/नवप्रदेश। बेलसोंड़ा बालाजी पावर प्लांट में शनिवार को पुलिस ने अवैध रूप से तस्करी में पकड़े गए गांजा का विधिवत नष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई शासन की निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की उपस्थिति में संपन्न हुई। नष्टीकरण की इस प्रक्रिया में कुल 09 क्विंटल 96 किलो 660 ग्राम (996.660 किलोग्राम) गांजा नष्ट किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 5 करोड़ 2 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। यह गांजा महासमुंद जिले के थाना कोमाखान में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के तीन अलग-अलग मामलों में जब्त किया गया था, जिनमें वर्ष 2025 का एक और वर्ष 2026 के दो प्रकरण शामिल हैं। पूरी कार्रवाई बालाजी पावर प्लांट में संपन्न हुई, जहां जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय और जिला आबकारी अधिकारी की उपस्थिति में पहले भौतिक सत्यापन किया गया, तत्पश्चात नियमानुसार गांजे का नष्टीकरण किया गया।

पति ने पत्नी को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जामली थाना बसना हाल निवास जोगनीपाली थाना सरायपाली निवासी पूजा सागर (23) ने बताया 06 अप्रैल को सुबह करीब 8:30 बजे का ग्राम जामली में घर में थी, तभी उसके पति राजेश सागर द्वारा पारिवारिक बातों को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट व जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 296,115(2), 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

15 लाख के शेड से गोवंश को मिली बड़ी राहत, गौशाला को मिला संबल

बेजुबानों की सेवा में समर्पित इंसानियत: पंडरीपानी की गौशाला बनी करुणा, आस्था और संघर्ष की मिसाल

■ **गौ तस्करों की धमकियों से बढ़ी चिंता, समिति ने जताई अनहोनी की आशंका**

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंडरीपानी, भीतररास सिहावा स्थित श्री श्रृंगी ऋषि गौशाला, जीव रक्षा सेवा समिति आज केवल एक गौशाला नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और धर्म की जीवंत मिसाल बनकर उभर रही है। वर्ष 2006 में जियो और जीने दो के मूल उद्देश्य के साथ स्थापित इस गौशाला ने सैकड़ों बेजुबान पशुओं को नया जीवन देने का कार्य किया है।

सेवा ही साधना: आत्मिक संतोष का अनमोल अनुभव : गौशाला परिसर में चर्चा करते हुए अध्यक्ष प्रिंस गोलछा ने कहा कि सेवा अनेकों प्रकार की की जाती है, लेकिन गौ सेवा करना हमने इसलिए चुना क्योंकि आज जिस प्रकार से इन बेजुबान जानवरों को सताया और काटा जा रहा है, उनके जीवन की रक्षा करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। मुझे इस कार्य को करने से जो आत्मिक संतुष्टि

प्राप्त होती है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

वहीं कोषाध्यक्ष अनिल वाधवानी ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेख है कि गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का निवास होता है। गौ सेवा और पूजा से ही 33 करोड़ देवी-देवताओं की आराधना हो जाती है। यह मेरा व्यक्तिगत अनुभव रहा है कि पिछले 8 माह में, मुझे ब्लडप्रेशर की बीमारी थी और व्यवसायिक कार्यों के कारण थकान व तनाव भी रहता था, लेकिन प्रतिदिन सुबह गौशाला में गौ माता की सेवा के बाद शारीरिक, मानसिक और आत्मिक प्रसन्नता मिल रही है, जिसका परिणाम है कि आज ब्लडप्रेशर सामान्य हो गया है और तनाव भी समाप्त हो गया है।

गौशाला का विस्तार: 290 से 470 गायों तक का सफर : वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा लगभग 8 माह पूर्व कार्यभार संभालने के समय गौशाला में 290 गायें थीं, जो अब बढ़कर 470 हो चुकी हैं। इनमें से 80 गायों को दुगली क्षेत्र से गौ तस्करी से बचाया गया तथा 33 गायों को कांकेर से सुरक्षित लाया गया।

आर्थिक व्यवस्था और जनसहयोग: सेवा का मजबूत आधार : गौशाला के संचालन में प्रतिदिन लगभग 10 हजार रुपये का व्यय होता है। गौ सेवा आयोग से प्रति वर्ष 25 लाख रुपये की राशि किश्तों में प्राप्त होती है। दानदाताओं के सहयोग से गौ बरामदा, कमरे और गोदाम का निर्माण कराया गया है।

स्थापना और उद्देश्य: करुणा से शुरू हुई सेवा की यात्रा

11 मार्च 2006 को संस्थापक महेश नाहटा द्वारा स्थापित इस गौशाला को प्रथम अध्यक्ष स्व. कांशी राम साहू ने अपनी 2.5 एकड़ भूमि दान देकर मजबूत आधार दिया। बेजुबान पशुओं के जीवन की रक्षा और सेवा का संकल्प लेकर शुरू हुई यह संस्था आज पूरे क्षेत्र में प्रेरणा का केंद्र बनी हुई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2009 में यति यतलाल अहिंसा एवं गौरक्षा अलंकरणः से भी सम्मानित किया जा चुका है।

समर्पित टीम: हर सुबह सेवा से होती है शुरुआत

समिति के वर्तमान अध्यक्ष प्रिंस गोलछा, कोषाध्यक्ष अनिल वाधवानी, सचिव श्रीमती अनिता गोलछा, डेविड साहू, धनेंद्र ठाकुर, शिवशंकर सोनबोइर, विकास जैन, दानसाय साहू एवं देवीचंद ढेलडिया सहित पूरी टीम प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक गौशाला पहुंचकर सैकड़ों गायों की सेवा में जुट जाती है। गायों को कुट्टी-चारा देना, साफ़सफ़ाई, नहलाना, बीमार गायों की देखभाल तथा बछड़ों को दूध पिलाना जैसे कार्य नियमित रूप से सेवा भाव से किए जाते हैं।

पिता -पुत्र पर जानलेवा हमला

महासमुंद/नवप्रदेश। बस स्टैंड में बाप-बेटे से मारपीट कर जानलेवा हमला करने के आरोप में सिटी कोतवाली में दो लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम मुस्की वार्ड नं. 13 महामाया मंदिर, थाना तुमगांव निवासी शीतल दास मानिकपुरी (57) ने 13 बताया कि वह ग्राम का कोटवार है। 08 अप्रैल की शाम 6 बजे अपने बेटे दोनेश्वर दास मानिकपुरी के साथ कार में सब्जी लेने महासमुंद आया था। सब्जी लेने के बाद वे महासमुंद बस स्टैंड के बागबाहरा जाने वाले गेट के पास पहुंचे थे, उसी समय एक अज्ञात लड़का अपनी कार खड़ी कर किसी से बात कर रहा था, तभी मेरे बेटे ने उसे कार हटाने हेतु हार्न बजाया, कुछ दूरी पर खड़े कैलाश बाघ व साहिल खान निवासी महासमुंद के द्वारा एक राय होकर उसे तथा उसके बेटे दोनेश्वर दास मानिकपुरी को गाली देकर हत्या करने की नीयत से हाथ मुक्का, ईंट एवं कांच का बोतल से मारपीट किया है, जिससे उसके सिर, कान, मुंह में चोंट आयी है तथा दोनेश्वर दास मानिकपुरी को कान में गंभीर चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफबीएनएस की धारा 109. 118(1), 296, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

अवैध लकड़ी परिवहन पर कार्रवाई ट्रक समेत 23 नग लकड़ी जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। वनमंडल में अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफप्रभावी कार्रवाई की गई है। बागबहरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत खल्लारी सर्किल के दक्षिण खल्लारी परिसर में विशेष जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान ग्राम चुरकी क्षेत्र में वन अमले ने एक स्वराज माजदा ट्रक (क्रमांक सीजी 08 एल 0851) को रोककर जांच की। तलाशी के दौरान वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही बीजा लकड़ी 19 नग (1.523 घनमीटर) तथा अन्य प्रजाति की 4 नग (0.353 घनमीटर) लकड़ी पाई गई। कुल 23 नग (1.858 घनमीटर) लकड़ी को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान वाहन चालक राकेश सतनामी, निवासी फरफोद, आरंग, जिला रायपुर को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ में चालक ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। वन विभाग ने आरोपी के खिलाफ वन अपराध क्रमांक 14402/24 के तहत 10 अप्रैल 2026 को प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इस कार्रवाई में वन प्रबंधन समिति चुरकी के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव, डिप्टी रेंजर मोतीलाल साहू, वन रक्षक कमल यादव, अमित दीवान एवं विवेकानंद का योगदान रहा है।

सरसीवां में गूंजेगा बाबा साहेब का संदेश, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़) /नवप्रदेश। जिले के सरसीवां नगर पंचायत में इस वर्ष भी भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पूरे उत्साह, श्रद्धा और एकता के भाव के साथ मनाई जाएगी। 14 अप्रैल को आयोजित इस ऐतिहासिक दिवस को लेकर नगर में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 14 अप्रैल को दोपहर 3 बजे एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरुआत सरसीवां के नवीन बस स्टैंड स्थित तहसील कार्यालय परिसर से होगी। यहां स्थापित डॉ. अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर विधिवत पूजा-अर्चना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके पश्चात शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पूरे बस्ती क्षेत्र का भ्रमण करेगी। आयोजन समिति एवं व्यवस्थापकों ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों से सविनय आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उनका कहना है कि यह शोभायात्रा केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बाबा

एलपीजी गैस आपूर्ति सामान्य, निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

■ **अफवाहों से दूर रहने की अपील, पेट्रोल-डीजल व आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर रखी जाएगी सतत नजर**

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल, डीजल एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुचारू उपलब्धता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए इस कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 99265-45105 निर्धारित किया गया है।

इस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। सहायक खाद्य अधिकारी मनीष यादव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके नेतृत्व में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई है, जो महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली विकासखंडों में आपूर्ति व्यवस्था पर नजर रखेगी। प्रशासन द्वारा घरेलू एलपीजी गैस, पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता के साथ-साथ दैनिक जरूरत की वस्तुओं की नियमित समीक्षा की जाएगी। साथ ही घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं किसी भी प्रकार के दुरुपयोग पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों को साप्ताहिक प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर श्री लंगेह ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य है और नागरिकों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। गैस एजेंसियों और ऑयल कंपनियों के साथ नियमित बैठक कर आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रम पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। प्रशासन द्वारा समय-समय पर आपूर्ति व्यवस्था की सही जानकारी साझा की जाएगी, ताकि नागरिकों को सटीक और विश्वसनीय सूचना मिलती रहे।

धारदार हथियार से हमला एक की मौत, दो घायल

■ **मुख्य आरोपी सहित दो लोग पुलिस हिरासत में**

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली थाना अंतर्गत झिलमिला वार्ड क्रमांक-8 में पारिवारिक विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया, जहां आपसी झगड़े के दौरान धारदार हथियार से एक-दूसरे पर हमला कर दिया गया। इस घटना में अनवर खान (53) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र अजहर खान (21) और पुत्री शहनाज (27) गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी राकेश साहू एवं ताजुद्दीन सहित अन्य संबंधित लोगों को अभिरक्षा में ले लिया है। फिलहाल पुलिस द्वारा सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा घटना के कारणों की विस्तृत जांच जारी है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

सरकारी योजना: महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना से किसानों के खेतों को मिलेगा जीवनदान

कलेक्टर-सीईओ के मार्गदर्शन में गुणवत्तापूर्ण हुआ पक्की नाली का निर्माण

■ **ग्राम पंचायत खुरदरहा में उत्कृष्ट निर्माण तकनीकी टीम और सरपंच की मेहनत लाई रंग**

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत खुरदरहा (आश्रित ग्रामक्कोदोपाली) में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत कलेक्टर डॉ. संजय कनौजे एवं जिला पंचायत सीईओ इन्द्रजीत बर्मन के मार्गदर्शन में लगभग 18.91 लाख रुपये की लागत से रामायण खेत से छत्तर खेत तक पक्की नाली निर्माण कार्य स्वीकृत

होकर सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया जो अब ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहा है।

ग्राम पंचायत एवं तकनीकी सहायक लिकेश कुमार के नेतृत्व में यह निर्माण कार्य गुणवत्ता को प्राथमिकता देते हुए कराया गया। कार्य में तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखा गया जिससे नाली मजबूत, टिकाऊ और उपयोगी बनी है। इस पक्की नाली के निर्माण से अब जंगल से आने वाला पानी सीधे नाली के माध्यम से किसानों के खेतों तक आसानी से पहुंच सकेगा जिससे लगभग 15 से 20 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। पहले जहां किसानों को धान की फसल के दौरान पानी की कमी से जूझना पड़ता था वहीं अब इस समस्या का स्थायी समाधान हो गया है, जिससे ग्रामीणों में खुशी और संतोष का वातावरण है।

तकनीकी सहायक लिकेश कुमार ने बताया कि यह कार्य कलेक्टर एवं जिला सीईओ के मार्गदर्शन अनुसार पूरी गुणवत्ता के साथ कराया गया है। उन्होंने विशेष रूप से एपीओ शशिकांत गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निर्देशानुसार कार्य स्थल का चयन उपयोगिता के आधार पर किया गया। साथ ही CLART MAP °ß´ BHUVAN APP जैसे आधुनिक तकनीकी साधनों का उपयोग कर सटीक स्थान चिन्हांकन किया गया, जिससे कार्य की गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सकी। इस कार्य की सफलता में ग्राम पंचायत, सरपंच एवं पूरी टीम की सक्रिय भागीदारी और समन्वय सराहनीय रहा।

सभी के सामूहिक प्रयास से यह निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हुआ, जो ग्रामीण विकास की दिशा में एक उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रशासनिक अधिकारियों के कुशल नेतृत्व और तकनीकी टीम की मेहनत से यह कार्य न केवल रोजगार सृजन का माध्यम बना बल्कि गांव की कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है जिसकी ग्रामीणों द्वारा खुलकर प्रशंसा की जा रही है।

आस्था की भीड़ के नाम पर भगदड़ को बढ़ावा, 'कालिका मैया' की एंट्री पर बेकाबू जनसैलाब

बालोद/ नवप्रदेश। बालोद जिले के गांवों में इन दिनों डोंगरगढ़ (जिला राजनांदगांव) की प्रसिद्ध ÷दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी पार्टी, पटपर÷ की प्रस्तुति लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, लेकिन यही आकर्षण अब गंभीर खतरे का संकेत भी देता नजर आ रहा है। आस्था के नाम पर उमड़ रही भीड़ कई जगहों पर भगदड़ जैसी स्थिति पैदा कर रही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस झांकी का मुख्य आकर्षण 'कालिका मैया' की प्रस्तुति है। जैसे ही एक युवक मां काली की वेशभूषा में स्टेज पर एंट्री करता है, माहौल पूरी तरह बदल जाता है। दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु इस दृश्य को देखने और अपने मोबाइल में कैद करने के लिए अचानक मंच की ओर टूट पड़ते हैं। इसी दौरान भीड़ बेकाबू हो जाती है और नियंत्रण पूरी तरह कमजोर पड़ जाता है। कार्यक्रम के दौरान गाए जाने वाले माता सेवा के भक्ति गीत माहौल को और उग्र बना देते हैं। श्रद्धालु झूमने लगते हैं और कई लोग आस्था में इस कदर डूब जाते हैं कि उन पर देवी सवार होने जैसी स्थिति देखने को मिलती है। इस दृश्य को देखने और उसके करीब पहुंचने के लिए भीड़ लगातार आगे बढ़ती रहती है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाती है। कई मामलों में तो भक्त स्टेज तक पहुंच जाते हैं और मां काली व मां दुर्गा के वेश में नृत्य कर रहे युवकों को पकड़ने की कोशिश करते हैं, जो

स्थिति को और ज्यादा खतरनाक बना देता है।

बीती रात बालोद से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम ओरमा में आयोजित कार्यक्रम में भी यही हाल देखने को मिला। कमजोर बांस कुछ बैरिकेडिंग को तोड़कर लोग अंदर घुस गए और स्टेज नीचे होने के कारण भीड़ सीधे मंच तक पहुंच गई। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को इस दौरान भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और पूरा माहौल अव्यवस्थित हो गया।

हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस प्रशासन भी भीड़ को नियंत्रित करने में बेबस नजर आया। बार-बार समझाइश के बावजूद लोग नहीं माने, जिसके बाद पुलिसकर्मियों को लाठी लेकर भीड़ को खदेड़ना पड़ा। कार्यक्रम देर रात करीब 2 बजे तक रुक-रुक कर चलता रहा, जो सुरक्षा इंतजामों की पोल खोलने के लिए काफी है। इस पूरे मामले में आयोजकों की लापरवाही सबसे बड़ा सवाल बनकर सामने आ रही है। इतनी बड़ी भीड़ के बावजूद न तो पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई और न ही भीड़ नियंत्रण के प्रभावी उपाय किए गए। जिम्मेदारी लेने के बजाय तंत्र-मंत्र और अफवाहों की बातें कर मामले को हल्का करने की कोशिश की जा रही है।

सोशल मीडिया की बढ़ती दीवानगी भी इस भीड़ को और खतरनाक बना रही है। युवा वायरल वीडियो और व्यूज के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। 'कालिका मैया' की एंट्री को रिकॉर्ड करने की होड़ और अंधविश्वास का माहौल लोगों को और ज्यादा उकसा रहा है।

लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आस्था की यह भीड़ किसी दिन बड़ी दुर्घटना में बदल सकती है।

न्यूज गैलरी

स्टेडियम वार्ड में स्वच्छता अभियान

राजनांदगाव / नव प्रदेश। महान समाज सुधारक विचारक श्री ज्योतिबा राव फुले जी के जयंती पर स्टेडियम वार्ड नंबर 22 में स्वच्छता अभियान चलाया गया. उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुरु सांसद एवं महापौर श्री मधुसूदन यादव जी निगम अध्यक्ष श्री पारस वर्मा जी वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा जी द्वद्ब शैकी बग्गा जी डीलेश्वर साहू रानू जैन पार्षद प्रियंका पंकज कुरजेकर अरुण साहू दूरेंद्र साहू सतीश साहू विजय राय जी अतुल राय जादा जी किशुन यदु सुमित भाटिया नादान सेन अभय पारख राजेश यादव आदित्य पराते कृष्णा तिवारी टीकाराम त्यागी जीवन चतुर्वेदी अमित साहू पंकज कुंरजेकर वार्डवासी सहित अन्य सामाजिक जन उपस्थित थे

विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति भुगतान के लिए आधार सीडेड खाता अनिवार्य

कवर्धा / नव प्रदेश। कबीरधाम जिले के समस्त शालाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्ति का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाना है। शासन द्वारा लिए गए इस निर्णय के तहत विद्यार्थियों के बैंक खातों का आधार से सीडेड होना अनिवार्य किया गया है। जिले में राज्य छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अब तक 37 हजार 599 विद्यार्थियों का आधार सीडिंग कार्य पूर्ण किया जा चुका है। हालांकि, संस्थाओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनेक विद्यार्थियों के बैंक खातों में अभी भी आधार सीडिंग नहीं होने की स्थिति सामने आई है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिले के सभी शाखा प्रबंधकों एवं डाक विभाग को निर्देशित किया है कि वे विद्यालयों में शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों के निःशुल्क आधार सीडेड बैंक खाते खोलें। साथ ही जिन विद्यार्थियों के खातों में आधार सीडिंग नहीं हुई है, उनके खातों को शीघ्र आधार से लिंक किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि इस कार्य को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि पात्र विद्यार्थियों को शासन द्वारा प्रदायित छात्रवृत्ति राशि का लाभ समय पर मिल सके।

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा उप चुनाव अध्यक्ष पद के रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

कवर्धा / नव प्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 13 एवं 14 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिकारियों को नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को रिटर्निंग ऑफिसर और तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहसपुर लोहारा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है।

ईतवारी बाजार में नवीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का भूमिपूजन

धमतरी/ नव प्रदेश। शहर के ईतवारी बाजार क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कोतवाली थाना के समीप नवीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (क्काष्ट) भवन का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम धमतरी के महापौर श्री रामू रोहरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा ने की। साथ ही जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन, पार्षद चन्द्रभागा,साहू,नम्रतामाला पवार,एमआईसी सदस्य नरेंद्र रोहरा,श्याम लाल नेताम,युगल (पिंटू)यादव,विभा चंद्राकर, पार्षद मेघराज ठाकुर,तल्लीनपुरी गोस्वामी,राकेश चंदवानी, अनिता अग्रवाल, ईश्वर सोनकर, अज्जू देशलहरे, गजेंद्र कंवर,मुकेश शर्मा, महेंद्र खंडेलवाल,भूपेंद्र मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही।कार्यक्रम में महापौर श्री रामू रोहरा ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि शहर के तेजी से बढ़ते विस्तार और जनसंख्या को देखते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह नया शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आम नागरिकों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग को इसका सीधा लाभ मिलेगा।महापौर रोहरा ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगम मिलकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. यू.एल. कौशिक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,डॉ. रेहाना कदीर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,डॉ.आदित्य सिन्हा डी.एच.ओ.,डॉ.प्रिया कंवर जिला कार्यक्रम प्रबंधक,नामिका बिश्वास शहरी कार्यक्रम प्रबंधक,मिथलेश एमएससी इंजीनियर,मनोज वाधवानी,ह्रू सुपरवाईजर,युवराज देवॉगन लेखापाल,सतीष यादव फार्मसिस्ट चिरायू,रूपम चन्द्रकार,शैलेश देवॉगन कनिष्ठ सचिविय सहायक,संगीता साहू मितानिन समन्वयक सहित स्टाफ उपस्थित थे।

युवकों से ठगी का बड़ा नेटवर्क उजागर, फर्जी प्रोफाइल तैयार करते थे

फर्जी मैरिज ब्यूरो का भंडाफोड़, तीन और आरोपी गिरफ्तार, लाखों की ठगी

राजनांदगांव, / नव प्रदेश । थाना बसंतपुर पुलिस ने ÷लव लाईफरिश्ते मैरिज ब्यूरो÷ के नाम पर चल रहे ठगी के संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह द्वारा युवतियों के फर्जी फोटो और आईडी बनाकर युवकों को झांसे में लेकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की जा रही थी।

आरोपी सोशल मीडिया और इंटरनेट से युवतियों के फोटो डाउनलोड कर फर्जी प्रोफाइल तैयार करते थे। इसके बाद व्हाट्सएप के माध्यम से युवकों को संपर्क कर रजिस्ट्रेशन, पैकेज और फैमिली मीटिंग के नाम पर मोटी रकम वसूलते थे। इस मामले में पुलिस ने ताम्रध्वज मानिकपुरी (23) और सियाराम साहू (23) को जिला कबीरधाम से तथा श्रृष्टि गोस्वामी (21) को राजनांदगांव से गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

इस प्रकरण में पूर्व में मैरिज ब्यूरो की संचालक नेहा पाठक और डायरेक्टर धर्मेन्द्र मानिकपुरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस अब भी अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

सूचना पर हुई कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर और नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के निर्देशन में जांच की गई। अपराध की पुष्टि होने पर थाना बसंतपुर में मामला दर्ज कर टीम गठित कर आरोपियों की धरपकड़ की गई।

पुलिस टीम की रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक देवदास भारती सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस की अपील

राजनांदगांव पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी ऑनलाइन मैरिज ब्यूरो, सोशल मीडिया या व्हाट्सएप पर मिलने वाले विवाह प्रस्तावों पर बिना सत्यापन के विश्वास न करें और किसी भी प्रकार का भुगतान करने से पहले पूरी जानकारी जांच लें। संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में दें।

पीएम आशा अभियान के तहत दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी

■ **कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों पर सभी तैयारी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

कवर्धा / नवप्रदेश । जिले में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और समर्थन मूल्य पर सुचारू खरीदी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम आशा योजना) के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में खरीफ वर्ष 2025-26 की प्रमुख दलहन एवं तिलहन फसलों अरहर, मूंग, उड़द, सोयाबीन और मूंगफली तथा रबी वर्ष 2026-27 की फसल चना, मसूर और सरसों के पंजीयन एवं उपार्जन की तैयारियों की गहन समीक्षा की। बैठक में उपसंचालक कृषि, जिला विपणन अधिकारी, नोडल जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डीआरसीसी के अधिकारी तथा किसान संघ के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों का पंजीयन और फसलों की खरीदी सुव्यवस्थित ढंग से की जाए। उन्होंने खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बोरा, हमाली, क्यूआर कोड आधारित पंजीयन और परिवहन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी डीएमओ को सौंपी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी केंद्रों में सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित रहें, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

एफएलएन अंतर्गत नवीन पाठ्यपुस्तकों पर हुआ प्रशिक्षण

भाटापारा / नवप्रदेश । जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे के दिशा-निर्देश में प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शंकरनगर रायपुर के आदेशानुसार एफएलएन अंतर्गत नवीन पाठ्यपुस्तकों पर प्राथमिक शाला के शिक्षकों हेतु प्रति विकासखण्ड से 12-12 बी.आर.जी. का ब्लेंडेड मोड 06.04.2026 से 10.04.2026 तक 05 दिवस आवासीय प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय एम.डी.व्ही. बलौदाबाजार में दिया गया है। उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने

उपरांत प्रत्येक विकासखण्ड के 12-12 बी.आर.जी. जिले के चयनित 06 डी.आर.जी. से समन्वय कर विकासखण्ड को आवश्यकतानुसार तीन/चार/पांच जोन में बांटकर दिनांक 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्राथमिक शाला के शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नवीन पाठ्यक्रम की अवधारणाओं से अवगत कराना एवं अध्ययन में आने वाली समस्याओं का निदान करना तथा अध्ययन/अध्यापन की प्रक्रिया को सुगम बनाना इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है।

पोषण दिवस से ग्रामीणों को मिला लाभ

कवर्धा/ नवप्रदेश । विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत विकासखंड बोड़ला में स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जिला पंचायत सीईओं श्री अभिषेक अग्रवाल ने बताया

की जागरूकता गतिविधियाँ के आयोजन में विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान ए.एन.सी. जांच, बाल वृद्धि निगरानी एवं अनुपूरक पोषण पंजीकरण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान की जा रही है।

साथ ही गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं आमजन को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि आकांक्षी विकासखंड बोडला में संपूर्णता अभियान 2.0 संचालित है। इस दौरान विभिन्न विभाग अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं से स्थानीय समुदाय को लाभान्वित कर रहे है। स्वास्थ्य शिक्षा पोषण जैसे महत्वपूर्ण कारकों के द्वारा स्थानीय समुदाय को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का काम हो रहा है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य, विज्ञान एवं पोषण पर जागरुकता कार्यक्रम

बागबाहरा।। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम स्वास्थ्य और विज्ञान के साथ पोषण को जोड़ते हुए ग्राम हाथीबाहरा में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम एवं पोषण मेला आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत हाथीबाहरा सरपंच श्रीमती निशा चंद्राकर एवं जनपद सदस्य तुलाराम ठाकुर द्वारा मां सरस्वती पूजन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाथीबाहरा के राहुल बाग द्वारा 100 वर्ष पूर्व बनाम वर्तमान

स्वास्थ्य सेवाएं विषय पर जानकारी देते हुए बताया गया कि पूर्व में स्वास्थ्य सुविधाओं एवं जागरूकता के अभाव के कारण गंभीर बीमारियों का समय पर उपचार संभव नहीं हो पाता था, जबकि वर्तमान में विज्ञान के विकास से विभिन्न जांचों के माध्यम से बीमारियों की शीघ्र पहचान एवं प्रभावी उपचार संभव हो पाया है।

महापौर ने साफ-सफाई व फेंसिंग करने के दिये निर्देश

राजनांदगांव / नव प्रदेश। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर निगम का अमला द्वारा व्यापक तैयारी कर साफसफाई मे जोर दिया जा रहा है तथा जनमानस को स्वच्छता से जोडने, स्वच्छता अपनाने समझाईस दी जा रही है। इसके लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा स्वयं शहर में साफ सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे है। सफाई निरीक्षण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह चिखली,शांतिनगर का भ्रमण कर

सफाई कर्मियो को सफाई के संबंध में दिशा निर्देश दिए। वही चिखली स्कूल मैदान में खिलाडियो से रूबरू हो मैदान संधारण करने अधिकारियो को वार्ड नं. 10 शांतिनगर का महापौर श्री यादव ने जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद श्रीमती श्रुति जैन, पार्षद प्रतिनिधि श्री लोकेश जैन के अलावा प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू, उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे व श्रीमती रोमाली शेण्डे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, प्र.स्वच्छता निरीक्षक श्री पवन कुर्रे तथा निगम के अमला के साथ भ्रमण कर ससाफ सफाई का जायजा लिए। उन्होने कहा कि वार्ड मे साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, नालियो की नियमित सफाई कर कचरा उठावे, लोगो को सफाई से जोडे, उन्हें अपने घर के आस पास सफाई रखने तथा कचरा स्वच्छता दीदीयो को देने समझाईस देवे। महापौर श्री यादव ने रमन बाजार की प्रतिदिन सफाई करने तथा डबरी तालाब के आस पास साफ सफाई कर कटिली झाडिया काटने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होने सुरक्षा की दृष्टि से तालाब में फैसिंग करने तथा टो वाल मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार करने तकनीकि अधिकारी से कहा।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

राशन दुकान से समय-सीमा में हो खाद्यान्न का वितरण

कवर्धा/ नवप्रदेश । जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू की अध्यक्षता मे सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वन विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कार्यों सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। वन विभाग द्वारा सदन को जानकारी देते हुये बताया गया कि महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वर्ष 2024-25 मे 85 हजार, वर्ष 2025-26 मे 2 लाख 10 हजार मिश्रित फलदार पौधे तैयार किये गये। पौधे निःशुल्क वितरण के लिए नर्सरी मे उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। इसमे वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए सड़क किनारे वृक्षारोपण एवं खेतो के मेंढ मे पौधा रोपण किये

जाने के संबंध में बताया गया। राज्य शासन द्वारा संचालित किसान वृक्ष मित्र योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 मे 183 किसानों को लाभान्वित करने की जानकारी दी गई। जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट द्वारा फलदार पौधे को ग्राफ्टिंग पद्धति से अधिक उपयोगी बनाये जाने का सुझाव दिया गया। जिससे ग्रामीणों एवं समूहों को बेहतर आजीविका का साधन मिल सके जिस पर विभाग द्वारा कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। बैंठक मे सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण को आजीविका से जोड़ने के लिए कार्ययोजना तैयार किया जाए जिसमें महात्मा गांधी नरेगा से कार्य लिये जा सकेंगें। बैठक मे उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्रवंशी द्वारा भोरमदेव अभ्यारण्य की जानकारी चाही गई विभाग द्वारा बताया गया कि अभ्यारण्य आम जनता के लिए तैयार है जिसका शुभारंभ आगामी दिनो मे किया जाना है अभ्यारण्य क्षेत्र मे उद्यान सहित अन्य विकास के कार्य लगभग 75 लाख रूपये की लागत से करने की जानकारी दी गई। सदन मे कैम्पा योजनांतर्गत कराये जा रहे परिक्षेत्र की जानकारी दी गई। सामान्य सभा की बैठक मे उपाध्यक्ष, श्री कैलाश चन्द्रवंशी, सदस्य श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे, श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चन्द्राकर, श्री रामकुमार भट्ट, श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे, श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, श्रीमती ललिता रूपसिंह धुर्वे, श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू, श्री राजकुमार मेरावी, श्रीमती सुमीत्रा विजय पटेल, श्री विरेन्द्र कुमार साहू उपस्थित रहे।

गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

भटगांव/नवप्रदेश। मंडल भटगांव के ग्राम पंचायत जोरा में भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम में छाया विधायक व जिला पंचायत सदस्य दिनेश जांगड़े, कार्यक्रम के प्रभारी वह जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ दुर्गेश केशरवानी, मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह दीक्षित, जिला मंत्री महामंत्री श्यामलाल साहू, खेलन? यादव, जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा फूलचंद जायसवाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमल पटेल, रविन्द्र बनाफर, मनीष साहू, परमेश्वर साहू, गुलशन महिलाने, जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति जितेन्द्र नेताम, तारकेश्वर यादव, नरेन्द्र साहू, जगदीश साहू सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर चौपाल लगाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही साथ घर घर जाकर लोगों से संपर्क कर जनजागरण कर आमजन से संवाद स्थापित किया।

सोंढूर मेचका साकरा समूह जल योजना से बदलेगी ग्रामीणों की तस्वीर

■ टंकी व प्लांट तैयार, 17 गांवों में पाइपलाइन कार्य वन अनुमति के अभाव में अटका

नगरी/नवप्रदेश। केंद्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत ÷हर घर जल‡हर घर मुस्कान÷ के संकल्प को साकार करने की दिशा में धमतरी जिला लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में नगरी विकासखंड के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए सोंढूर‡मेचका साकरा समूह जल प्रदाय योजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।

इस बहुप्रतीक्षित योजना के अंतर्गत कुल 42 गांवों को जोड़ा गया है, जिसके माध्यम से लगभग 35 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों तक शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। करोड़ों रुपये की लागत से संचालित इस योजना में जल शुद्धिकरण संयंत्र (फिल्टर प्लांट) एवं ऊँची पानी टंकियों का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो

चुका है, जिससे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है।

पूर्व कलेक्टर अविनाश मिश्रा के निर्देशन में इस योजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे। निर्माण एजेंसी सूरज मल कंस्ट्रक्शन, बिलासपुर द्वारा भी कार्य को गति देते हुए अधिकांश हिस्सों में निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया गया है।

ठेकेदार के अनुसार, लगभग 25 गांवों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष 17 गांवों में कार्य अभी लंबित है। लंबित कार्य का प्रमुख कारण वन क्षेत्र में आने वाले हिस्सों के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस का नहीं मिल पाना बताया गया है। संबंधित वन विभाग को कई बार सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी है, किंतु अब तक अनुमति नहीं मिलने के कारण कार्य बाधित है। इन 17 प्रभावित गांवों में बेलरबाहरा, कस्लोर, तुमरी बाहरा, ठेन्ही, दोड़पंडरीपानी, गाताबहरी, अर्जुनी, बसिन, खलगढ़, लीलाज, गहनासियार, भीरागांव, महुवाबाहरा, बहामबहरी, लखनपुरी, रतावा तथा बिरनासिल्ली शामिल हैं, जहां पाइपलाइन कार्य अभी शेष है। विभागीय एसडीओ ठाकुर ने बताया कि निर्माण कार्य की प्रगति संतोषजनक है और ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता के साथ कार्य किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे ही वन विभाग से अनुमति प्राप्त होगी, शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कर जून माह तक सभी गांवों में जल आपूर्ति प्रारंभ करने का लक्ष्य रखा गया है।

हालांकि, स्थानीय स्तर पर वन विभाग की अनुमति में देरी और पीएचई विभाग की उदासीनता को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखी जा रही है। कई स्थानों पर पाइपलाइन कार्य लंबे समय से रुका हुआ है, जिससे योजना के पूर्ण होने में विलंब हो रहा है।

कलेक्टर ने मल्लखंब खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को योग भवन में मल्लखम्ब खिलाड़ियों के अभ्यास का अवलोकन किया। उन्होंने

अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न उत्कृष्ट प्रदर्शन क़ी सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि यह खेल सांस्कृतिक धरोहर है,इसे जिले में जीवंत बनाए रखना होग़ा। उन्होंने इस खेल में अधिक से अधिक बच्चों क़ी सहभागिता एवं सुविधा के लिये जरुरी कदम उठाने के निर्देश अधिकारियो को दिये। जिले के खेल प्रतिभाओ को उचित अवसर देकर आगे बढ़ाने कहा।इसके पूर्व मल्लखम्ब खिलाड़ियों ने कलेक्टर श्री शर्मा से कार्यालय में मुलाकात कर अपनी उपलब्धि से अवगत कराया था। बताया गया कि वर्तमान में लगभग 50 बच्चे द्वारा मल्लखम्ब खेल का अभ्यास कोच के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। दो खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर भी हुआ है।इस दौरान हेड कोच अकलेश नारंग एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी श्रीमती प्रीति बंछोर सहित खिलाडी उपस्थित थे।

संयुक्त टीम ने किया 2.88 बल्क लीटर देशी मदिरा जब्त

भाटापारा/नवप्रदेश। आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुए 2.88 बल्क लीटर देशी मदिरा जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना भाटापारा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम डिग्गी में आरोपी ललित जोगी के कब्जे से 2.88 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 1,600 होना पाया गया।आरोपी ललित जोगी पिता धनेश जोगी उम्र 40 वर्ष के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (ख) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू आबकारी मुख्य आरक्षक राधागिरी गोस्वामी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

अंधे कत्ल का पुलिस ने किया खुलासा, घरेलू विवाद में जघन्य अपराध

एक महीने से लापता युवक का कुएं में मिला शव, पिता और भाई ने मिलकर की थी हत्या

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एक महीने तक गायब रहे युवक का शव जब कुंए में प्लास्टिक बोरी में तैरता मिला, तो हर कोई सन्न रह गया। लेकिन असली कहानी उससे भी ज्यादा खौफनाक निकली—इस हत्या के पीछे कोई बाहरी नहीं, बल्कि खुद उसके पिता और छोटे भाई ही निकले।

जांच में खुला खौफनाक राज

पुलिस जांच में शव की पहचान 27 वर्षीय सत्यानारायण ध्रुव के रूप में हुई, जो पिछले एक महीने से लापता था। जब पुलिस ने परिवार से सख्ती से पूछताछ की, तो जो सच सामने आया, उसने सबको हिला दिया।

पत्थर से वार, मौके पर मौत

गुस्से में छोटे भाई ने घर में रखे पत्थर के सील से सत्यानारायण के सिर पर कई वार कर दिए। खून से लथपथ होकर वह वहीं गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई।

आखिरकार कानून के शिकंजे में आरोपी

पुलिस ने आरोपी पिता महेश ध्रुव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, जबकि नाबालिग बेटे को बाल न्यायालय में पेश किया गया है।

पिता ने बेटे संग मिलकर रची साजिश

कुछ देर बाद पिता महेश ध्रुव घर पहुंचे। बेटे की मौत देख उन्होंने पुलिस को सूचना देने के बजाय सबूत मिटाने का फैसला किया। दोनों ने मिलकर शव को बोरी में भरा, मोटरसाइकिल में रखकर सुनसान इलाके में ले गए और कुंए में फेंक दिया।

घरेलू विवाद बनी मौत की वजह

बताया गया कि सत्यानारायण शराब का आदी था और नशे में अक्सर घरवालों के साथ मारपीट करता था। 6 मार्च की रात भी वह अपनी मां के साथ मारपीट कर रहा था। इसी दौरान छोटे भाई का गुस्सा फूट पड़ा।

नशा, गुस्सा और अपराध का खतरनाक मेल

यह घटना सिर्फएक हत्या नहीं, बल्कि उस सामाजिक सच्चाई को उजागर करती है जहां शराब की लत और पारिवारिक तनाव मिलकर रिश्तों को खून से रंग देते हैं।

कुंए में मिला शव मची सनसनी

9 अप्रैल 2026 को यशवंत चंद्राकर के मुर्गी फार्म के पास जंगल से लगे लिफ्ट एरिगेशन के कुंए में एक युवक का शव बोरी में बंद हालत में तैरता मिला। शव के साथ पत्थर बांधा गया था ताकि वह डूबा रहे, लेकिन सच्चाई ज्यादा देर छुप नहीं सकी।

अघोषित कटौती और लो-वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

■ किसानों की फसल पर मंडराया खतरा, सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर विधायक द्वारिकाधीश यादव ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने इस मुद्दे को छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रमुखता से उठाते हुए जिले में ट्रांसफार्मर की कमी और बिजली आपूर्ति की अनियमितता का मामला सदन के सामने रखा। हालांकि सरकार की ओर से जवाब में कहा गया कि जिले में सामान्यतः बिजली आपूर्ति में कोई बड़ी समस्या नहीं है और आवश्यकता के अनुसार ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। विधायक यादव ने बताया कि अप्रैल की शुरुआत से ही बिजली विभाग का रोस्टर पूरी तरह फेल दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के कई गांवों में घंटों अघोषित बिजली कटौती हो रही है, जिससे आमजन की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और रात की नींद तक खराब हो रही है।

माखान, टेका, डोंगरगांव, चारभांठा, सालड़बरी, बोडरीदादर, खट्टी, मोंगरपाली, नवागांव और सोहागपुर सहित कई गांवों में स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। यहां लो-वोल्टेज के कारण बिजली उपकरण ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं, वहीं पुराने ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर बार-बार खराब हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस संकट का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ रहा है। सिंचाई पंप नहीं चल पाने से फसलों के सूखने का खतरा बढ़ गया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। विधायक यादव ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

भाटापारा रेलवे स्टेशन में डीआरएम से मिले नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भाटापारा प्रवास पर आए मंडल रेल प्रबंधक दयानंद से मुलाकात करते हुए उनसे विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा कर समस्याओं के निराकरण बाबत एक मांग पत्र सौंपा। भाटापारा छत्तीसगढ़ की प्रमुख नगर पालिकाओं में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। यहां का रेलवे स्टेशन न केवल नगरवासियों बल्कि आसपास के सैकड़ों गांवों के नागरिकों के लिए आवागमन का प्रमुख केंद्र है। प्रतिदिन हजारों

यात्रियों की आवाजाही के बावजूद यहां कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव एवं अव्यवस्थाएं बनी हुई हैं, जिनके समाधान हेतु भाटापारा प्रवास पर आए डीआरएम श्री दयानंद से नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने मुलाकात करते हुए उनका ध्यान मूलभूत समस्याओं के निदान हेतु दिलाते हुए एक ज्ञापन सौंपा। श्री शर्मा ने अपने ज्ञापन में लंबे समय से बंद पड़े पुराना हटरी बाजार अंडरब्रिज को शीघ्र पुनः प्रारंभ कर आवागमन सुनिश्चित करने, अमृत भारत योजना के अंतर्गत स्टेशन का कार्य तेज गति से करने, रेस्ट हाउस के समीप स्थित बड़े नाले के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने, रेलवे स्टेशन के सामने की अव्यवस्थित यातायात व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने की मांग प्रमुख है।

सट्टा खेलते एक युवक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक सट्टा खईवाल को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि पिथौरा के सब्जी मार्केट क्षेत्र में एक व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से सट्टा खिलाकर अवैध रूप से धन अर्जित कर रहा है और अन्य लोगों को भी इसमें शामिल कर रहा है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस टीम ने ग्राहक बनकर मौके पर दबिश दी और आरोपी को सट्टा खिलाते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील बंसल (40 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 15, सब्जी मार्केट पिथौरा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना पिथौरा में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6(क) के तहत मामला कायम किया गया है। यह प्रकरण अजमानतीय होने के कारण आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गय है।

आज मनाई जाएगी भक्त माता कर्मा जयंती

■ शोभायात्रा व बाइक रैली का होगा आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर साहू समाज भाटापारा के तत्वावधान में संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आज 12 अप्रैल रविवार को भव्य रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर समाज द्वारा विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील साहू (जिलाध्यक्ष, जिला साहू संघ बलौदाबाजार-भाटापारा) करेंगे।इसके अतिरिक्त समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर प्रातः 9 बजे भव्य शोभायात्रा एवं बाइक रैली निकाली जाएगी जिसमें जिसमें माता कर्मा जी की आकर्षक झांकी सजेगी। नगर साहु समाज के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शोभायात्रा साहू छात्रावास भवन, दानवीर भामाशाह चौक, परशुराम वार्ड से प्रारंभ होकर महतारी चौक, कांग्रेस भवन चौक, राम सप्ताह चौक, गोविंद चौक, ज्वेलर्स लाइन, दिगम्बर जैन मंदिर चौक होते हुए सती मंदिर, बब्बू होटल चौक से ओवर ब्रिज होते हुए पटपर चौक साहू समाज भवन पहुंचेगी, जहां महाआरती संपन्न होगी। महाआरती पश्चात रैली नहर चौक, अंडरब्रिज, रेलवे स्टेशन से शहर थाना होते हुए बाबूजी मोबाइल चौक, जय स्तंभ चौक होते हुए आडिल चौक के रास्ते पुनः साहू छात्रावास भवन पहुंचेगी, जहां रैली का समापन किया जाएगा।

सुपेबेड़ा के बाद अब फिंगेश्वर के पथर्री में मिले किडनी रोगी

■ विधायक रोहित साहू ने वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर प्रशासन को दिए निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा के बाद अब फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पथर्री में किडनी मरीज मिलना स्वास्थ्य विभाग के लिए नई चिंता का विषय बन गई है। गाँव में किडनी मरीज मिलने की सूचना मिलते ही राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने संज्ञान में लिया और संवेदनशीलता दिखाते हुए वस्तुस्थिति का जायजा लिया साथ ही प्रशासन को युद्ध स्तर पर शिविर एवं मरीजों के चिन्हांकन शुरू करने के निर्देश दिए हैं। विधायक रोहित साहू ने दूरभाष के माध्यम से विभाग के अधिकारियों से अब तक की गई कार्रवाई और अन्य सुविधाओं पर

विस्तृत चर्चा की। विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस मामले में संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक रोहित साहू ने कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं जिसके तहत सोमवार को गाँव में तत्काल विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ स्वास्थ्य शिविर लगाई जाएगी।

खट्टी जंगल ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा, दोस्त ही निकले कातिल

पुरानी रंजिश और गाली-गलौज बनी हत्या की वजह, पुलिस ने सुलझाई गुत्थी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खट्टी जंगल में मिले युवक के अज्ञात शव मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला ब्लाइंड मर्डर के रूप में सामने आया था, जिसे महासमुंद पुलिस ने सुलझाने में सफलता हासिल की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल 2026 को खट्टी जंगल में एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला था। जांच के दौरान मृतक की पहचान खैरा निवासी 23 वर्षीय

प्रकाश पटेल के रूप में हुई। शव पर चेहरे, गर्दन और सीने में गंभीर चोट के निशान थे तथा गले में पीला गमछा बंधा हुआ पाया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफहत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मृतक के दोस्तों से पूछताछ में अहम सुराग मिले। इसके आधार पर पुलिस ने चन्द्रहास नेताम उर्फ काजू, गोपाल प्रधान और जालंधर सोनवानी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। शराब के नशे में गाली-गलौज से उपजा था विवाद

पूछताछ में सामने आया कि मृतक और आरोपी आपस में दोस्त थे और अक्सर साथ बैठकर शराब पीते थे। लगभग एक माह पूर्व शराब के नशे में मृतक द्वारा आरोपियों को गाली देने से विवाद पैदा हुआ था। इसी बात का बदला लेने के लिए आरोपियों ने साजिश रची।

5 अप्रैल की रात आरोपी चन्द्रहास नेताम उर्फ काजू (21 वर्ष), गोपाल प्रधान (20 वर्ष) और जालंधर सोनवानी (21 वर्ष) ने प्रकाश पटेल को गायत्री मंदिर के पास से बहला-फुसलाकर अपने साथ बाइक में बैठाया और खट्टी जंगल ले गए। वहां कांच की बोतल और पत्थरों से उस पर जानलेवा हमला कर उसकी हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे और गरियाबंद क्षेत्र में छिपे हुए थे। लगातार दबिश और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (सीजी 04 क्यू क्यू 6845) भी जब्त कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफपहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

भलेशर नयापारा में तीन दिवसीय श्रीराम कथा का समापन

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम भलेशर नयापारा में आयोजित तीन दिवसीय श्री राम कथा कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक तथा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति द्वारा उनका पारंपरिक तरीके से श्री राम टोकरी भेंट कर, चंदन एवं गुलाल लगाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर तुषार साहू ने भगवान श्री राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा है। उन्होंने विशेष रूप से भरत और शत्रुघ्न के चरित्र का उल्लेख करते हुए बताया कि दोनों भाई त्याग, समर्पण और निस्वार्थ प्रेम के प्रतीक हैं। भरत ने भगवान राम के प्रतिनिधि के रूप में नंदीग्राम में तपस्वी जीवन व्यतीत करते हुए 14 वर्षों तक राज्य का संचालन किया, वहीं शत्रुघ्न ने भरत की सेवा और अयोध्या की रक्षा में अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि भरत और शत्रुघ्न का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा प्रेम और कर्तव्य भोग नहीं, बल्कि त्याग में निहित होता है। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से छोटू साहू, जितेन साहू, शोभित साहू, लोकेश साहू, महेश साहू सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

पेज 1 का शेष...

ईरान-अमेरिका के बीच...

चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

ईरान बोला- बातचीत फेल हुई तो अमेरिका भी जिम्मेदार

ईरान ने साफ कहा है कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती है, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। ईरान का कहना है कि कुछ लोग यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि इजराइल अलग से इस प्रोसेस में बाधा डाल रहा है, जबकि उनके मुताबिक इजराइल और अमेरिका के फैसले आपस में जुड़े हुए हैं। इसलिए अगर बातचीत फेल होती है तो उसकी जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

ऑडियो कॉल से मीटिंग कर रहे खामेनेई, चोट के बावजूद एक्टिव

ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद बड़े फैसलों में एक्टिव हैं। रॉयटर्स से बात करने वाले उनके करीबी लोगों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों के मुताबिक, खामेनेई ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकों में हिस्सा ले रहे हैं और उनकी मानसिक स्थिति पूरी तरह मजबूत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संघर्ष के दौरान हुए एक हवाई हमले में उनके पिता की मौत हो गई थी और उसी हमले में मोजतबा खामेनेई भी घायल हुए थे। उन्हें चेहरे और पैर में गंभीर चोटें आई थीं, यहां तक कि एक सूत्र के मुताबिक उनका चेहरा भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालांकि, हमले के बाद से उनकी स्थिति और वे कहां हैं, इसकी आधिकारिक पुष्टि अब तक सार्वजनिक रूप से नहीं की गई है।

'हिंसा की जांच के लिए...

कहा कि भाजपा सरकार बंगाल की मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं को बंद नहीं करेगी, बल्कि टीएमसी द्वारा उनमें किए जा रहे भ्रष्टाचार और लूट को खत्म करेगी। इसके साथ ही पीएम ने वादा किया कि भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में ही पश्चिम बंगाल में 'आयुष्मान भारत' स्वास्थ्य योजना को लागू कर दिया जाएगा।

सिंडिकेट सिस्टम का होगा खात्मा

प्रधानमंत्री ने सिंडिकेट और रेत माफियाओं पर निशाना साधते हुए कहा कि अब हर सरकारी काम के लिए पारदर्शी टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि टीएमसी के पाले हुए लोग अवैध बालू खनन पर कब्जा करने के लिए आपस में ही लड़ रहे हैं। कटवा में हुए विस्फोट का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि भाजपा सरकार में ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

छत्तीसगढ़-ओडिशा के बीच...

2018 को केंद्र ने ट्रिब्यूनल का गठन किया।

नक्सल मुक्त हुआ...

बटालियन पूरी तरह से साफ हो गई है। बता दें कि छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले का रहने वाला सोढ़ी केशा 1995 से नक्सलवाद संगठन से जुड़ा था। हाल ही में सोढ़ी पीएलजीए बटालियन नंबर-1 का इंजार्च बन गया था। यह बटालियन नक्सलियों की सबसे मजबूत और खूंखार बटालियनों में से एक यूनिट मानी जाती थी, जिसने कई बड़े हमलों को अंजाम दिया था।

मोंटफोर्ट और बिरला स्कूल...

शिकायतें मिली थीं। दो दिन पूर्व स्कूलों की जांच की गई, इसमें कई शिकायतें मिलीं।

डीईओ ने स्कूल संचालकों की बैठक ली थी। बैठक में मोंट फोर्ट स्कूल और बिरला ओपन माइंड स्कूल संचालकों ने स्वीकार किया कि वे निजी प्रकाशकों की मंहगी किताबें चला रहे हैं। ये किताबें निश्चित दुकानों में ही उपलब्ध हैं। एक अभिभावक ने बताया कि, स्कूल ने किताबों की सूची दी और निर्देश दिया कि, कहां से लेना है। बंडल पूरा न होने पर या एक-दो किताबें कम होने पर भी स्वीकार नहीं किया गया।

निरीक्षण में सीबीएसई एफिलिएशन बायलॉज 2018 के क्लॉज का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया। नर्सरी से आठवीं तक केवल निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें पढ़ाई जा रही हैं, जबकि 9वीं से 12वीं में भी कुछ ऐसी ही महंगी किताबें अनिवार्य हैं। हर साल एडमिशन फीस वसूली जा रही है, जो शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत है।शिक्षा सत्र 2025-26 की तुलना में 2026-27 में सभी मदों में 5 से 14 प्रतिशत तक फीस बढ़ाई गई। स्कूल के सूचना पटल पर यूनिफॉर्म और किताबों की सूची भी प्रदर्शित नहीं है। प्राचार्य/प्रबंधक से दो दिनों में जवाब मांगा गया है।

पांडुलिपियां हमारी पहचान-हमारा...-से अपील करते हुए कहा कि यदि उनके पास कोई प्राचीन पांडुलिपि, हस्तलिखित ग्रंथ या ताड़पत्र सुरक्षित हैं, तो वे ज्ञानभारतम मोबाइल एप पर उनका विवरण दर्ज कर इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों का यह छोटा-सा प्रयास हमारी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने में एक बड़ा योगदान सिद्ध होगा।

रीलबाज पुलिसकर्मी का वीडियो....

हैं। इन रील्स के वायरल होते ही यूजर्स के बीच बहस छिड़ गई है। कुछ लोग वर्दी की गरिमा बनाए रखने की बात कहते हुए वीडियो हटाने की सलाह दे रहे हैं, वहीं अन्य इसे सामान्य मनोरंजन बताकर समर्थन कर रहे हैं।

सेंट्रल जेल में गोलीकांड के आरोपियों का वीडियो वायरल, लिखा- जल्दी आओ मामा

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेंट्रल जेल में बंद गोलीकांड के आरोपियों का रील वायरल हुआ है। आरोपियों से मिलने गए रिश्तेदार ने मुलाकाती कक्ष में वीडियो बनाकर उसे इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया और कैप्शन में लिखा- जल्दी आओ मामा लोग। वीडियो में 'सीधा ठोक दू शहर में जो दादा बनता' गाने के साथ एक-एक कर सभी आरोपियों को दिखाया गया है। इसमें दिख रहा आरोपी विश्वजीत अनंत कांग्रेस नेता है, जिसने अक्टूबर 2025 में कांग्रेस नेता नीतेश सिंह पर फायरिंग की थी, तब से वो और उसके साथी जेल में हैं।

जेल के अंदर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होती, ऐसे में रील वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने जेल प्रशासन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। हालांकि जेल अधीक्षक ने पहचान कर कार्रवाई की बात कही है। दरअसल, मस्तूरी में पुरानी रंजिश को लेकर कांग्रेस नेता और जनपद उपाध्यक्ष नीतेश सिंह, उसके चाचा तामेश सिंह और तुकेश सिंह पर फायरिंग की गई थी। जवाब में नीतेश सिंह ने लाइसेंसी बंदूक से फायर किया, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले थे। इस केस में पुलिस ने युवा कांग्रेस नेता विश्वजीत अनंत, कांग्रेस नेता अकबर खान और उसके भाई समेत 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एक नाबालिग को बाल संरक्षण गृह में रखा गया है, जबकि 10 आरोपी जेल में हैं। एक आरोपी की जमानत हाईकोर्ट से खारिज हो चुकी है। बताया जा रहा है, आरोपी जेल में रहते हुए सोशल मीडिया पर एक्टिव है। जिस आईडी से रील अपलोड हुआ है, उस कैप्शन में विश्वजीत मामा, चाहत मामा, निक्कू मामा, अरमान मामा, आर्जू बॉस जल्दी आओ मामा लोग लिखा है। सेंट्रल जेल में मुलाकात के दौरान मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित है।

जेल में मिलने गए युवकों ने वीडियो बनाकर किया वायरल

जेल में बंद आरोपियों का वीडियो इंस्टाग्राम आईडी से अपलोड किया है। वीडियो कब बनाया गया और कब पोस्ट हुआ, यह स्पष्ट नहीं है। इसी आईडी से गैंग के अन्य पुराने वीडियो भी अपलोड किए गए थे, जिन्हें बाद में डिलीट कर दिया गया।

गोलीकांड के दो आरोपी अब भी फरार

पुलिस के अनुसार, गोलीकांड की इस घटना में कांग्रेस नेता नागेंद्र राय और तारकेश्वर पाटले भी शामिल हैं। वारदात के बाद से दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। दावा किया जा रहा है कि दोनों आरोपी अपने परिजन और दोस्तों के संपर्क में हैं। लेकिन, पुलिस उन्हें अब तक फरार बता रही है। बता दें कि, 28 अक्टूबर 2025 की शाम बिलासपुर जिले के मस्तूरी में कांग्रेस नेता और जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नीतेश सिंह पर फायरिंग का लाइव वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में देखा था कि, बाइक सवार एक शूटर गोलियां बरसा रहा है, जबकि पीछे बैठा दूसरा युवक बाइक से उतरकर ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगता है। बचाव में हुई जवाबी फायरिंग के बाद हमलावर मौके से भाग निकले। इस दौरान हमलावरों ने करीब 14 राउंड गोलियां चलाईं। लेकिन निशाना चूक जाने से नीतेश सिंह बाल-बाल बच गए थे। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

वीडियो बनाने वालों पर एफआईआर की तैयारी

जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने कहा कि, चोरी-छिपे वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। तकनीकी पहलुओं की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

छात्र-अभिभावकों को किया भ्रमित, केंद्रीय राज्यमंत्री के निर्देश पर जांच कमेटी ने दी रिपोर्ट

सीबीएसई कोर्स के नाम पर किया भ्रमित, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की मान्यता खत्म करने की अनुशंसा

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में बच्चों और अभिभावकों को सीबीएसई कोर्स के नाम पर भ्रमित करने वाले ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की मान्यता समाप्त करने की अनुशंसा की गई है। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के निर्देश पर शिक्षा विभाग की कमेटी ने जांच के बाद यह अभमित जिला शिक्षा अधिकारी को दी है।

दरअसल कक्षा 5वीं और 8वीं में खुद को सीबीएसई से मान्यता प्राप्त बताने वाले ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल (मिशन अस्पताल रोड, व्यापार विहार) और नारायण ई-टेक्नो स्कूल (अमेरी रोड) के खिलाफ अभिभावकों ने मोर्चा खोल दिया था। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की शहर में 3 ब्रांच संचालित हैं। इसमें बहतराई के साथ ही मिशन अस्पताल रोड, व्यापार विहार शामिल हैं। व्यापार विहार और मिशन स्कूल रोड में संचालित स्कूलों में 5वीं और 8वीं का होम एग्जाम हो चुके हैं। इस बीच राज्य सरकार ने 5वीं और 8वीं में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के तहत बोर्ड परीक्षा लेने का आदेश जारी किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने दिए जांच के निर्देश

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एग्जाम से पहले हाथ खड़े कर दिए, उनका कहना था कि वो इस मामले में कुछ नहीं कर सकते। अभिभावकों को एडमिशन के समय यह सब देखना चाहिए। इससे परेशान होकर अभिभावकों ने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू से मुलाकात स्कूल प्रबंधन की शिकायत की। इस दौरान अभिभावकों ने अपनी समस्याएं बताई और अपने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने मुख्य सचिव विकासशील को पत्र लिखा। इसमें उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों की टीम गठित कर केस की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने को कहा है। दोषी पाए जाने पर संबंधित प्रबंधन के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

हाईकोर्ट ने भी लिया संज्ञान, जनहित याचिका पर सुनवाई

हाईकोर्ट में शिक्षा के अधिकार कानून के तहत गरीब बच्चों को प्राइवेट स्कूल में प्रवेश नहीं देने को लेकर जनहित याचिका की सुनवाई चल रही है। इस मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच को बताया गया कि, प्रदेश में स्कूल प्रबंधन की मनमानी चल रही है। वकीलों ने ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल और नारायाणा टेक्नो स्कूल की जानकारी दी। साथ ही बताया कि पेरेंट्स को अपने बच्चों के भविष्य को लेकर सड़क पर उतरना पड़ा। इस मामले की सुनवाई के दौरान राज्य शासन की तरफ से बताया कि सीबीएसई ने अपने मान्यता के नियम को सख्त कर दिया है। इसके तहत सीबीएसई उन स्कूलों को ही मान्यता देगा, जहां 12वीं कक्षा तक स्कूल संचालित है। जिन प्राइवेट स्कूलों को सीबीएसई से मान्यता नहीं है, वो राज्य शासन के नियम और निर्देशों के तहत संचालित है।

कहीं सीबीएसई का दावा नहीं किया: स्कूल प्रबंधन

जांच कमेटी ने ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के चेयरमेन प्रवीण अग्रवाल को नोटिस जारी किया था, जिसमें उनसे जवाब लिया गया। जवाब में उन्होंने कहा कि उनके स्कूल सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त हैं। किसी भी दस्तावेज में सीबीएसई का उल्लेख नहीं है। टीसी और एडमिशन फॉर्म में भी सीजी बोर्ड ही दर्ज हैं।

सीबीएसई कोर्स की पढ़ाई, एग्जाम भी लिया

जांच कमेटी ने ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल व्यापार बिहार और मिशन हास्पिटल रोड़ स्थित स्कूल में पढ़ने वाले अभिभावकों का बयान लिया, जिसमें उन्होंने बताया कि स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यमं में अध्ययन अध्यापन के नाम से विद्यालय द्वारा निर्धारित फीस अब तक जमा की जाती रही है। साथ ही अध्ययन-अध्यापन भी सीबीएसई कोर्स का कराया गया। लेकिन, अब छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक के आधार पर कक्षा 5वीं और 8 वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा दिलाने के लिए दबाव बनाया गया। जबकि, पूर्व में स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों की परीक्षा ले ली थी। जांच कमेटी के अनुसार मिशन अस्पताल रोड स्थित ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में वार्षिक शिक्षण शुल्क नर्सरी से क्रेजी-2 तक 32 हजार 500 रुपए है। पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक 36 हजार 500 रुपए और छठवीं कक्षा से 8वीं कक्षा तक 43 हजार रुपए फीस निर्धारित है। इसी तरह व्यापार बिहार रोड स्थित ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में नर्सरी से केजी 2 तक 44 हजार रुपए, पहली कक्षा से पांचवीं तक 48 हजार रुपए और 6वी कक्षा से 8वीं कक्षा तक 52 हजार 700 रुपए फीस निर्धारित है। मिशन अस्पताल रोड स्थित ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में1449 और व्यापार बिहार स्थित ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में 734 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इसमें पांचवीं कक्षा में 165, 86 और 8वीं कक्षा में 139 और 53 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।

न्यूज गैलरी

किशोर न्याय बोर्ड में प्रधान न्यायाधीशों की नियुक्ति

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अधिसूचना के मद्देनजर छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट ने राज्य के 11 किशोर न्याय बोर्ड में प्रधान न्यायाधीशों की नियुक्ति के सम्बंध में पदस्थापना आदेश जारी किया है। महिला एवं बाल विकास विभाग जारी अधिसूचना के अनुसार न्यायिक अधिकारी कल्पना भगत को अंबिकापुर, दिव्या गोयल को जशपुर, सविता सिंह ठाकुर को बिलासपुर, सिद्धार्थ आनंद सोनी को जांजगीर, आरती ठाकुर को बेमेतरा, माधुरी मरकाम को राजनांदगांव, अंशुल वर्मा को गरियाबंद, अंकिता तिग्गा को कांकेर, अरूण नोर्गे को महासमुंद, विनय कुमार साहू को धमतरी एवं मीनू नंद को सुकमा किशोर न्याय बोर्ड में प्रधान न्यायाधीश के पद में पदस्थ किया गया है। छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायपुर खिलेश्वरी सिन्हा को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य की सीमाओं के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में वर्णित अपराधों को छोड़कर, ऐसे अपराध जिनका अन्वेषण सीबीआई द्वारा किया गया हो, उसकी जांच एवं विचारण के लिए विशेष न्यायाधीश के पद में पदस्थ किया है। न्यायालय का मुख्यालय रायपुर होगा। किशोर न्याय (देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 (सी. 2 ऑफ 2016) की धारा 4 की उपधारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय बोर्ड का अध्यक्ष अधिसूचित करते हुए, प्रधान मजिस्ट्रेट के रूप में शामिल करके किशोर न्याय बोर्ड का पुनर्गठन करती है।

मधुरता, नम्रता ही सच्ची महानता: बीके रूपा

बिलासपुर/नवप्रदेश। ब्रह्माकुमारीज के टिकरापारा स्थित प्रभु दर्शन भवन में चल रहे आठ दिवसीय 'गीता सप्ताह' के पांचवें दिन बीके शशिप्रभा ने 'कर्मों की गहन गति' विषय पर प्रवचन देते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में आने वाले सुख-दुख उसके अपने कर्मों का परिणाम होते हैं। उन्होंने बताया कि आत्मा का वास्तविक श्रृंगार श्रेष्ठ कर्म हैं, जिन्हें साधना और अभ्यास से विकसित किया जा सकता है। बीके शशिप्रभा ने मन के स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि जैसे शरीर की जांच के लिए थर्मामीटर होता है, वैसे ही व्यक्ति को अपने मन का भी समय-समय पर मूल्यांकन करना चाहिए। छोटी-छोटी बातों में क्रोध या निराशा आना मानसिक कमजोरी का संकेत है, जिसे 'ज्ञान रूपी आहार' से दूर किया जा सकता है। राजकिशोर नगर स्थित शिव अनुराग भवन में आयोजित पॉजिटिव थिंकिंग क्लास में रूपा दीदी ने बताया कि जीवन में मधुरता और नम्रता अपनाना ही सच्ची महानता की पहचान है। नम्र व्यवहार से व्यक्ति स्वयं आगे बढ़ता है और दूसरों के दिल भी जीतता है। इस दौरान डॉ. दादी रत्नमोहिनी की प्रथम पुण्यतिथि विश्व एकता दिवस के रूप में मनाते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

युवाओं को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ना उद्देश्य: चतुर्वेदी

भाजयुमो बिलासपुर ग्रामीण ने चलाया हॉस्टल संपर्क अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बिलासपुर ग्रामीण द्वारा 'हॉस्टल संपर्क अभियान' चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों से संपर्क स्थापित कर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भाजयुमो बेलतरा पूर्वी मंडल द्वारा साइंस कॉलेज बालक छात्रावास में जनसंपर्क किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने छात्र-छात्राओं के साथ आत्मीय चर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्र प्रथम की भावना, सेवा, सुशासन एवं अंत्योदय के मूल सिद्धांतों से उन्हें अवगत कराया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया तथा उन्होंने देश के विकास, समकालीन मुद्दों और अपने भविष्य को लेकर

अपने विचार साझा किए। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी ने कहा कि 'हॉस्टल संपर्क अभियान' का उद्देश्य युवाओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें सकारात्मक राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ना है, ताकि वे देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंच बनाकर उन्हें राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित किया जा सके। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी अनीस धीवर, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष पवन कश्यप, महामंत्री सीतादेवी ठाकुर, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विजय यादव, जिला मीडिया प्रभारी सुमित मोहले, भाजयुमो महामंत्री प्रवीण यादव, बाबा देवांगन, लोमस साहू, अभिषेक मौर्य, महेश साहू, अजय रजक, विनोद बरगाह सहित भाजयुमो कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे।

अभाविप ने मांगों को लेकर एयू प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय इकाई बिलासपुर महानगर द्वारा छात्रहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

परिषद ने विश्वविद्यालय परिसर में गुणवत्तापूर्ण एवं उचित दर पर कैंटीन प्रारंभ करने, परीक्षा परिणाम में हुई त्रुटियों को सुधारते हुए पारदर्शी एवं समयबद्ध परिणाम घोषित करने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सृजन फेस्ट आयोजित करने, कक्षाओं एवं कार्यालयों में लगे एयर कंडीशनर की नियमित सफाई कराने, स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के लिए वाटर फिल्टर की नियमित सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करने, सुरक्षा गार्डों के लिए गर्मी के मौसम में पंखा अथवा कूलर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कक्षाओं में स्मार्ट क्लास (प्रोजेक्टर, डिजिटल बोर्ड आदि) की व्यवस्था करने की, सेमेस्टर एग्जाम फीस डेट मै परिवर्तन करने, विश्वविद्यालय में स्थित जिम में महिला ट्रेनर,बचे हुए परीक्षा परिणाम जारी करने, इंडस्ट्रियल विजिट हेतु मांग की। अंत में अध्यक्ष सुधांशु यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों की इन जायज मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो विद्यार्थी परिषद छात्रहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान महानगर मंत्री अतिंद्र धर दीवान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुजय पांडेय, झंकार साहू, श्रेयांश, प्रणय, हिमांशु, आदित्य, गौरव, अभिषेक, पीयूष, प्रियांशु, आयुष सिंह, अविनाश जायसवाल, कबीर, निश्चय, समीक्षा, दुष्यंत, वासु, आर्यन, आकांक्षा, अंचल, एकता, अमित, चांसी, लाल बहादुर, शिवानी सहित अन्य बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कोल इंडिया के 'रिफॉर्म, पेफार्म, ट्रांसफार्म' विजन को साकार करने में कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान: साईराम

बिलासपुर/नवप्रदेश। साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की मेजबानी में आयोजित दो दिवसीय कोल इंडिया एचआर/आईआर कॉन्क्लेव 'उत्कर्ष 2026' का उद्घाटन 10 अप्रैल को एसईसीएल वसंत विहार स्थित वसंत क्लब में में संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन में कोल इंडिया एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी मानव संसाधन एवं औद्योगिक संबंधों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन करेंगे।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि कोल इंडिया चेयरमैन बी. साईराम ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कोयला देश की ऊर्जा का आधार है और हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कोल इंडिया 'रिफॉर्म, पेफार्म, ट्रांसफार्म' के रूप में मना रहा है और इस विज़न को साकार करने में हमारे कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कोल इंडिया में व्यापक परिवर्तन, कर्मियों को मिल रही बेहतर सुविधाएं: डॉ. रंजन

कॉन्क्लेव के कीनोट सत्र में मुख्य वक्ता कोल इंडिया के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. विनय रंजन ने कहा कि स्थापना के बाद से कोल इंडिया में व्यापक परिवर्तन आया है। आज संगठन अपने कर्मियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने कार्यस्थल पर संवाद और संवेदना को सुदृढ़ करने पर बल देते हुए कहा कि इससे बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं और हितधारकों की अपेक्षाओं को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है। उद्घाटन सत्र के दौरान कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों के निदेशक (मानव संसाधन), एसईसीएल के निदेशकगण तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संवाद सत्र के अंत में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों की एचआर टीमों द्वारा नवाचारों पर प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। इस दो-दिवसीय सम्मेलन में कोल इंडिया एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों के 100 से अधिक मानव संसाधन अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के दौरान देश के प्रतिष्ठित एचआर विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सत्रों में अपने अनुभव एवं विशेषज्ञता साझा की जाएगी, जिससे प्रतिभागियों को नवीन दृष्टिकोण एवं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा।

स्वागत उद्बोधन में एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि एसईसीएल के लिए इस प्रतिष्ठित कॉन्क्लेव की मेजबानी करना अत्यंत गर्व का विषय है।

कार्यालय तहसीलदार बड़ेबचेली,
जिला-दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा (छ.ग.)

ग्राम किरन्दुल प0ह0न0-07
तहसील बड़ेबचेली

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा ग्राम किरन्दुल के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक इन्द्रजीत अरोरा पिता स्व. गुलशन अरोरा के द्वारा अपने पिता स्व.गुलशन अरोरा पिता जयकरन दास के **मृत्यु** दिनांक **19.04.2023** हेतु प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **25.03.2026** को समय सुबह 11:00 बजे स्थान न्यायालय तहसील बड़ेबचेली पर की जावेगी उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो उद्घोषणा प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक **11.03.2026** को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार बड़ेबचेली**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104700054

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी गुरुशरण पिता/पति नोहरदास साहू पता बोरसी जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 91/6(0.0010), 91/7 (0.0030), 327/7(0.0530) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता खोमिनबाई साहू पिता/पति स्व. गुरुशरण साहू पता म.न. 336 बजरंग चौक बोरसी, रेखाबाई साहू पिता/पति स्व. सालिकराम साहू पता म.न. 336 बजरंग चौक बोरसी, जनकलाल साहू पिता/पति स्व. गुरुशरण साहू पता महामाया पारा कुम्हारी, हरिराम साहू पिता/पति स्व. गुरुशरण साहू पता म.न. 336 बजरंग चौक बोरसी, राहुल कुमार साहू पिता/पति स्व. सालिकराम साहू पता म.न. 336 बजरंग चौक बोरसी, भानबती साहू पिता/पति शिवप्रसाद साहू पता पहाटियापारा अमलीडीह बेमेतरा, भावना साहू पिता/पति स्व. सालिकराम साहू पता म.न. 336 बजरंग चौक बोरसी के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.04.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

स्वाभिमान की नई पहचानः छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम दौर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2026 को "महतारी गौरव वर्ष" के रूप में मनाते हुए महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा दी जा रही है। विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की योजनाएं अब जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम दे रही हैं, जिसका स्पष्ट प्रतिबिंब आंकड़ों में दिखाई देता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि महतारी गौरव वर्ष महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का व्यापक अभियान है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बजट में महिलाओं और बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आंगनबाड़ी संचालन के लिए 800 करोड़ रुपए, पूरक पोषण आहार के लिए 650 करोड़ रुपए तथा कुपोषण मुक्ति व पोषण अभियान के लिए 235 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, जो आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निवेश है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि राज्य में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन योजना एक मील का पत्थर साबित हुई है। 10 मार्च 2024 को प्रारंभ इस योजना के तहत लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपए की सहायता मिल रही है। अब तक 26 किस्तों के माध्यम से 16 हजार 881 करोड़ रुपए से अधिक राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में अंतरित की जा चुकी है, वहीं इस योजना के लिए 8 हजार 200 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्रस्तावित रानी दुर्गावती योजना के तहत 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1 लाख 50 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी, जिसके लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। राज्य में महिलाओं के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार भी तेजी से हो रहा है। महतारी सदनों के निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत अब तक 368 सदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है और 137 का निर्माण पूर्ण हो चुका है। साथ ही 500 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए 42 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सेवाओं की पहुंच और मजबूत होगी।

न्यूज गैलरी

प्रेस क्लब खेल मड़ई-2 प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर प्रेस क्लब खेल मड़ई-2 (इंडोर गेम) के तहत आयोजित स्व. सत्येन्द्र गुमाश्ता स्मृति टेबल टेनिस प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी है। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में विनोद कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिद्धार्थ श्रीवासन को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विनोद ने पूरे मैच के दौरान आक्रामक खेल और बेहतरीन नियंत्रण का परिचय दिया। उन्होंने शुरुआती सेट से ही बढ़त बनाकर रखी और अपने प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई अवसर नहीं दिया। तेज सर्विस और सटीक स्मैश के दम पर उन्होंने मुकाबला सीधे सेटों में अपने नाम किया। इससे पहले खेले गए क्वार्टर फाइनल में भी विनोद कुमार ने दमदार खेल दिखाया। उन्होंने दीपेश शर्मा को कड़े मुकाबले में 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। क्वार्टर फाइनल का मैच काफी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के बीच लंबी रैलियां देखने को मिलीं। पहले सेट में विनोद ने 1-0 की बढ़त बनाई, लेकिन दीपेश ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट जीतकर मैच 1-1 कर दिया। इसके बाद तीसरे सेट में जबरदस्त वापसी करते हुए विनोद ने मैच 2-1 से अपने नाम कर लिया। इसके पहले हुए दूसरे क्वार्टर फाइनल में सिद्धार्थ श्रीवासन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राकेश पांडेय को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। नाकआउट दौर के अन्य मैच में दीपेश शर्मा, व राकेश पांडेय को वॉकओवर मिला। पूल बी के मैच में हितेश मेहता ने नारायण भोई को कड़े मुकाबले में 2-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। आज मैच के अंपायर प्रवीण निरापुरे व पुलकित यदु थे।

अंगदान का संकल्प लेकर जनजागरुकता संदेश देने वाले सूर्यप्रताप का हुआ सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दक्षिचि के तहत मानवता और जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए शिक्षा विभाग में लेखापाल रामानुजगंज निवासी सूर्यप्रताप कुशवाहा ने अंगदान का संकल्प लेकर समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले में संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के अंतर्गत उन्होंने अंग दान के लिए पंजीयन कर जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सम्मान पत्र प्रदान कर उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की तथा कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। सूर्यप्रताप कुशवाहा ने अपने संकल्प के बारे में कहा कि मेरे जाने के बाद यदि मेरे अंगों से किसी को स्वस्थ जीवन मिल सके, तो इससे बड़ी खुशी कोई नहीं हो सकती। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के तहत अब तक 92 से अधिक लोगों ने अंग एवं संपूर्ण शरीर दान का संकल्प लिया है, जिससे समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे भी इस पुनीत कार्य से जुड़कर अंगदान का संकल्प लें। अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु 9406049000 संपर्क नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता प्रभात सक्सेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तिः बैंक त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 18 अप्रैल

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) योजना के अंतर्गत बैंक खाते से संबंधित त्रुटियों के सुधार के लिए समय-सीमा 18 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक तथा आईटीआई संस्थानों में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी, बैंक खाता बंद होने अथवा आधार से सीडिंग नहीं होने के कारण जिनकी छात्रवृत्ति राशि उनके खाते में जमा नहीं हो पाई है, वे पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन त्रुटि सुधार कर सकते हैं। उक्त प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर त्रुटि सुधार नहीं करने पर छात्रवृत्ति राशि का हस्तांतरण रुक सकता है।

प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत हुई निःशुल्क हृदय जांच, 924 बच्चों की स्क्रीनिंग

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत ज़िले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है - बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना।कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से आज अभनपुर टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 1 एवं 2 सोनपैरी में 129 बच्चों की स्क्रीनिंग, आरंग टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 1 एवं 2 देओदा में 132 बच्चों की स्क्रीनिंग, धरसीवां टीम बी द्वारा हेल्थ कैंप कपस्दा में 115 बच्चों की स्क्रीनिंग, तिल्दा टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 1, 2 सिनोधा में 108 बच्चों की हुई स्क्रीनिंग।

श्रीमद्भागवत का मूल संदेश कर्म ही सच्ची पूजा है

श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए सीएम प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए की प्रार्थना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने व्यास पीठ पर विराजमान हिमांशु कृष्ण भारद्वाज द्वारा कही जा रही श्रीमद्भागवत कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, श्रीमद्भागवत का मूल संदेश यही है कि कर्म ही सच्ची पूजा है। उन्होंने कहा कि, हमें सच्चाई और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहकर मानव जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

मुख्यमंत्री साय ने श्रीराम मंदिर में भगवान के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने श्रीमद्भागवत कथा में भगवान कृष्ण की बाललीला के अंतर्गत माखनचोरी के प्रसंग का भक्तिभाव के साथ श्रवण किया। उल्लेखनीय है कि, श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्री राम मंदिर परिसर में 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कथा के समापन अवसर पर भगवान बांके बिहारीलाल की आरती-पूजन में भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि, हमें दूसरों के लिए जीते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि, छत्तीसगढ़ प्रभु श्री राम का ननिहाल और माता कौशल्या का मायका है। प्रभु श्री राम ने अपने वनवास का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया। सीएम साय ने कहा कि, लगभग पांच हजार वर्ग किलोमीटर में फैला अबूझमाड़ का जंगल ही दंडकारण्य क्षेत्र है और शिवरीनारायण माता शबरी की पावन भूमि है। गुरु घासीदास जैसे महान संतों की जन्मभूमि होने के कारण छत्तीसगढ़ एक धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध प्रदेश है।

धार्मिक संरक्षण और गौसेवा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए छत्तीसगढ़ में धर्म स्वातंत्र्य कानून लागू किया गया है। इस कानून के अंतर्गत देश के अन्य राज्यों की तुलना में कठोर प्रावधान किए गए हैं, जिससे निश्चित रूप से अवैध धर्मांतरण पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि, गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुरभि गौधाम योजना लागू की गई है, जिसके तहत गौधामों में गौमाता के लिए चारा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए ट्रेन में अतिरिक्त कोच की सुविधा

मूक माटी एक्सप्रेस में 2 अतिरिक्त कोच की सुविधा

रायपुर/नागपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की बेहतर यात्रा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 11702/11701 जबलपुरङ्क रायपुर - जबलपुर मूक माटी एक्सप्रेस में स्थायी रूप से कोच बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस वृद्धि से यात्रियों को अधिक बर्थ और आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी। रेलवे प्रशासन के अनुसार, इस ट्रेन की संरचना में यह बदलाव दो चरणों में प्रभावी होगा ।

यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पहले अपनी टिकट की श्रेणी और कोच संख्या की जांच

प्रथम चरण - दिनांक (13.04.2026 से) ट्रेन में कोच की कुल संख्या 16 से बढ़ाकर 18 कर दी जाएगी
जिसमें - वातानुकूलित चेयर कार - 01, द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित - 01, तृतीय श्रेणी वातानुकूलित - 01, द्वितीय श्रेणी शयनयान - 01, द्वितीय श्रेणी आरक्षित सीट - 04, सामान्य / अनारक्षित - 08, दिव्यांग अनुकूल सह गार्ड - 01, एवं जनरेटर कार - 01 सहित कुल 18 कोच है।

द्वितीय चरण - दिनांक (14.05.2026 से) कोच की कुल संख्या 18 बनी रहेगी, लेकिन उनकी श्रेणियों में संशोधन किया जाएगा। जिसमें - वातानुकूलित चेयर कार - 01, द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित - 01, तृतीय श्रेणी वातानुकूलित - 02, द्वितीय श्रेणी शयनयान - 01, द्वितीय श्रेणी आरक्षित सीट - 04, सामान्य / अनारक्षित - 07, दिव्यांग अनुकूल सह गार्ड - 01, एवं जनरेटर कार- 01 सहित कुल 18 कोच है।

प्रेस क्लब के पहुना होंगे रजत बंसल

जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल से मिले प्रेस क्लब अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने वरिष्ठ आईएएस मुख्यमंत्री के विशेष सचिव एवं जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें प्रेस क्लब में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक चर्चा हेतु आमंत्रित किया।

मुलाकात के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें विशेष रूप से रायपुर प्रेस क्लब द्वारा मुख्यमंत्री को मध्य प्रदेश की तर्ज पर पत्रकारों के बीमा संबंधी प्रस्तुत प्रस्ताव, प्रेस क्लब के जीर्णोद्धार के लिए राशि आबंटन, तथा सरकार और पत्रकारों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के मुद्दे शामिल रहे।

जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए आश्वस्त किया कि वे जल्द ही प्रेस क्लब पहुंचकर पत्रकारों से प्रत्यक्ष एवं अनौपचारिक संवाद करेंगे। इस दौरान वे पत्रकारों के सुझाव सुनेंगे और समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल करेंगे।

रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने बताया प्रेस क्लब द्वारा गणमान्य जनों के साथ संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ÷हमर पहुना÷ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की श्रृंखला में उन्होंने जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल को प्रेस क्लब में आमंत्रित किया है। जल्द ही जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल पत्रकारों से मिलने प्रेस क्लब आएंगे। जिससे संवाद और सहयोग की दिशा में ठोस पहल हो सकेगी।

मेकाहारा में सर्जरी विभाग की ऐतिहासिक उपलब्धि

10.30 किलोग्राम वजनी विशाल ट्यूमर का किया सफल ऑपरेशन

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के सर्जरी विभाग ने एक अत्यंत जटिल, संवेदनशील, जोखिमपूर्ण और चुनौतीपूर्ण शल्य चिकित्सा को सफलतापूर्वक संपन्न कर चिकित्सा जगत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक और लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन डॉ. संतोष सोनकर एवं सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह के नेतृत्व में सर्जरी विभाग की विशेषज्ञ टीम ने एक मरीज के शरीर से 10.30 किलोग्राम वजनी विशाल ट्यूमर (गांठ/गठान) को सफलतापूर्वक निकालकर न केवल एक कठिन चिकित्सा चुनौती का समाधान किया, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति को पुनः सामान्य जीवन जीने की आशा, सम्मान और आत्मविश्वास भी लौटाया, जो पिछले लगभग 15 वर्षों से शारीरिक पीड़ा, सामाजिक असुविधा और मानसिक संघर्ष के साथ जीवन जी रहा था। यह केवल एक सफल ऑपरेशन नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के शासकीय चिकित्सा तंत्र, चिकित्सकीय विशेषज्ञता, मानवीय संवेदना और सेवा-समर्पण का जीवंत उदाहरण है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि जब चिकित्सा विज्ञान, अनुभव, संवेदनशीलता और समर्पण एक साथ आते हैं, तब असंभव प्रतीत होने वाली परिस्थितियों में भी नई आशा का जन्म होता है।

प्रोजेक्ट सुरक्षाः शासकीय कर्मियों को मिला जीवनरक्षक प्रशिक्षण

शिक्षा विभाग के सहायक शिक्षक एवं प्रधान पाठकों ने सीखा प्राथमिक उपचार और सीपीआर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में जिला प्रशासन रायपुर एवं रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा रायपुर के संयुक्त प्रयास से प्रोजेक्ट सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत महत्वपूर्ण जीवनरक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आज 57 शिक्षा विभाग के सहायक शिक्षक एवं प्रधान पाठकों को प्राथमिक उपचार किट के उपयोग और सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा रायपुर के सहायक प्रबंधक देवप्रकाश कुर्रे ने प्रशिक्षण का संचालन करते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक तकनीकों की महत्ता को समझाया।

मधुमक्खी पालनः कम लागत में ज्यादा मुनाफे का बेहतर विकल्प

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें वैकल्पिक आजीविका से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं राज्य योजना के अंतर्गत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जशपुर जिले में इस योजना के तहत 20 किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को मधुमक्खी पालन के लिए आवश्यक संसाधनों पर अनुदान दिया जा रहा है, जिसमें मधुमक्खी पेटी सहित कॉलोनी के लिए 1600 रुपये, मधुमक्खी छत्ता हेतु 800 रुपये तथा मधु निष्कासन यंत्र के लिए 8000 रुपये की सहायता शामिल है। इस पहल से किसान कम लागत में अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। मधुमक्खियां केवल शहद उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि परागण के माध्यम से फसलों की पैदावार बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सरसों, आम, लीची, अमरूद, सूरजमुखी, धनिया एवं विभिन्न सब्जी फसलों में मधुमक्खियों द्वारा परागण से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इससे कृषि अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनती है। मधुमक्खी पालन ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार का एक प्रभावी साधन बनकर उभर रहा है। प्रशिक्षण लेकर कोई भी व्यक्ति इस व्यवसाय को आसानी से शुरू कर सकता है। शहद, मोम और रॉयल जेली जैसे उत्पादों की बाजार में अच्छी मांग होने से आय के स्थायी स्रोत विकसित हो रहे हैं।

उद्योग नीतिः श्रमिक, युवा, उद्यमी और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का सरकार ने लिया है संकल्पः साय

उद्योग और श्रम विभाग के आपसी समन्वय से संवर रहा है छत्तीसगढ़

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जिस स्पष्ट नीति के साथ श्रमिकों और उद्योगों के समन्वित विकास को प्राथमिकता दी है, वह आज ठोस परिणामों के रूप में सामने आ रही है। श्रम विभाग की योजनाओं में यह भावना स्पष्ट झलकती है कि श्रमिक केवल आर्थिक इकाई नहीं, बल्कि समाज की आधारशिला हैं। उनके जीवन में स्थायित्व, सम्मान और सुरक्षा लाना ही सच्चे विकास का संकेत है। 12 अप्रैल का यह विशेष अवसर उद्योग तथा श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के समर्पण, कार्यक्षमता और जनसेवा की भावना को याद करने का दिन है। आपके कुशल नेतृत्व से ही छत्तीसगढ़ प्रगति, समृद्धि और समान अवसरों का आदर्श राज्य बनकर उभरा है। 2026 रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ के विकास की वर्तमान यात्रा केवल योजनाओं और घोषणाओं की कहानी भर नहीं है, बल्कि यह एक ऐसे नेतृत्व की कथा है जिसने श्रमिक, युवा, उद्यमी और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया है। इस परिवर्तनकारी दौर में उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उनका कार्य केवल प्रशासनिक दक्षता तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता और दूरदर्शिता का जीवंत उदाहरण है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 25 वर्ष की अल्प आयु में उद्योग के क्षेत्र में जो एक नया इतिहास रचने का संकल्प लिया है वह किसी से छिपा नहीं है। उद्योग के क्षेत्र में आज छत्तीसगढ़ की अपनी एक अलग पहचान है। नई उद्योग नीति में छत्तीसगढ़ के समावेशी विकास पर जोर दिया गया है। श्रमिकों के सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों में सबसे प्रेरणादायक पहल श्रमिकों के बच्चों को उत्कृष्ट विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना है। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि परिवर्तन का वह मार्ग है जिससे कि आने वाली नई पीढ़ी ज्ञान और अवसरों के माध्यम से अपना सुनहरा और सुरक्षित भविष्य स्वयं गढ़ सके। आज के संदर्भ में श्रमिक परिवारों के बच्चों का राज्य के प्रतिष्ठित स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करना, एक नए छत्तीसगढ़ की तस्वीर प्रस्तुत करता है। इसके साथ ही मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को लाखों रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करना सरकार की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें प्रतिभा का सम्मान सर्वोपरि है।

आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रगति

उद्योग और श्रम विभाग से आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पिछले दो वर्षों में सैकड़ों करोड़ रुपये सीधे श्रमिकों के खातों में हस्तांतरित किए गए हैं, जिससे न केवल पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ भी सुनिश्चित हुआ है। प्रतिदिन हजारों श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलना इस बात का प्रमाण है कि शासन की नीतियां धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं। श्रमिकों के जीवन को अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने के लिए आवास सहायता, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना, दुर्घटना में त्वरित आर्थिक सहयोग जैसी पहलें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। विशेष रूप से 'श्रम अन्न योजना' के अंतर्गत मात्र 5 रुपये में गरम और पौष्टिक भोजन।

ज्योतिबा फुले जयंती पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति सहित नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन सहित कई नेताओं ने शनिवार को संसद परिसर में ज्योतिराव फुले की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा के नेता जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समेत कई सांसदों ने भी समाज सुधारक को श्रद्धांजलि दी।

समाज सुधार और शिक्षा के अग्रदूत थे फुले

ज्योतिराव फुले 19वीं सदी के महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने महिलाओं और वंचित वर्गों की शिक्षा के लिए अहम योगदान दिया। उन्होंने समाज में समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सत्यशोधक समाज की स्थापना की।

राष्ट्रपति मुर्मु ने बताया प्रेरणास्रोत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि ज्योतिराव फुले ने अपना जीवन वंचित समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और समावेशी समाज की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उपराष्ट्रपति और नेताओं ने किया नमन। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि फुले के प्रयासों ने एक न्यायपूर्ण और समतावादी समाज की नींव रखी।

महाराष्ट्र में उप-चुनावों में निर्विरोध परंपरा का अंत

मुंबई/ए.। महाराष्ट्र में दिवंगत विधायकों के निधन के बाद खाली हुई सीटों पर उपचुनावों में निर्विरोध चुनाव की पुरानी राजनीतिक परंपरा अब अपनी प्रासंगिकता खो रही है। भावनाओं और विरासत पर चुनावी मजबूरियां तेजी से हावी हो रही हैं। इससे राजनीतिक दलों के बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। पिछले एक दशक के उपचुनाव रुझानों के विश्लेषण से पता चलता है कि ऐसी तीन-चौथाई से अधिक रिक्तियों पर चुनाव हुए हैं। यह राजनीतिक रूप से खंडित परिदृश्य में दलों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है। पारंपरिक रूप से, महाराष्ट्र में राजनीतिक दल दिवंगत विधायकों के परिजनों के खिलाफ उम्मीदवार खड़े करने से बचते थे। इसे सम्मान का प्रतीक माना जाता था। इससे उन्हें चुनावी राजनीति में सुचारु प्रवेश मिलता था। हालांकि, यह परंपरा, जिसे कभी राज्य की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा माना जाता था, अब नियम के बजाय अपवाद बनती जा रही है। 2014 से महाराष्ट्र में विधानसभा और लोकसभा दोनों के लिए पंद्रह से अधिक उपचुनाव मौजूदा सदस्यों के निधन के कारण हुए हैं।

इजरायल-लेबनान के बीच सीधी वार्ता 14 अप्रैल को

यरूशलेम(वार्ता)। इजरायल और लेबनान के बीच पहली सीधी वार्ता 14 अप्रैल को वाशिंगटन में होगी। यह जानकारी इजरायली मीडिया ने शनिवार को दी। टाइम्स ऑफ इजरायल ने कहा, इजरायल और लेबनान के बीच अपेक्षित पहली प्रत्यक्ष वार्ता मंगलवार को वाशिंगटन में होगी।

बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे बंगाल में यूसीसी लागू करेगी भाजपाः मोदी

भाजपा का घोषणापत्र तृणमूल कांग्रेस के 'महा जंगलराज' को समाप्त करने का एक खाका

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से पहले सियासी बयानबाजी जोरों पर है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राज्य में एक-एक दिन में कई-कई रैलियां कर अपने पक्ष में माहौल बनाने में लगे हैं। खुद पीएम मोदी भी चुनावी मैदान में पूरी सक्रियता से कमर कसे हुए हैं। इस बीच पीएम मोदी ने अपनी एक रैली में ऐसा बयान दिया है जिसे बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बनने के बाद भाजपा राज्य में समान नागरिक संहिता लागू (यूसीसी) करेगी ताकि 'तुष्टीकरण की राजनीति' को समाप्त किया जा सके। उन्होंने साथ ही कहा कि भाजपा बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी। मोदी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शुक्रवार को जारी किया गया भाजपा का चुनावी घोषणापत्र पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के 'महाजंगलराज' को समाप्त करने का एक खाका है। देश की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। भाजपा पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की राजनीति को हमेशा के लिए समाप्त करने के लिए यूसीसी लागू करने का संकल्प लेती है। उन्होंने यह टिप्पणी राज्य भाजपा द्वारा अपने चुनावी घोषणापत्र में सत्ता में आने पर छह महीने के भीतर यूसीसी को लागू करने का वादा करने के एक दिन बाद की है। चुनाव को पश्चिम बंगाल की पहचान को संरक्षित करने की लड़ाई बताते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य के कुछ हिस्सों में तेजी से जनसांख्यिकीय बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पश्चिम बंगाल की पहचान को बचाने का है। राज्य में जनसांख्यिकीय परिवर्तन बहुत तेजी से हो रहा है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने के बाद भ्रष्टों को संरक्षण देने और जनता को लूटने वाले लोग जेल में जायेंगे।

वामदलों के गुंडे टीएमसी में शामिल : पीएम मोदी

उन्होंने आरोप लगाया कि ''वामदलों के गुंडे'' अब तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाली पिछली सरकार की 'कट-कमीशन' की राजनीति का अनुकरण करने का आरोप लगाया। बंगाल का इतिहास गवाह है कि जब वह बदलाव का संकल्प लेता है, तो दुनिया की कोई भी ताकत उसे रोक नहीं सकती। जिसने भी बंगाल को चुनौती दी, उसका अहंकार चकनाचूर हो गया, अंग्रेजों से लेकर कांग्रेस और वामपंथियों तक... अब तृणमूल कांग्रेस की बारी है।

'मां-माटी-मानुष के नारे को छोड़ चुकी है टीएमसी'

इस दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर भी निशाना साधा। पीएम ने कहा कि राज्य के लोग यह नहीं भूले हैं कि कैसे राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी आरजी कर रेप और हत्याकांड के दोषियों के साथ खड़ी रही। साथ ही पीएम ने तृणमूल कांग्रेस पर 'मां-माटी-मानुष' के अपने पुराने नारे को छोड़ने और घुसपैठियों के समर्थन पर निर्भर रहने का आरोप लगाया। पीएम ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस 'मां-माटी-मानुष' के नारे के साथ सत्ता में आई थी। लेकिन अब यह घुसपैठियों के मतों से सरकार बनाना चाहती है। पश्चिम बंगाल अब तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के इस खेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। हम बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे।

बेगूसराय में छापेमारी करने गए एसटीएफ के तीन जवान घायल

अचानक हुए बम विस्फोट की चपेट में आई पुलिस टीम, दो करोड़ के सोने चांदी के जेवरात लूट ले गए थे अपराधी

बेगूसराय/ए.। बेगूसराय में दिनदहाड़े बम धमाका हुआ है। इसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि स्पेशल टास्क फोर्स की टीम दरभंगा में हुए सोना लूटकांड में छापेमारी करने नावकोठी थाना क्षेत्र के वृंदावन गांव गई थी। इस दौरान देसी बम में विस्फोट हुआ। इसी चपेट में आने से तीन पुलिसकर्मी घायल हुए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। फौरन घायल पुलिसकर्मियों को नावकोठी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। यहां से दो पुलिसकर्मियों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इधर, धमाके के बाद बम निरोधक दस्ता और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है। पुलिस ने किसी के भी प्रवेश पर रोक लगा दी है। पुलिस का कहना है कि दरभंगा में तीन अप्रैल को प्रेम ज्वेलर्स में दो करोड़ रुपए की लूट हुई थी। ज्वेलरी शॉप के मालिक मनोज ठाकुर ने नगर थाना में दर्ज प्राथमिकी में बताया था कि करीब 700 ग्राम सोना, 25 किलो चांदी और लगभग 25 लाख रुपये नकद लूट लिए गए थे। इसके बाद पुलिस ने इस लूटकांड से जुड़े 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं करीब 44 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए थे। दरभंगा एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि इस मामले में आठ किलो 630 ग्राम चांदी, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 23 लाख रुपये है, और 156.44 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। कुल बरामद गहनों की कीमत करीब 44 लाख रुपये आंकी गई है।

महाराष्ट्र में बड़ा हादसा टला! मंत्री छगन भुजबल का हेलीकॉप्टर पार्किंग में उतरा

मुंबई। महाराष्ट्र के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल शनिवार को एक बड़े हादसे से बाल-बाल बच गए। वे पुणे जिले के पुरंदर तालुका के खानवाडी गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उनके हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के वक्त एक बड़ी चूक सामने आई। जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर को निर्धारित हेलीपैड पर उतरना था। लेकिन किसी कारणवश वह गलती से पास के एक वाहन पार्किंग क्षेत्र में उतर गया।

यह स्थिति बेहद खतरनाक हो सकती थी, क्योंकि पार्किंग में गाड़ियां मौजूद थीं और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि, पायलट की सूझबूझ से हेलीकॉप्टर सुरक्षित तरीके से जमीन पर उतार लिया गया। बताया जा रहा है कि लैंडिंग के दौरान हुई इस गलती के कारणों की जांच की जा सकती है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। सुरक्षा के लिहाज से यह एक गंभीर मामला माना जा रहा है, क्योंकि थोड़ी सी चूक बड़ा नुकसान कर सकती थी। इस घटना के बाद मंत्री ने अपना कार्यक्रम जारी रखा और तय कार्यक्रम में शामिल हुए। राहत की बात यह रही कि इस पूरी घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। यह घटना एक बार फिर यह याद दिलाती है कि हवाई सुरक्षा के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही कितनी खतरनाक साबित हो सकती है। हालांकि, मौके पर पहुंचने के बाद एक बड़ी चूक सामने आई। पायलट ने पार्किंग क्षेत्र के भीतर मौजूद एक खाली जगह को ही निर्धारित हेलीपैड समझ लिया और वहीं हेलीकॉप्टर उतार दिया।

यह स्थिति थोड़ी देर के लिए हैरान करने वाली रही, क्योंकि वास्तविक हेलीपैड पास में ही मौजूद था। जानकारी के मुताबिक लैंडिंग के समय रोटर की तेज हवा से काफी धूल उड़ने लगी थी, जिसके कारण पायलट को स्पष्ट दृश्य नहीं मिल पाया। इसी वजह से वह सही स्थान की पहचान नहीं कर सका और हेलीकॉप्टर गलत जगह पर उतार दिया।

सच्चा शासन वही, जहां प्रजा सुखी रहेः सीएम योगी

लखीमपुर खीरी/ए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को भारत-नेपाल सीमा पर स्थित पलियाकलां के चंदनचौकी पहुंचे। यहां उन्होंने न केवल विकास की बयार बहाई, बल्कि दशकों से अपने हक का इंतजार कर रहे थारू जनजाति के परिवारों को जमीन का पूर्ण स्वामित्व (मालिकाना हक) सौंपा। सीएम योगी ने पलिया तहसील के 34 गांवों के 4356 थारू परिवारों को 538 हेक्टेयर जमीन के स्वामित्व संबंधी अधिकार पत्र दिए। 1976 से ये परिवार सिर्फ जमीन का उपयोग कर रहे थे, अब वे इसके मालिक बन गए हैं। इसके अलावा विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने श्लोक सुनाया। कहा कि प्रजा सुखे सुखं राज्ञः प्रजानां च हिते हितम्... यानि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी रहे। राज्य की जनता का कल्याण हो। शासन की खुशी का आधार उसकी जनता की खुशी है। यह कार्य तभी होता है जब शासन सत्ता में संवेदना होती है। बिना भेदभाव के काम हो। आज जो काम हो रहा है ये उसी संवेदना का काम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में संवेदनाओं का अभाव था।

ईडी की रेड में दिल्ली-एनसीआर में बड़े रियल एस्टेट घोटाले का पर्दाफाश

ईडी की छापेमारी में करोड़ों की नकदी और ज्वेलरी बरामद

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली-एनसीआर में रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। श्वष्ठ ने 10 अप्रैल 2026 को Earth Infrastructures Ltd. और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, श्वष्ठ की दिल्ली जोनल टीम ने दिल्ली और गुरुग्राम के 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की, जो कंपनी के डायरेक्टर्स, प्रमोटर्स और उनसे जुड़े लोगों से जुड़े बताए जा रहे है। छापेमारी के दौरान एजेंसी ने बड़ी मात्रा में कीमती चीजें बरामद की, जिसमें लगभग 6.3 करोड़ रुपये नकद, करीब 7.5 करोड़ रुपये के आभूषण, चांदी के बिस्किट और कई महंगी लग्जरी घड़ियां शामिल हैं। इस पूरे मामले की शुरुआत दिल्ली पुलिस की श्वह्रुड्ड द्वारा दर्ज पांच स्न्नढ्ढक्र से हुई थी, जिनमें कंपनी और उसके डायरेक्टर्स पर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और भरोसे का उल्लंघन जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। इसके अलावा Serious Fraud Investigation Office ने भी कंपनी के प्रमोटर्स के खिलाफ Companies Act की धारा 447 के तहत केस दर्ज किया है।

2024 करोड़ रुपये वसूले

जांच में सामने आया कि Earth Group ने "Earth" ब्रांड के नाम पर दिल्ली-एनसीआर, गुरुग्राम, ग्रेटर नोएडा और लखनऊ में कई बड़े रियल एस्टेट प्रोजेक्ट लॉन्च किए और करीब 19,425 निवेशकों से लगभग 2024 करोड़ रुपये वसूले, लेकिन इसके बावजूद न तो प्रोजेक्ट समय पर पूरे किए गए और न ही लोगों को पजेशन दिया गया। अलग-अलग तरीकों से डायवर्ट की गई रकम ईडी की जांच में यह भी खुलासा हुआ कि निवेशकों से जुटाई गई रकम को प्रोजेक्ट में लगाने के बजाय अलग-अलग तरीकों से डायवर्ट किया गया।

15 से 20 दिनों में स्टॉक होने लगेगा कम, तेल नहीं, तेजाब ने बढ़ाई भारत की टेंशन, चेतावनी

नई दिल्ली/ए.। भारत के इंडस्ट्रियल सेक्टर को जल्द ही सप्लाई में झटका लग सकता है। जियोपॉलिटिकल रुकावटों और ग्लोबल ट्रेड की दिक्कतों की वजह से सल्फ्यूरिक एसिड की अवेलेबिलिटी कम हो गई है। इंडस्ट्री बॉडीज ने चेतावनी दी है कि 15-20 दिनों में स्टॉक कम होना शुरू हो सकता है। इससे फर्टिलाइजर, मेटल, केमिकल और टेक्सटाइल में चिंता बढ़ गई है। आम भाषा में सल्फ्यूरिक एसिड को तेजाब कहते हैं।

इस मुद्दे की जड़ में सल्फर है। यह सल्फ्यूरिक एसिड बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाला जरूरी इनपुट है। इसकी सप्लाई कच्चे तेल (क्रूड) की रिफाइनिंग से सीधे जुड़ी हुई है। ग्लोबल ऑयल फ्लो या रिफाइनिंग एक्टिविटी में कोई भी रुकावट तुरंत सल्फर की अवेलेबिलिटी और इसके साथ ही सल्फ्यूरिक एसिड के प्रोडक्शन पर असर डालती है।

मौजूदा दबाव पश्चिम एशिया में टेंशन की वजह से है। इसने इस इलाके से सल्फर सप्लाई चेन में रुकावट डाली है। समस्या को और बढ़ाते हुए चीन से मई से सल्फ्यूरिक एसिड का एक्सपोर्ट रुकने की आशंका है। इससे ग्लोबल सप्लाई और कम हो जाएगी। चीन इसका बड़ा एक्सपोर्टर है। उसने 2025 में 46 लाख टन एक्सपोर्ट किया था। इसमें भारत का लगभग 9% शिपमेंट था। सल्फ्यूरिक एसिड सिर्फ इंडस्ट्रियल केमिकल नहीं है। इसके बजाय यह कई सेक्टर में जरूरी इनपुट भी है। इसका इस्तेमाल फर्टिलाइजर प्रोडक्शन में बहुत ज्यादा होता है। खासकर डीएपी और एनपीके जैसे फॉस्फेटिक फर्टिलाइजर बनाने में। असल में पूरी फॉस्फेट फर्टिलाइजर चेन फॉस्फेट रॉक को इस्तेमाल करने लायक न्यूट्रिएंट्स में बदलने के लिए सल्फ्यूरिक एसिड पर निर्भर करती है। निर्भरता का लेवल काफी ज्यादा है। उदाहरण के लिए 30 लाख टन सल्फ्यूरिक एसिड से लगभग 2.20 करोड़ हेक्टेयर में फसलों के लिए फर्टिलाइजर बन सकता है।

'बड़े-बड़े गेंदबाज भी डरे हुए हैं', इरफान पठान और हरभजन सिंह ने बताई अंदर की बात

नई दिल्ली/ए.। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 16वां मुकाबला बीते 10 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में खेला गया। यह मैच आरआर ने 6 विकेट से आसानी से जीत लिया। राजस्थान की इस जीत में वैभव सूर्यवंशी चमके। 15 साल के इस खिलाड़ी ने एक बार फिर कमाल कर दिया। वैभव सूर्यवंशी ने 300 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 26 गेंद में 78 रन ठोक दिए। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके और 7 छक्के उड़ाए। वैभव सूर्यवंशी को लेकर अब भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान और हरभजन सिंह ने बड़ा बयान दिया है। आपको बता दें कि वैभव सूर्यवंशी स्टार गेंदबाजों को सीधा टारगेट करते हैं। उन्होंने जसप्रीत बुमराह को टारगेट किया था। इसके बाद उन्होंने भुवनेश्वर कुमार को भी पहली बॉल पर चौका लगाया। वैभव सूर्यवंशी अक्सर बड़े गेंदबाज को टारगेट करते हैं। इसपर भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी की थियोरी है कि वह जानकर बड़े गेंदबाजों को टारगेट करते हैं। इससे पूरा बॉलिंग यूनिट हिल जाता है। उनके साथ हरभजन सिंह भी वहां बैठे थे। उन्होंने भी वैभव को जमकर सराहा। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने इस आईपीएल में शानदार शुरुआत की है। उन्होंने 4 मैचों में 50 की औसत और 266.67 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 200 रन ठोके हैं।

'जीरो सिविक सेंस', अक्षय को देखने के लिए एस्केलेटर की रेलिंग पर चढ़े फैंस

अक्षय कुमार जल्द ही भूत बंगला फिल्म में नजर आने वाले हैं। वे इस समय फिल्म के प्रमोशन करने में व्यस्त हैं। इस बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है, जिसे देखकर लोग चौंक गए, क्योंकि इस वीडियो में अक्षय के फैंस ने उनकी एक झलक पाने के लिए हद पार कर दी। वहीं लोग अब उनकी हरकत देखकर वीडियो पर जीरो सिविक सेंस कमेंट कर रहे हैं।

एस्केलेटर की रेलिंग पर चढ़े लोग: दरअसल, अक्षय कुमार, वामिका गब्बी और राजपाल यादव ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी मॉल में अपनी आने वाली फिल्म भूत बंगला के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उनको देखने के लिए मॉल में फैंस की भीड़ जमा हो गई, और मॉल खचाखच भर गया। इसके कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि भीड़ की वजह से मॉल में पैर रखने की जगह भी नहीं दिख रही है। एक्टर्स को देखने के लिए इतनी तादाद में लोग पहुंचे कि वहां भगदड़ की स्थिति बन सकती थी। इसी से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है, जब जगह नहीं मिलने पर कुछ फैंस तो एस्केलेटर की रेलिंग तक पर चढ़ गए।

फैंस ने किए मजेदार कमेंट : अब वीडियो सामने आते ही लोग इस पर खूब कमेंट कर रहे हैं। कई यूजर- 'जीरो सिविक सेंस' कमेंट कर रहे हैं, तो वहीं कुछ ने लिखा- 'चरम पर बेरोजगारी।' इसके अलावा भी यूजर्स ने काफी मजेदार कमेंट किए।

'भूत बंगला' फिल्म के बारे में : बता दें कि फिल्म 'भूत बंगला' 17 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है। प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की आईकोनिक जोड़ी 14 साल बाद वापस आ रही है, इस वजह से भी फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। मूवी में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, राजपाल यादव, परेश रावल, तबु, मिथिला पालकर अहम किरदार में नजर आएंगे।

न्यूज गैलरी

स्वास्थ्य व राशन व्यवस्था पर प्रशासन सख्त, एसडीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन जिले में आम नागरिकों एवं किसानों की सुविधा हेतु राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार एसडीएम नंदकुमार चौबे ने बोरियाकला का दौरा कर पटवारी कार्यालय का निरीक्षण किया। राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत किसानों द्वारा नाम सुधार हेतु प्रस्तुत आवेदनों का मौके पर ही निराकरण करते हुए संबंधित किसानों को संशोधित खसरा बी-1 की प्रति तत्काल प्रदान की गई। शिविर के दौरान नक्शा बटांकन, बी-1 एवं खसरा से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। इसके साथ ही आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र से जुड़े आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि लोक सेवा केंद्र के माध्यम से की गई, ताकि निर्धारित समय-सीमा में उनका शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। दौरे के दौरान एसडीएम चौबे ने बोरियाकला स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र (यूएचसी) एवं पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया। यूएचसी में उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली तथा परिसर में वाटर कूलर खराब पाए जाने पर उसे तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडीएस दुकान में हितग्राहियों से बातचीत कर राशन कार्ड का निरीक्षण किया और निर्धारित समय-सीमा में नियमित रूप से राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित संचालक को दिए।

केमिकल और औद्योगिक आपदा के लिए सचेत रहने की जरूरत

रायपुर/नवप्रदेश। औद्योगिक एवं केमिकल डिजास्टर के संबंध में शुक्रवार को यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के लिए राज्य स्तरीय औद्योगिक आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार गृह मंत्रालय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण में औद्योगिक या केमिकल आपदा के अवसर की जाने वाली सावधानियां डिजास्टर के समय की व्यापक तैयारियां पहले से करने के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के अधिकारियों ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जानकारी दी गई कि आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ में केमिकल एवं औद्योगिक आपदा के संबंध में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाईज कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें औद्योगिक या केमिकल आपदा के समय कैसे व्यापक प्रबंधन एवं सुरक्षा किया जाये। आपदा के समय आपातकालीन तैयारियां, अग्निशामक तैयारियां, आपदा के समय जन सामान्य में जागरूकता सहित विविध आपदा प्रबंधन के तौर-तरीकों और तैयारियां के संबध में व्यापक मार्गदर्शन दिया गया।

कलेक्टर ने राजस्व पखवाड़ा के कार्यों का किया अवलोकन

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम टेंगना बरपारा के ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुँचकर राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित हल्का पटवारी एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर में प्राप्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का समुचित निराकरण करने के दिए निर्देश। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनके राजस्व संबंधी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत उनके गांव में आयोजित शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने को कहा। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने मौके पर उपस्थित हल्का पटवारी एवं अन्य कर्मचारियों से राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों के संबंध में सुविधा प्रदान करने हेतु प्रचार-प्रसार की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर ने किया चैतमा स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत चैतमा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध ओपीडी सेवाओं, मरीज़ों के पंजीयन, उपचार एवं दवाइयों की उपलब्धता, लैब तथा प्रसव सुविधा की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद वे वार्ड में पहुँचे और वहाँ भर्ती मरीज़ों से उपचार व्यवस्था के विषय में बातचीत की। कलेक्टर ने वार्ड में भर्ती मरीज़ों के रिकॉर्ड और उपचार पर्ची की जाँच कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में अलग-अलग कमरों में संचालित हो रही ओपीडी सेवाओं को सुव्यवस्थित करते हुए प्रवेश द्वार के समीप उपलब्ध कक्ष में संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीज़ों को बेहतर सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने होम्योपैथी उपचार सेवाओं का अधिकाधिक लाभ मरीज़ों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की बेहतर स्वास्थ्य जाँच सुनिश्चित करने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया।

उधार लेकर मुकरना पड़ा भारी, चेक बाउंस के दो मामलों में न्याय का कड़ा वार

कोरबा/नवप्रदेश। न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, कोरबा की न्यायाधीश श्रीमती कुमुदनी गर्ग द्वारा परिवाद प्रकरण क्रमांक 972/2021 एवं 977/2021 में पारित आदेशों के तहत अभियुक्त रामप्रवेश सिंह (प्रो. रचना ट्रेडिंग कंपनी) को परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए दंडित किया गया है। प्रकरण के अनुसार अभियुक्त एवं परिवादी हरिशंकर अग्रवाल आपस में पूर्व परिचित व्यवसायी थे। अभियुक्त द्वारा इस परिचय का लाभ उठाते हुए अलग-अलग समय पर धनराशि उधार ली गई। प्रकरण क्रमांक 972/2021 में अभियुक्त ने अपने माता-पिता के इलाज हेतु वर्ष 2017 में कुल 5,00,000/- उधार लिए थे। उक्त उधार राशि को लौटाने के लिए अभियुक्त द्वारा परिवादी के पक्ष में केनरा बैंक, शाखा कोरबा का चेक क्रमांक 827810 दिनांक 16.12.2020 राशि 5,00,000/- जारी किया गया।जब परिवादी द्वारा उक्त चेक को बैंक में प्रस्तुत किया गया, तो खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण चेक अनादरित (बाउंस) हो गया। परिवादी द्वारा विधिक नोटिस भेजे जाने के बावजूद भी अभियुक्त द्वारा राशि का भुगतान नहीं किया गया, जिससे विवश होकर परिवादी को न्यायालय की शरण लेनी पडी।

अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, 15 हाईवा रेत व 20 हाईवा गिट्टी जब्त

■ निर्माण कार्य की आड़ में महानदी से मशीनों से हो रहा था खनन, ठेकेदार को 5 दिन में रॉयल्टी जमा करने का नोटिस

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में अवैध रेत उत्खनन की लगातार मिल रही शिकायतों के बीच खनिज विभाग ने ग्राम बागोड़ में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में रेत और गिट्टी जब्त की है। विभागीय टीम ने निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही अवैध सामग्री को कब्जे में लेते हुए 15 हाईवा रेत और 20 हाईवा गिट्टी को पंचनामा बनाकर जब्त कर लिया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

मीडिया की सूचना पर हुई कार्रवाई: प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बागोड़ स्थित महानदी में रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य के दौरान अवैध रेत उत्खनन की शिकायत सामने आई थी। मीडिया टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया, जहां नदी से मशीनों के माध्यम से लगातार रेत निकासी कर डंप किया जा रहा था। इसके बाद मामले की जानकारी खनिज विभाग को दी गई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विभागीय टीम मौके पर पहुंची।

निर्माण कार्य की आड़ में चल रहा था अवैध खनन: जांच के दौरान यह पाया गया कि निर्माण कार्य का हवाला देकर बड़े पैमाने पर नदी से रेत निकाली जा रही थी। उत्खनन के लिए मशीनों का उपयोग किया जा रहा था, जिससे नदी के प्राकृतिक स्वरूप और पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। मौके पर भारी मात्रा में रेत और गिट्टी डंप मिली, लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा किसी प्रकार की वैध रॉयल्टी पर्ची प्रस्तुत नहीं की गई।

जेके इंटरप्राइजेशन पर उठे सवाल

बताया गया कि जब्त की गई रेत और गिट्टी का उपयोग जेके इंटरप्राइजेशन द्वारा किया जा रहा था। हालांकि, मौके पर मौजूद सामग्री के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या रॉयल्टी रसीद उपलब्ध नहीं कराई गई। इसी आधार पर खनिज विभाग ने सामग्री को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

5 दिन की मोहलत, नहीं तो होगी सख्त कार्रवाई

मौके पर पहुंचे सहायक खनिज अधिकारी मृदुल गुवा ने बताया कि शिकायत के आधार पर टीम ने कार्रवाई की है। ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि वह पांच दिनों के भीतर रेत और गिट्टी की वैध रॉयल्टी कार्यालय में प्रस्तुत करे।उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा में दस्तावेज जमा नहीं किए गए तो खनिज अधिनियम 2015 एवं छत्तीसगढ़ खनिज नियम 2009 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रव्यापी अभियान: छत्तीसगढ़ के 33 जिलों से चयनित प्रतिभागी रायपुर में लेंगे भाग

'माय भारत बजट क्वेस्ट-2026' के समापन में शामिल होंगे सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'मेरा युवा भारत' अभियान के अंतर्गत 'बजट क्रेस्ट 2026' का भव्य दो दिवसीय फिनाले 12 और 13 अप्रैल को रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय आयोजन का समापन 13 अप्रैल को होगा, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ श्री विष्णु देव साय, उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साव और केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। रायपुर के राजीव गाँधी राष्ट्रिय भूजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान एवं ट्रिपल आईटी नया रायपुर संस्थान में होने वाले इस समापन सत्र में शिक्षाविद और विशेषज्ञ 'शिक्षा, कौशल विकास' तथा 'कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था' जैसे विषयों पर युवाओं के साथ विचार-मंथन करेंगे।

यह महत्वपूर्ण आयोजन देश के श्रेष्ठ युवाओ को एक मंच प्रदान करेगा जो एक कठोर बहु-स्तरीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता के माध्यम से फाइनल राउंड तक पहुँचे है 7 इस आयोजन के अंतर्गत एक दो दिवसीय विचार-मंथन सत्र जिसमें शिक्षाविद, उद्योग जगत के नेता और विषय विशेषज्ञ एकत्रित होकर केंद्रीय बजट 2026 से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिसका समापन 13 अप्रैल 2026 को होगा, जिसमें 17 स्थानों से 15,000 से अधिक युवा, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लेंगे। यह भारत की अमृत पीढ़ी की भावना को दर्शाता है - एक ऐसी पीढ़ी जो केवल राष्ट्र की विरासत को नहीं अपना रही, बल्कि सक्रिय रूप से उसके भविष्य को आकार दे रही है। रायपुर में, चयनित प्रतिभागी आगे मानव पूंजीः शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार में निवेश तथा विकसित कृषिः कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान कल्याण को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे, जिससे युवा-नेतृत्व वाले नीति संवाद की इस भावना को आगे बढ़ाया जाएगा।

राज्य निदेशक श्री अर्पित तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ से लगभग 30,000 युवाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें से चयनित 471 प्रतिभागी रायपुर में होने वाले इस मुख्य कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। 12 अप्रैल को प्रतिभागियों के पंजीकरण के साथ ही एक विशेष 'महिला युवा संसद' का आयोजन किया जाएगा, जिसका विषय ÷नारी शक्तिः विकसित भारत की आवाज़÷ रखा गया है। इसमें महिला प्रतिभागी महिला आरक्षण विधेयक पर संसदीय शैली में चर्चा करेंगी। नारी शक्ति की एक ऐतिहासिक अभिव्यक्ति के रूप में, महिला युवा संसद ÷नारी शक्तिः विकसित भारत की आवाज़÷ विषय के अंतर्गत आयोजित की जाएगी। महिला प्रतिभागी महिला आरक्षण विधेयक पर एक संरचित संसदीय शैली की चर्चा में भाग लेंगी। यह सत्र एक महिला वक्ता द्वारा संचालित होगा और सामूहिक प्रस्ताव को अपनाने के साथ समाप्त होगा, जो नारी शक्ति की आवाज़ को मजबूती से दरशाएगा।

2 फरवरी 2026 को केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा लॉन्च किए गए इस अभियान में देशभर के 12 लाख से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। यह आयोजन सहभागी शासन का एक जीवंत उदाहरण है, जहाँ 'अमृत पीढ़ी' सीधे नेतृत्व के सामने अपने नीतिगत सुझाव प्रस्तुत करेगी। MY Bharat Budget Quest 2026 का उद्देश्य Union Budget 2026 को लेकर जन सामान्य की समझ को बढ़ाना है, ताकि बजट से जुड़ी प्रावधानों को अधिक सुलभ, प्रासंगिक और नागरिक-केंद्रित बनाया जा सके। यह पहल विशेष रूप से युवाओं पर केंद्रित है और बजट को आम नागरिकों के दैनिक जीवन से जोड़ने का प्रयास करती है।

5 साल की बच्ची बोरे में बंद मिली, थाने का घेराव

■ दुर्ग-भिलाई में मासूम से दरिंदगी

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के उतई थाना क्षेत्र से एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ बंजारीपारा में एक 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ अपहरण और दुष्कर्म के मामले ने पूरे इलाके में तनाव पैदा कर दिया है। घटना के बाद से स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है, जिसके चलते रात भर थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

दुकान गई थी बच्ची, खंडहर में मिली अचेत: जानकारी के अनुसार, घटना 10 तारीख की है। स्कूल से लौटने के बाद मासूम बच्ची अपनी दादी से 5 रुपये लेकर पास की दुकान पर सामान लेने निकली थी। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। घंटों की खोजबीन के बाद, एक सुनसान खंडहर के पास झाड़ियों में एक बोरा दिखाई दिया। परिजनों ने देखा कि बोरे से बच्ची के पैर बाहर निकले हुए थे। जब बोरा खोला गया, तो बच्ची अचेत अवस्था में थी और उसके मुंह में तकिए का कवर ठूंसा गया था ताकि वह चिल्ला न सके। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहाँ उपचार के बाद फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है।

आरोपी गिरफ्तार, घर से मिले अहम सुराग: पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और संदेह के आधार पर 40 वर्षीय धनेश्वर साहू को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी के घर की तलाशी के दौरान घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद हुए हैं। आरोपी से कड़ी पूछताछ की जा रही है ताकि घटना की कड़ियों को पूरी तरह जोड़ा जा सके।

जनता का फूटा गुस्सा: 'फांसी से कम कुछ भी मंजूर नहीं': घटना की खबर फैलते ही बंजारीपारा के सैकड़ों लोग, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा शामिल थे, उतई थाने पहुँच गए। देर रात तक थाने का घेराव किया गया और नारेबाजी होती रही। लोगों ने एक स्वर में मांग की है कि आरोपी पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर उसे फांसी की सजा दी जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर डर पैदा कर दिया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफसंबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

छत्तीसगढ़ में बढ़ेगी गर्मी, कई इलाकों में पारा 42 डिग्री के पार जाने के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में फिलहाल शुष्क मौसम बना रहेगा, लेकिन आने वाले कुछ दिनों में तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा सकती है। विशेष रूप से मैदानी क्षेत्रों में गर्मी का असर ज्यादा देखने को मिलेगा और दिन के समय तेज धूप लोगों को परेशान कर सकती है। छत्तीसगढ़ में मौसम अब तेजी से गर्म होने की ओर बढ़ रहा है।

मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक प्रदेश में फिलहाल शुष्क मौसम बना रहेगा, लेकिन आने वाले कुछ दिनों में तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा सकती है। विशेष रूप से मैदानी क्षेत्रों में गर्मी का असर ज्यादा देखने को मिलेगा और दिन के समय तेज धूप लोगों को परेशान कर सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग में गर्मी अपने चरम के करीब पहुंच सकती है। इन इलाकों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना जताई गई है, जिससे लोगों को लू जैसे हालात का सामना करना पड़ सकता है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण जनजीवन पर भी असर पड़ने के संकेत मिल रहे हैं।

राजनांदगांव में अधिक और अंबिकापुर में सबसे कम तापमान: बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में बहुत हल्की बारिश दर्ज की गई, लेकिन इसका मौसम पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। दिन के समय सबसे अधिक तापमान राजनांदगांव में 39.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो कि अपेक्षाकृत ठंडा रहा।

संगठन के कार्यों से ही लीडर बनते हैंः देवांगन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे 'गांव चलो अभियान' के तहत युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुंदरकेरा पहुंचे। यहां किशोर ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन सरकार है। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी तो वहीं छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस डबल इंजन सरकार का बड़ी कुशलता से नेतृत्व करते हुए देश और छत्तीसगढ़ को सशक्त और विकसित बनाते हुए देश व प्रदेशवासियों का कल्याण कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के समय प्रधानमंत्री मोदी ने जितने वादे किए थे, जिन्हें मोदी की गारंटी कहा गया था, उन सभी वादों को प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद पूरा किया जा चुका है और जिसका लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है।

देवांगन ने कहा कि मातृशक्तियों को प्रतिमाह 1 हजार रुपए महतारी वंदन, किसान भाईयों को 6 हजार रुपए प्रतिवर्ष पीएम किसान सम्मान निधि, पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास, मुफ्त राशन, आयुष्मान योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे प्रदेशवासियों का जीवन स्तर सुधर रहा है। देवांगन ने कहा कि सरकार के इस पवित्र अभियान की सफलता आप लोगों की सहभागिता पर निर्भर करती है। जब तक देश और छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार है, तब तक प्रदेशवासियों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि डबल इंजन सरकार का ध्येय ही जनता जनार्दन की सेवा करना है। देवांगन ने कहा कि संगठन के कार्यों से ही लीडर बनते है। हम सभी लोगो को अपने गांव, प्रदेश व भारत देश को विकसित गांव व राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना चाहिए एवं राष्ट्र प्रथम की भावना से सर्वश्रेष्ठ कार्य करना चाहिए।

प्रशिक्षणः नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के लिए नारायणपुर पुलिस ने शुरू किया विशेष दक्षता कार्यक्रम

नक्सल मोर्चे पर सख्ती, अब तकनीक से भी लैस होंगे डीआरजी जवान

नारायणपुर /नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक नारायणपुर रोबिनसन गुड़िया के निर्देशन में डीआरजी बल एवं जिला नारायणपुर में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों एवं संबंधित विषयों की जानकारी प्रदान करने हेतु दिनांक 06.04.2026 से ओपन एरिना डीआरजी कैंपस में विशेष दक्षता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल को भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 सहित अपराध विवेचना, ई-साक्ष्य, यातायात एवं टाइपिंग/कार्यालयीन कार्यों की बुनियादी जानकारी से अवगत कराते हुए उन्हें विधिक रूप से दक्ष बनाना रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजय महादेवा के मार्गदर्शन में संपूर्ण प्रशिक्षण निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संचालित किया गया। इस दौरान विभिन्न अनुभवी अधिकारियों द्वारा केस डायरी लेखन, विवेचना की प्रक्रिया, महिला एवं बाल अपराधों की जांच, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधान तथा यातायात संबंधी नियमों पर विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

जिला नारायणपुर पुलिस द्वारा जवानों को आम नागरिकों के हित में कम्युनिटी पुलिसिंग के प्रति दक्ष बनाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इसके तहत उन्हें जनता से बेहतर संवाद, विश्वास निर्माण एवं समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे पुलिस-जनता के बीच समन्वय मजबूत हो और क्षेत्र में सुरक्षा व सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिले। पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया ने जवानों से अपील किया कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने दैनिक कार्यों में प्रभावी तरीके से करें, जिससे आम नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय मिल सके तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com